e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 126
गुरुवार
09.05.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
आसमान में भी छेद हो सकता है, बस एक पत्थर तबीयत से उछालने की देर है।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### भ्रष्टाचार के मामले में सीबीआई ने दो डॉक्टर सहित नौ लोगों को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली :** केन्द्रीय जांच ब्यूरो ने राममनोहर लोहिया अस्पताल में भ्रष्टाचार के बड़े मामले में कार्रवाई करते हुए दो डॉक्टर सहित नौ लोगों को गिरफ्तार किया है।आरोप है कि यह लोग मरीजों और कंपनी प्रतिनिधियों से रिश्वत लेते थे। पूरे मॉड्यूल में भ्रष्टाचार के माध्यम से स्टेंट और अन्य चिकित्सा आवश्यकताओं की आपूर्ति, एक विशेष ब्रांड की आपूर्ति, प्रयोगशालाओं में चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति, रिश्वत के बदले मरीजों का दाखिला और फर्जी चिकित्सा प्रमाण पत्र जारी किया जाते थे। कार्डियोलॉजी विभाग के प्रोफेसर अजय राज और सहायक प्रोफेसर पर्वतगौड़ा चन्नप्पागौड़ा को सीबीआई ने रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। इसके अलावा नागपाल टेक्नोलॉजीज के नरेश नागपाल, भारती मेडिकल टेक्नोलॉजीज के भरत सिंह दलाल और कैथ लैब के लिए काम कर रहे अबरार अहमद को गिरफ्तार किया है।

### अवैध गुटखा फैक्ट्री का भंडाफोड़, दो लोग गिरफ्तार

**हमीरपुर:** मुस्करा थाना क्षेत्र के बिहूनी सरूआ के डेरा में अवैध गुटखा फैक्ट्री में पुलिस ने छापेमारी कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में तंबाकू मिश्रित गुटखा बरामद किया गया है।एसपी डॉ. दीक्षा शर्मा ने बुधवार को बताया कि पुलिस टीम द्वारा ग्राम बिहूनी सरुआ डेरा से खंडहर मकान से अवैध गुटखा फैक्ट्री संचालित करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर मौके से अवैध गुटखा बनाने वाले उपकरणों व भारी मात्रा में मिश्रित गुटखा बरामद किया गया है। छापेमारी में एक अदद देशी गुटखा बनाने की मशीन मय उपकरण चालू हालत में, एक अदद इलेक्ट्रानिक कांटा, 3 बोरी में तम्बाकू मिश्रित 630 पाउच गुटकी आदि बरामद किए गये हैं।

### उत्तर प्रदेश में सपा और कांग्रेस का सूपड़ा साफ होगा : अमित शाह

**कन्नौज :** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के कन्नौज में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस, सपा एवं बसपा की पिछड़ा वर्ग विरोधी मानसिकता की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में जातिवाद के आधार पर हमेशा जनता को ठगने वाली सपा और कांग्रेस की जोड़ी का जनता सूपड़ा साफ करने वाली है।उन्होंने कहा कि बीते 10 वर्षों में मोदी जी ने गरीबों व वंचितों को घर,बिजली,सिलिंडर जैसी सभी सुविधाएं देकर मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया है। इसी का परिणाम है कि समाज का हर वर्ग मोदी को 400 पार के साथ तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मन बना चुका है।

### चारधाम यात्रा के लिए काउंटर रजिस्ट्रेशन शुरू

**हरिद्वार :** चार धाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है. इसको लेकर प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं. यात्रा 10 मई से शुरू होने जा रही है. इसके लिए काउंटर रजिस्ट्रेशन बुधवार से शुरू हो गए हैं. ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन खुलने के पहले दिन ही उत्तराखंड के प्रवेश द्वार हरिद्वार में तीर्थ यात्रियों का जन सैलाब उमड़ पड़ा.10 तारीख से शुरू होने जा रही चार धाम यात्रा के लिए बुधवार से काउंटर रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है. हरिद्वार के पर्यटन कार्यालय परिसर में की गई व्यवस्थाएं पहले दिन नाकाफी नजर आई. रजिस्ट्रेशन के पहले दिन यहां यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी. रजिस्ट्रेशन की रफ्तार धीमी होने से यात्रियों में काफी नाराजगी देखी गई. भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मौके पर पुलिस की तैनाती भी की गई.

### संविधान बदलने की अफवाह फैलाकर नरेन्द्र मोदी की छवि धूमिल करना चाहता है इंडिया गठबंधन : रामदास अठावले

**नई दिल्ली :** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास अठावले ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारतीय संविधान को सर्वोच्च सम्मान देते हुए बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के आदर्शों को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। इसके बावजूद कांग्रेस नेता राहुल गांधी केन्द्र सरकार पर देश में आरक्षण हटाए जाने के भ्रामक दुष्प्रचार में लगे हुए हैं, जिसके खिलाफ पार्टी ने चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई है और कार्रवाई की मांग की।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | $36^0$ |
| न्युनतम | $20^0$ |

सैम पित्रोदा की त्वचा के रंग वाली टिप्पणी को लेकर पीएम ने विपक्षी दल पर बोला हमला

# देशवासी त्वचा के रंग को लेकर अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे : पीएम

**मोदी ने यह भी कहा कि उन्हें अब पता चला कि मुर्मू की इतनी अच्छी प्रतिष्ठता होने के बावजूद कांग्रेस राष्ट्रपति चुनाव में उन्हें क्यों हराना चाहती थी. उन्होंने कहा, शहज़ादे के दार्शनिक और मार्गदर्शक अंकल ने बड़ा राज़ जाहिर किया है. उन्होंने बताया कि जिनकी त्वचा का रंग काला है, वे सभी अफ्रीका के रहने वाले हैं.**



### सैम पित्रोदा ने इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा



नस्लीय टिप्पणी कर के विवादों में घिरने वाले सैम पित्रोदा ने इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है. उनके इस्तीफे को कांग्रेस ने तुरंत मंजूर भी कर लिया. इसके बारे में कांग्रेस के कद्दावर नेता जयराम रमेश ने जानकारी दी की सैम पित्रोदा ने अपनी मर्जी से इस पद से इस्तीफा दिया है. उन्होंने पोस्ट करते हुए लिखा,सैम पित्रोदा ने अपनी मर्जी से इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने का फैसला किया है. कांग्रेस अध्यक्ष ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है. सैम पित्रोदा के इस्तीफे की वजह जयराम रमेश ने नहीं बताई है. हालांकि माना जा रहा है कि उनका ये इस्तीफा नस्लीय टिप्पणी के बाद आया है.

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा की त्वचा के रंग वाली कथित टिप्पणी को लेकर विपक्षी दल पर हमला बोला और कहा कि देशवासी त्वचा के रंग को लेकर अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे. कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि उन्हें अब समझ में आया कि कांग्रेस राष्ट्रपति चुनाव में द्रौपदी मुर्मू को इसलिए हराना चाहती थी क्योंकि उनकी त्वचा का रंग काला है.पित्रोदा की कथित टिप्पणी पर मचे विवाद के बीच मोदी ने पूछा,क्या मेरे देश में त्वचा के रंग के आधार पर लोगों की क्षमता तय होगी ? उन्होंने पूछा, शहजादे को त्वचा के रंग के इस खेल की अनुमति किसने दी? पित्रोदा ने कथित तौर पर कहा है कि पूर्वी भारत के लोग चीनियों जैसे दिखते हैं, जबकि दक्षिण भारत के लोग अफ्रीकियों जैसे दिखते हैं. इससे विवाद खड़ा हो गया है.मोदी ने कहा कि देशवासी त्वचा के रंग के आधार पर अपना अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को जवाब देना चाहिए. मोदी ने यह भी कहा कि उन्हें अब पता चला कि मुर्मू की इतनी अच्छी प्रतिष्ठता होने के बावजूद कांग्रेस राष्ट्रपति चुनाव में उन्हें क्यों हराना चाहती थी. उन्होंने कहा, शहज़ादे के दार्शनिक और मार्गदर्शक अंकल ने बड़ा राज़ जाहिर किया है. उन्होंने बताया कि जिनकी त्वचा का रंग काला है, वे सभी अफ्रीका के रहने वाले हैं.प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि इसका मतलब है कि पित्रोदा ने त्वचा के रंग के आधार पर देश के कई लोगों को गाली दी. मोदी ने कहा कि त्वचा का रंग चाहे जो भी हो, देशवासी भगवान श्रीकृष्ण की पूजा करते हैं जिनकी त्वचा का रंग हम सभी की तरह था.

### एस्ट्राजेनेका ने दुनिया भर से कोरोना वैक्सीन वापस मंगाई




**लंदन :** दुनिया भर में कोरोनावायरस महामारी के दौरान लोगों को टीके मुहैया कराने वाली कंपनी एस्ट्राजेनेका ने अपना कोरोना का टीका वापस मंगा लिया है। कंपनी ने कहा है कि वह दुनियाभर से अपनी वैक्सजेवरिया वैक्सीन को वापस मंगा रही है। गौरतलब है कि एस्ट्राजेनेका के लाइसेंस वाली कोविशील्ड वैक्सीन ही भारत में भी कोरोना से बचाव के लिए दी गई थी। भारत में लगाई गई कोविशील्ड वैक्सीन भी उसी फार्मूले पर बनी है, जिस पर वैक्सजेवरिया वैक्सीन बनी है। भारत में कोविशील्ड का निर्माण सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने किया था, लेकिन अभी तक भारत में कोरोना वैक्सीन वापस लेने का कोई फैसला नहीं हुआ है। एस्ट्राजेनेका ने दावा किया है कि वैक्सीन का अपडेट संस्करण उपलब्ध है, ऐसे में वैक्सीन के पुराने स्टॉक को वापस मंगाया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी ने 5 मार्च को ही वैक्सीन वैक्सजेरवरिया को वापस मंगाने का फैसला कर लिया था, लेकिन यह आदेश 7 मई से प्रभावी हुआ। ब्रिटिश-स्वीडिश फार्मास्यूटिकल कंपनी एस्ट्राजेनेका का यह कदम ऐसे वक्त सामने आया है, जब कंपनी ने बीते दिनों ही स्वीकार किया है कि कुछ मामलों में कोविड वैक्सीन के साइड इफेक्ट सामने आए हैं और इसकी वजह से कुछ लोगों में थ्रंबोसिस थ्रंबोसाइटोपीनिया सिंड्रोम बीमारी के लक्षण देखे गए हैं, जिसमें लोगों में खून के थक्के जमने लग जाते हैं।

# प्रोजेक्ट भवन में पहली बार हुआ ईडी की एंट्री

### ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल के ऑफिस की हुई तलाशी, मिला कैश




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** 6 मई को ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम के सरकारी ओएसडी संजीव लाल के ठिकानों पर छापेमारी के दौरान करोड़ों रुपये जब्त करने के बाद ईडी की टीम ने बुधवार को भी बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रोजेक्ट भवन पहुंची. जहां मंत्री आलमगीर आलम के आप्त सचिव संजीव कुमार लाल के प्रोजेक्ट भवन स्थित सरकारी चैम्बर की तलाशी ली. इस क्रम में कुछ लोगों से पूछताछ की गई. ईडी की टीम ने मंत्री के आप्त सचिव संजीव लाल के दफ्तर के कागजात को खंगाला. इस दौरान कार्यालय के अन्य कर्मियों को बाहर निकलने की अनुमति नहीं थी. बंद कमरे में पूछताछ हुई. ईडी के डिप्टी डायरेक्टर कपिल राज भी प्रोजेक्ट भवन पहुंचे और कुछ देर बाद वहां से निकल गए. सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक संजीव लाल के प्रोजेक्ट भवन स्थित दफ्तर के ड्रावर से करीब 2 लाख कैश मिला है. बहुत सारे कागजात भी ईडी की टीम ने जब्त की हैं.बता दें कि ग्रामीण विकास विभाग का एक दफ्तर प्रोजेक्ट भवन में हैं, जहां मंत्री बैठते हैं. जबकि दूसरा दफ्तर एपीपी बिल्डिंग में है. इस दफ्तर में विभागीय सचिव और अन्य अधिकारी, कर्मचारी काम करते हैं. ईडी की इस कार्रवाई से प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गयी है. ऐसा पहली बार हुआ है जब ईडी की टीम सरकार के मंत्रालय में घुसी है. गौरतलब है कि 6 मई को छापेमारी के दौरान मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल के घर से करीब 10 लाख रु. और उनके नौकर के घर से 32.20 करोड़ रु. बरामद हुए थे. उसी दिन नेक्सस से जुड़े एक शख्स के ठिकाने से 2.93 करोड़ रु. भी मिले थे.

**सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक संजीव लाल के प्रोजेक्ट भवन स्थित दफ्तर के ड्रावर से करीब 2 लाख कैश मिला है. बहुत सारे कागजात भी ईडी की टीम ने जब्त की हैं.बता दें कि ग्रामीण विकास विभाग का एक दफ्तर प्रोजेक्ट भवन में हैं, जहां मंत्री बैठते हैं.**

## एमआरपी से अधिक शराब बिक्री करने पर 21 लोगों को जेल, 24 नौकरी से बर्खास्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू के उत्पाद अधीक्षक सुधीर कुमार ने बुधवार को अपने कार्यालय में उपलब्धियां गिनाते हुए बताया कि विभाग जेएसबीसीएल द्वारा सभी अंचलों में संचालित खुदरा उत्पाद दुकानों में नियमानुसार शराब बिक्री कराने के लिए तत्पर है एवं स्थिति को भी नियंत्रण में रखे हुए हैं।किसी भी दुकान में एमआरपी से अधिक मूल्य पर मदिरा बिक्री की जाती है तो तत्काल कार्रवाई करने के लिए तीन उत्पाद पदाधिकारी की नियुक्ति की गई है। अब तक की गई कार्रवाई में 21 लोगों को जेल भेजा गया है, जबकि 24 को नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया है।उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लगने के बाद अब शराब निर्माता एवं चोरी छिपे व्यापार करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई तेज की गई है। अब तक 122 अभियोग दर्ज किए गए हैं तथा 3206 लीटर अवैध चुलाई शराब, 88650 किलोग्राम जावा महुआ, 7827.95 लीटर अवैध निर्मित विदेशी शराब, 250 लीटर स्प्रिट, चार अवैध शराब बनाने वाली फैक्ट्री, शराब बनाने के समान जैसे विभिन्न ब्रांडों के लेबल, रैपर, होलोग्राम, ढक्कन, पैकिंग, शराब पैक करने की खाली बोतल, विदेशी शराब में प्रयुक्त होने वाले कैरामेल जब्त किए गए हैं।

उत्तराखंड के जंगलों में लगी आग पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, कहा

## बारिश या क्लाउड सीडिंग के भरोसे नहीं बैठ सकते

एजेंसी



**नई दिल्ली :** उत्तराखंड के जंगलों में आग को रोकने के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम बारिश या क्लाउड सीडिंग के भरोसे हाथ पर हाथ धरे बैठे नहीं रह सकते. सरकार को कारगर रूप से कुछ करना होगा. जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने आग लगने की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताते हुए इन पर शीघ्र लगाम लगाने के लिए सरकार को आदेश देने की गुहार लगाई.वकील ने कहा कि दो साल पहले भी एनजीटी में याचिका लगाई थी. अब तक सरकार ने उस पर कोई कार्रवाई नहीं की. इसलिए मुझे यहां आना पड़ा. सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड सरकार से कहा कि आपने देखा होगा कि मीडिया में जंगलों में आग की कैसी भयावह तस्वीरें आ रही हैं. राज्य सरकार क्या कर रही है? उत्तराखंड के जंगलों में आग को लेकर जस्टिस संदीप मेहता ने कहा कि हम बारिश और क्लाउड सीडिंग के भरोसे बैठे नहीं रह सकते. सरकार को आगे बढ़कर शीघ्र ही कारगर उपाय करने होंगे.उत्तराखंड सरकार ने कहा कि अभी दो महीने आग का सीजन रहता है. हर चार साल में जंगल की आग का भीषण दौर आता है. इसके बाद अगले साल कम फिर और कम घटनाएं होती जाती हैं. चौथे साल ये फिर काफी ज्यादा होती हैं. कोर्ट ने कहा कि इस मामले में हमें देखना होगा कि केंद्रीय उच्चाधिकार समिति को कैसे शामिल किया जा सकता है. अब कोर्ट 15 मई को अगली सुनवाई करेगा.

## अडानी-अंबानी ने कांग्रेस को पैसा भेजा है तो ईडी-सीबीआई से जांच कराएं : राहुल गांधी

एजेंसी



**नई दिल्ली :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को अंबानी-अडानी के साथ डील वाले तंज को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पलटवार किया है। राहुल ने प्रधानमंत्री मोदी को चुनौती दी कि अगर अडानी-अंबानी ने कांग्रेस को पैसा भेजा है तो वह ईडी और सीबीआई से जांच कराएं। राहुल गांधी ने एक वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि आपने कहा कि पैसे टेम्पो में भेजे गए थे। मोदी जी, क्या यह आपका व्यक्तिगत अनुभव है। उन्होंने कहा कि भाजपा के भ्रष्टाचार के टेम्पो का 'ड्राइवर' और 'खलासी' कौन है, यह देश जानता है। कांग्रेस नेता ने कहा, ÷नमस्कार मोदी जी, थोड़ा सा घबरा गये क्या? आमतौर पर आप बंद दरवाजे के पीछे अंबानी, अडानी के बारे में बात करते हैं। पहली बार आपने सार्वजनिक रूप से अंबानी, अडानी का नाम लिया है। उन्होंने कहा कि आपको ये भी मालूम है कि ये लोग टेम्पो में पैसा देते हैं। क्या यह आपका निजी अनुभव है? एक काम कीजिए सीबीआई-ईडी को इनके पास भेजिए, पूरी जानकारी निकालिए और जल्द से जल्द इसकी जांच कराइये। घबराइये मत मोदी जी। राहुल ने कहा कि जितना पैसा नरेन्द्र मोदी जी ने इनको दिया है न उतना ही पैसा हम हिन्दुस्तान के गरीब लोगों को देने जा रहे हैं। महालक्ष्मी योजना और पहली नौकरी पक्की योजना इन योजनाओं के माध्यम से करोड़ों लाखपति बनाएंगे। कांग्रेस नेता ने कहा कि इन्होंने 22 अरबपति बनाए हैं और हम करोड़ों लाखपति बनाएंगे।उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को तेलंगाना के करीमनगर में एक चुनावी जनसभा में कांग्रेस के दोहरे चरित्र पर तीखा हमला बोलते हुए सवाल किया कि महज पांच साल पहले वे अंबानी और अडानी के प्रति आसक्त थे।

हालांकि, रातों-रात उनका नजरिया बदल गया है और अब वे उनके बारे में चुप रहते हैं। उन्होंने सवाल किया, इस अचानक बदलाव के पीछे क्या कारण हो सकता है? यह पाखंड कहां तक जाएगा? उन्हें अडानी, अंबानी से कितना काला धन मिला है?

# देश-दुनिया में ट्रेंड किया सोशल मीडिया का अभियान : मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार के निर्देश पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार शाम 6 बजे से लेकर 8 बजे तक सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म पर मैं भी इलेक्शन एंबेसडर अभियान चलाया गया। अभियान अपनी शुरुआत के 15 मिनट बाद ही देश भर में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर एक्स पर टॉप-5 में ट्रेंड करने लगा जो की 2 घंटा पूरे होते ही देश में एक नंबर पर ट्रेंडिंग कर गया। देर रात यह अभियान ट्विटर पर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी समाचार कोटि में ट्रेंड करता रहा। अभियान के दौरान ट्विटर में 60 हजार से अधिक जागरूकता परक पोस्ट किए गए। वहीं फेसबुक तथा इंस्टाग्राम में पोस्टों की ये संख्या इससे कहीं बहुत अधिक रही। जबकि यूट्यूब पर इस हैश टैग के साथ दो घंटे में लगभग डेढ़ हजार लोगों ने वीडियो अपलोड किये।इस




अभियान में निर्वाचन कार्य से जुड़े सरकारी पदाधिकारियों और कर्मचारियों के अलावा राज्य के लाखों आम मतदाताओं की सहभागिता रही।देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा जारी किये गए उक्त हैशटैग पहल को बड़ा अभियान का रूप देने के उद्देश्य से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने उक्त सोशल मीडिया विशेष मुहिम की रूपरेखा पिछले हफ्ते बनाई थी।अभियान की योजना के क्रम में ही मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों, पुलिस अधीक्षकों, उप निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक करने के बाद राज्य के सभी स्कूलों के प्राचार्यों तक अपना संदेश पहुंचाया कि वे अपने बच्चों को इस हेतु प्रेरित करें।

### आईसीएमआर ने जारी की खान-पान को लेकर सलाह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पोषक तत्वों की कमी और मोटापा, मधुमेह, हृदयघात जैसी गैर-संचारी रोगों को रोकने के लिए भारतीय आयुविर्ज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने बुधवार को स्वस्थ आहार के सेवन के लिए दिशा-निर्देश जारी किया है। बुधवार को एक कार्यक्रम में आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ राजीव बहल ने पोषण अनुसंधान संस्थान केसहयोग से तैयार आहार संबंधी दिशा-निर्देश (डीजीआई) जारी किए हैं।

असर्फी हॉस्पीटल,धनबाद
हर साल सिर्फ एक बार जाँच। रोग नहीं, रोकथाम जरूरी।।
Basic Health Check-up ₹999 Onwards 33 Tests
Master Health Check-up ₹2999 Onwards 57 Tests
Cardiac Care Package ₹4999 Onwards 61 Tests
Full Body Health Check-up ₹9999 Onwards 84 Tests
78083 68888 | www.asarfihospital.com

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



युवाओं की धड़कन युवाओं की धड़कन महिंद्रा 3एक्सओ मात्र 7.49 से प्रारंभ : कमलेश चंद्र

# पूरे देश में लॉन्चिंग के साथ महिंद्रा 3एक्सओ का रिकॉर्ड बुकिंग : आकर्ष आनंद

## महिंद्रा एक्सयूवी 3एक्सओ का भव्य लॉन्चिंग पूरे देश के साथ मेदिनीनगर में भी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** महिंद्रा ऐंड महिंद्रा लिमिटेड के अधिकृत डीलर आनंद मोटर्स में कल शाम एसबीआई के चीफ मैनेजर लोकेश चंद्र, प्रथम महापौर अरुणा शंकर एवं आनंद मोटर्स के निर्देशक आकर्ष आनंद द्वारा दीप प्रज्वलित करते हुए सामूहिक अनावरण किया गया। इस एक्सयूवी मैं मैं बेहतरीन इंटीरियर और कई नए फीचर्स के साथ बदलाव देखने को मिल रहे हैं। पैनोरमिक सनरूफ, लेवल 2 ADAS, 360 डिग्री कैमरा, बड़ा इन्फोटेनमेंट सिस्टम, वायरलेस चार्जर और काफी सारे सेफ्टी फीचर्स के साथ ही बेहतरीन लुक-डिजाइन और आकर्षक कलर ऑप्शन के साथ आई एक्सयूवी 3




एक्सओ की शुरुआती एक्स शोरूम प्राइस महज 7.49 लाख रुपये है। महिंद्रा एक्सयूवी 3एक्सओ को 8 आकर्षक कलर ऑप्शंस के साथ पेश किया गया है। एक्सयू 3एक्सओ लुक और डिजाइन के मामले में काफी जबरदस्त है। जिसमें ग्रिल और एलईडी हेडलैंप्स, एलईडी डीआरएल और एलईडी फॉगलैंप्स पर पियानो ब्लैक फिनिश दी गई है। इसके रियर में इनफिनिटी एलईडी टेललैंप दिए गए हैं, जो कि कनेक्टिंग लाइटिंग बार के साथ काफी आकर्षक दिखती इसमें 17 इंच की अलॉय व्हील दी गई है। महिंद्रा एक्सयूवी 3एक्सओ को फीचर्स के मामले में सेगमेंट की बाकी गाड़ियों के मुकाबले काफी अडवांस रखा गया है। इस कॉम्पैक्ट एसयूवी में मल्टी फंक्शनल स्टीयरिंग व्हील, इन्फोटेनमेंट और इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर के लिए 10.25 इंच की दो-दो स्क्रीन, हरमन कार्डन का प्रीमियम ऑडियो सिस्टम, एम्प्लीफायर और सब-वूफर, ब्लाइंड व्यू मॉनिटर से लैस 360 डिग्री सराउंड व्यू सिस्टम, वायरलेस चार्जर, रियर सीट के लिए आर्मरेस्ट और अडजस्टेबल हेडरेस्ट समेत काफी सारी खूबियां हैं। इसमें ज्यादा मजबूती वाली स्टील बॉडी के साथ ही 35 स्टैंडर्ड सेफ्टी फीचर्स देखने को मिलते हैं। इसमें 360 डिग्री कैमरा के साथ ही इलेक्ट्रोनिक स्टैबिलिटी कंट्रोल, हिल होल्ड कंट्रोल, हिल डिसेंट कंट्रोल, 6 एयरबैग्स, 4 डिस्क ब्रेक्स, 3 पॉइंट सीट बेल्ट्स, सभी सीटों के लिए सीट बेल्ट रिमाइंडर, ISO-FIX चाइल्ड सीट्स समेत और भी खूबियां इसके ड्राइवर और पैसेंजर को सुरक्षित रखने में सक्षम हो सकते हैं। महिंद्रा एक्सयूवी 3एक्सओ को 3 इंजन ऑप्शन के साथ पेश किया गया है। मैनुअल ट्रांसमिशन में 20.6 kmpl तक और ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के साथ 21.2 kmpl की माइलेज मिल सकती है। इस मौके पर महिंद्रा फाइनेंस के भास्कर झा, राजेश पांडे, चोलामंडलम फाइनेंस के हेमंत कुमार, एच डी बी के नवीन कुमार चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के कृष्णा अग्रवाल, रिंकू दुबे, आलोक माथुर, अरविंद भसीन, सुमित अग्रवाल, सुनील गुप्ता सहित काफी संख्या में ग्राहक उपस्थित थे। आनंद मोटर्स के प्रमोद श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। धन्यवाद ज्ञापन मनप्रीत सिंह ने किया। आनंद मोटर्स के रवि सिंह, निखिल कुमार, आलोक राज, गणेश प्रसाद, राजमणि विश्वकर्मा। माणिक वर्मा कृति सिन्हा एवं श्वेता सिंह उपस्थित थे।

## बिना प्रभार का चल रहा गाड़ीखास मध्य विद्यालय



**पड़वा (पलामू)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के गाड़ीखास मध्य विद्यालय विगत दो महीने से बिना प्रभार के चल रहा है. कारण विद्यालय में कार्यरत दो सहायक अध्यापक श्रीकांत कुमार और प्रभन राम को फरवरी माह से मानदेय नहीं मिला है. चुकी कोई प्रभार में नही है इसलिए उपस्थिति कौन बनाएगा। मालूम हो प्रभारी शिक्षक संजय मेहता का मेदिनीनगर के मध्य विद्यालय कुम्हार टोली में डेपुटेशन हो गया है। जिसके बाद सबसे सीनियर शिक्षिका सरोज कुंवर को प्रभार के लिए जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय से आदेश निकाला लेकिन सरोज कुंवर प्रभार लेने से मना कर दी। जिसके बाद बीईईओ ने शिक्षिका सुनीता को प्रभार दिया। एक माह तक वे प्रभार में रही जिसके बाद विभाग को पत्र देकर की विद्यालय में सीनियर शिक्षिका के रहते वे प्रभार में नही रह सकते प्रभार मुक्त हो गई. इसके बाद से विगत दो माह से कोई प्रभार में नही है. जानकारी के अनुसार सरकारी शिक्षक का वेतन प्रत्येक माह तो मिल जा रहा है लेकिन दो प्रस्थापित सहायक अध्यापकों का फरवरी माह से मानदेय नहीं मिल पा रहा संजय मेहता का प्रतिनियोजन होने और कोई प्रभारी नही है के कारण वेतन नहीं मिल पा रहा है। डीएसई कार्यालय से प्रभार के लिए पत्र निर्गत हो गया है. एक दो दिन में वेतन उपस्थिति पर हस्ताक्षर हो जायेगा।

## ट्रॉमा सेंटर में स्वास्थकर्मी की बैठक सम्पन्न



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोक सभा चुनाव को लेकर स्थानीय ट्रॉमा सेंटर के सभागार में अनुमंडल अस्पताल के उपाधीक्षक सुचित्रा कुमारी के अध्यक्षता में बुधवार को स्वास्थकर्मी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर स्वास्थकर्मियो को लगाए गए ड्यूटी की जानकारी दिया गया। मौके पर उपस्थित उपाधीक्षक सुचित्रा कुमारी ने कहा कि जिन स्वास्थ कर्मियों का ड्यूटी मतदान केंद्र में लगाया गया है वे सभी 12 मई को ही अपना योगदान देना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि 13 मई को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान अवधि के दौरान स्वास्थ सुविधा बहाल करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र पर स्वास्थ संबंधी किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो इसके लिए स्वास्थ व्यवस्था किया गया है।उन्होंने कहा कि जहा फस्ट एड की व्यवस्था रहेगा। उन्होंने कहा की वैसा मामला जहा स्थिति गंभीर है तत्काल एंबुलेंस की सूचना करेंगे और वरीय पदाधिकारी को सूचना देंगे ताकि समुचित इलाज किया जा सके। सभी स्वास्थ कर्मी मतदान केंद्र में बेहतर सुविधा देने का हर संभव प्रयास करेंगे। साथ ही किसी लोगो को कोई परेशानी नहीं हो इसका ख्याल रखेंगे। बैठक में डा ब्रजेश, डा निशा, डा अपराजिता, प्रधान सहायक राजेश कुमार सिन्हा, सहायक बीपेश राज तमांग, एमपीडब्लू अशफाक अहमद, लेखा प्रबंधक करुणा कुमारी, सीएचओ सोनम कुमारी, शांति लकड़ा, प्रेमा लकड़ा, राज्य प्रशिक्षक सुभाष पासवान, स्वास्थ कर्मी संगीता कुमारी, अंजू कुमारी, कल्पना कुमारी, मायावती कुमारी, संजू कुमारी, अनिता कुमारी सहित काफी संख्या में स्वास्थ कर्मी उपस्थित थे।

## विश्रामपुर नप द्वारा चलाया गया मैं भी ब्रांड एंबेसडर सोशल मीडिया अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर (पलामू) :** विश्रामपुर नगर परिषद द्वारा आज शाम छः बजे से मैं भी हूं ब्रांड एंबेसडर सोशल मीडिया अभियान चलाया गया। यह अभियान बिश्रामपुर गांधी चौक, बी मोड़ चौक और रेहला में चलाया गया। जिसमे नप और प्रखंड अधिकारी, कर्मी, नप प्रतिनिधि सहित काफी संख्या में आम लोग शामिल हुए। अभियान के दौरान नागरिकों को मतदान करने हेतु प्रेरित करते हुए संदेश दिया गया की प्रत्येक जागरूक नागरिक मतदान हेतु स्वयं एक ब्रांड एम्बेसडर है। सभी नागरिकों ने सोशल मीडिया पर योग्य प्रत्याशी को मतदान करने हेतु प्रचार प्रसार किया और अधिकतम नागरिकों को प्रेरित करने का संकल्प लिया। कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने कहा कि सभी लोग मतदान कर देश का जिम्मेवार नागरिक बने। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

## धर्म के नाम पर समाज में विद्वेष फैलाने वालों से रहें सावधान : अमृत शुक्ला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर (पलामू) :** झारखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अमृत शुक्ला के नेतृत्व में बुधवार को बिश्रामपुर नगर परिषद और प्रखंड क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कांग्रेसी नेताओं ने लोगों से इंडिया गठबंधन के लोस प्रत्याशी ममता भुइंया के पक्ष में मतदान करने का अपील किया.अमृत शुक्ला ने कहा कि भाजपा धर्म और जात के नाम पर समाज में विद्वेष फैला रही है। आम लोगों को इससे सावधान रहने की जरूरत है। पिछले दस वर्षों में केंद्र की कोई योजना धरातल पर नहीं उतरी है। इसलिए भाजपा वाले विकास के बजाए मुसलमान, पाकिस्तान कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि पलामू लोक सभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन की प्रत्यासी ममता भुइंया भारी अंतर के साथ चुनाव जीतेंगी। कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सुधीर चंद्रवंशी ने आम लोगों को कांग्रेस के नीति सिद्धांतों से अवगत कराते हुए कहा कि सबको साथ लेकर चलने की क्षमता सिर्फ कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन में है। मौके पर इंटक नेता मनोज शुक्ला, सुरेंद्र शुक्ला, श्यामलाल शुक्ला, बासुदेव विश्वकर्मा, नागेंद्र चौबे, ब्रजेश चौबे, अजब नारायण शुक्ला, अकबर अंसारी, महबूब आलम सहित कई लोग मौजूद थे।

## चिकित्सा प्रभारी ने निजी अस्पताल संचालकों के साथ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर (पलामू) :** विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार मे बुधवार को प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार ने क्षेत्र के निजी अस्पताल संचालकों के साथ बैठक किया। बैठक का संचालन बीपीएम पंकज पाण्डेय ने किया.डॉ राजेंद्र कुमार ने सभी निजी अस्पताल संचालक को लोक सभा चुनाव के दौरान स्वास्थ्य व्यवस्था बेहतर रखने का निर्देश दिया। कहा कि चुनाव कर्मी को हर हाल में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। अगर कोई चुनाव कर्मी बीमार हो जाते है तो निजी अस्पताल भी उनका मुफ्त में ईलाज करेगा। इलाज का खर्च स्वास्थ्य विभाग उठायेगा। खर्च संबंधित दस्तावेज बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कार्यालय में जमा करना होगा। चुनाव के दिन 13 मई को इमरजेंसी सेवा हर हाल में बहाल रहनी चाहिए। उन्होंने जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, माता का मृत्यु, शिशु मृत्यु, परिवार नियोजन और सभी तरह के ऑपरेशन से संबंधित से मासिक प्रतिवेदन हर माह जमा कराने का भी निर्देश दिया। मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ एम एम प्रसाद, डॉ. धीरज कुमार, डॉ विश्वजीत सिंह, एसटी विनोद तिवारी, निजी अस्पताल संचालक सफीर अंसारी,डॉ वकील रजा, मोहम्मद इल्हाक अंसारी, मधेश्वर सिंह, अशोक सिंह, नेयाज अंसारी, विशाल कुमार, शमशेर आलम, नजरूल हक सहित कई लोग मौजूद थे।

# तेजस्वी यादव और मुकेश शाहनी ने बीजेपी के नीतियों का किया विरोध

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** पलामू लोकसभा चुनाव को संबोधित करने भवनाथपुर पंहुचे तेजस्वी यादव। उक्त मौके पर संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ममता भुइया के पक्ष में वोट करने के लिए अपील किया। आगे उन्होंने कहा कि केंद्र की भ्रष्टाचारी सरकार लोकसभा चुनाव में जनता की मुख्य मुद्दा ही गायब हैं। जनता के बीच धर्म को लेकर नफरत फैलाया जा रहा है। मोदी की गारंटी कार्ड में कहीं भी बेरोजगारी का मुद्दा का ब नहीं बोला जा रहा है, जबकि जनता का मुख्य मुद्दा बेरोजगारी, भुखमरी, गरीबी, नौकरी, स्वास्थ्य है। वही मुकेश साहनी संबोधित करते हुए भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि केंद्र की तानाशाही सरकार किसी भी तरीके से जनता की भलाई नहीं चाहती है। वह किसी भी तरह से सत्ता में रहना चाहती है। इसका उदाहरण बिहार में हमारे चार



विधायकों को खरीद कर लोकतंत्र की सरेआम हत्या कर दी। अगर बीजेपी की फिर सरकार बनी तो लोकतंत्र खत्म कर दिया जाएगा। इसलिए आप सभी मिलकर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ममता भुइयां को जिताये। उक्त मौके पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग भाजपा सरकार की तानाशाही को खत्म कीजिए और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ममता भुइया को जिताइए। आप लोगों ने देखा कि किस तरह से ईडी, सीबीआई को अपने इशारे पर घूमाकर झारखंड के सबसे युवा और लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल के अंदर साजिश करके भेज दिया गया। इसलिए आप सबों से अपील है कि इंडिया गठबंधन को जिताइए और मजबूत बनाइये। उक्त मौके पर ममता भुइया ने संबोधित करते हुए कहा कि मैं आप लोगों की समस्या सुनने के लिए हमेशा मैदान में रह रही हूं, और आपके घर की बेटी हूं, आप हमसे जब चाहे जैसे चाहे काम करवा सकते हैं। इसलिए आप हमें जीता कर भाजपा की गलत नीतियों को रोकिए और अपने घर की बेटी ममता भुइया को लालटेन छाप पर वोट देकर वियजी बनाइए और सेवा करने का मौका दीजिए। उक्त मौके पर पूर्व विद्यायक अंनत प्रताप देव, ताहिर अंसारी, तनवीर आलम, अभय पांडेय, रंजनी शर्मा, शोभा पाठक, शांति देवी, के.पी.यादव सहित इंडिया गठबंधन के सैकड़ों नेता सहित लाखों की संख्या में जनता उपस्थित थी।

## विश्व रेड क्रॉस दिवस पर रक्तदान शिविर में दस यूनिट रक्त संग्रह



**गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी गढ़वा जिला द्वारा विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर स्थानीय बेलचंपा स्थित एसआईएस परिसर में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ़ अशोक कुमार, रेडक्रॉस गढ़वा के चेयरमैन डॉ़ एमपी गुप्ता, सचिव डॉ ज्वाला प्रसाद सिंह, सह सचिव नंदकुमार गुप्ता, अलखनाथ पाण्डेय, एसआईएस के कमांडेंट रमेश जस्तार, असिस्टेंट कमांडेंट सुनील कुमार ने केक काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। रक्तदान शिविर में दस यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने बताया कि हेनरी डुनेन्ट के द्वारा 1863 में आपदा से निबटने एवं स्वास्थ्य सुविधाएं आम जन को उपलब्ध कराने के लिये रेडक्रॉस की स्थापना की गई थी। हेनरी डुनेन्ट की याद में 1948 से हर वर्ष 8 मई को विश्व रेड क्रॉस दिवस मनाया जाता है। रेडक्रॉस आंदोलन के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रथम एव द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान घायल सैनिकों का इलाज एवं अनेक राहत कार्य किए गए। गढ़वा रेडक्रॉस का गठन 1992 में तत्कालीन उपायुक्त पीके जाजोरिया के द्वारा कराया गया था। तब से आज तक पूरे वर्ष भर रेडक्रॉस गढ़वा के द्वारा आपदा पड़ने पर राहत कार्य सहित सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर आदि का आयोजन एव जागरूकता के कार्यक्रम किये जाते रहे हैं। एक्सक्यूटिव कमेटी के सदस्य दया शंकर गुप्ता ने को ऑर्डिनेटर की भूमिका निभाई। रक्तदान शिविर में दस यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इस अवसर पर रघुबीर कश्यप, विजय केशरी, उमेश अग्रवाल, कमलेश गुप्ता, डा. उमेश सहाय, रामनारायण प्रसाद आदि उपस्थित थे। यह जानकारी रेडक्रॉस गढ़वा के वाईस चेयरमैन विनोद कमलापुरी ने दी।

## जंगल में चल रहा शराब माफियाओं का राज, जंगल में भट्ठी में दिन भर होती है शराब चुलाई और रात भर ढुलाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** नगर ऊंटारी शहर से पश्चिम उत्तर में लगभग 13 किमी दूर स्थित कुम्बा खुर्द के जंगल में शराब माफियाओं का राज चल रहा है। शहर के पेशेवर शराब माफियाओं का जंगल में मंगल है। जानकारी के अनुसार कुम्बा खुर्द जंगल में डैम के उत्तर साइड में दिन के उजाले में शराब की भट्ठी में दिन भर अवैध देशी महुआ शराब की चुलाई हो रही है। बताया गया है कि भट्ठी में महुआ शराब की दिन भर चुलाई और ट्यूब में भरकर रात भर बाईक से ढुलाई होती है। इसके बाद ऑर्डर के मुताबिक सुविधानुसार माफिया शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में शराब पहुंचाते हैं। बताया जाता है कुम्बा खुर्द की शराब की भट्ठी में प्रतिदिन एक पिकअप महुआ की खपत है। मतलब एक पिकअप महुआ का बड़े बड़े ड्रामों में पास तैयार कर उससे शराब चुलाई की जाती है। भट्ठी में प्रतिदिन लगभग 300 से 400 लीटर महुआ शराब



तैयार होता है। सूत्रों ने बताया कि गत मंगलवार को भी एक पिकअप महुआ भट्ठी में पहुंचा है।जानकारी के अनुसार कुम्बा खुर्द में शराब की भट्ठी शहर के दो पेशेवर अवैध देशी महुआ शराब माफिया चला रहे हैं। दोनों आदतन इस गोरखधंधे के मास्टर माइंड हैं। कतिपय लोगों से जान पहचान का लाभ उठाते हुए दोनों ने चुनाव के दौर में जब जिले हर जगह अवैध शराब भट्ठियां तोड़ी जा रही है, तब बड़े आराम से दिन के उजाले में शराब भट्ठी चला रहे हैं।देखना यह है कि मामले का खुलासा होने पर दिलचस्प होगा कि इस चुनावी माहौल में माफियाओं पर किस तरह की कार्रवाई पुलिस द्वारा किया जाता है।

# तेजस्वी यादव ने छतरपुर जनसभा में भरी हुंकार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** छतरपुर हाई स्कूल के मैदान में राष्ट्रीय जनता दल के पलामू लोकसभा प्रत्याशी ममता भुइयां को जीतने के लिए जनसभा का आयोजन किया गया जिसमें बिहार राज्य के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने जनसभा को संबोधित करते हुए लोगों से आगामी 13 तारीख को लालटेन छाप पर बटन दबाकर भारी मतो से ममता भुइयां को जीतकर पलामू का संसद बनाएं ताकि गरीब गुरबा का हक अधिकार और आवाज भाजपा वाले दबा ना सके उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बार जीतकर संविधान बदलना चाहते हैं और आपके अधिकार को छीनना चाहते हैं जिसे रोकने के पलामू से सांसद ममता भुइयां को बनाना होगा। तेजस्वी यादव ने कहा कि



प्रधानमंत्री अपन में भाषण में सिर्फ झूठ बोलते है वह कभी गरीबों और महंगाई पर नहीं बोलते हैं प्रधानमंत्री जेल भेजने के लिए डरते हैं जब लालू यादव नहीं डरे तो उनका बेटा क्या डरेगा, हमारा भगवान ही जेल से जन्म लिए हैं। हम जेल जाने से डरने वाले नहीं। वीआईपी पार्टी के मुकेश साहनी भी लोगों को संबोधित किया और राजद प्रत्याशी को ममता भुइयां को विजई बनाने की अपील की इस दौरान राष्ट्रीय जनता के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, महासचिव संजय यादव, संयोजक गौतम सागर राणा, प्रदेश उपाध्यक्ष अनीता यादव, राजद जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक, सहित विभिन्न दलों के नेता तथा भारी संख्या में जनता मौजूद थे।

## एमआरपी से अधिक दाम पर शराब बेचने पर होगी कार्रवाई : उत्पाद अधीक्षक



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में एमआरपी से अधिक शराब बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उक्त बातें लातेहार के उत्पाद अधीक्षक रंजन तिवारी ने कही। साथी ही साथ उन्होंने कहा है कि आसन्न लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष स्वतंत्र एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से लातेहार जिले के सभी खुदरा उत्पाद दुकानों में शराब की बिक्री यदि एमआरपी मूल्य से अधिक पर की जाती है तो उपभोक्ता इसकी शिकायत उत्पाद विभाग द्वारा जारी व्हाट्सएप नंबर पर कर सकते हैं। इसके लिए दो नंबर भी विभाग के द्वारा जारी किया गया है। पहला नंबर 7903500768 है और दूसरा नंबर 8434619609 है जिस पर कोई भी व्यक्ति अपनी शिकायत दर्ज कर सकता है। शिकायत दर्ज कराने वाले व्यक्ति का नाम और पहचान गोपनीय रखा जाएगा।

संक्षिप्त खबरें

## पोलिंग पार्टियों का सेकेंड और माइक्रो आर्ब्जवर का फर्स्ट रैन्डमाइजेशन किया

**रांची :** लोकसभा चुनाव को लेकर पोलिंग पार्टियों का सेकेंड और माइक्रो आर्ब्जवर का फर्स्ट रैन्डमाइजेशन किया गया। बुधवार को समाहरणालय में निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की देखरेख में रैन्डमाइजेशन किया गया। रांची लोकसभा क्षेत्र के सिल्ली, हटिया, खिजरी, रांची, कांके, तमाड़ और मांडर विधानसभा क्षेत्र के लिए पोलिंग पार्टियों (पीठासीन पदाधिकारियों) और माइक्रो आब्जर्वर का रैन्डमाइजेशन किया गया। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक डीएस रमेश, नोडल पदाधिकारी कार्मिक कोषांग सह उपविकास आयुक्त दिनेश यादव, सहायक निर्वाची पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार, सहायक निर्वाची पदाधिकारी प्रदीप भगत, जिला सूचना पदाधिकारी राजीव रंजन, सहायक जिला सूचना पदाधिकारी रीमा कुजूर एवं अन्य संबधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## तेजस्वी यादव 10 मई को पलामू में करेंगे चुनावी जनसभा

**रांची :** बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव 10 मई को पलामू में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। तेजस्वी प्रसाद यादव की चुनावी सभा पलामू लोकसभा क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर होगा। इनमें रंका उच्च विद्यालय मैदान, विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र और कर्पूरी अनुमंडल मैदान हुसैनाबाद शामिल हैं। यह जानकारी राजद के मुख्य प्रवक्ता मनोज कुमार ने दी।



# भाजपा ने इंडिया गठबंधन के खिलाफ आरोप पत्र किया जारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आरोप पत्र जारी करते हुए झारखंड की ठगबंधन सरकार की सच्चाई बताई। उन्होंने कहा कि सरकार भ्रष्टाचारियों को संरक्षण दे रही है। उसे बचने का काम कर रही है। सत्ता में शामिल लोगों की तिजोरी तक भ्रष्टाचार का पैसा पहुंच रहा है। मंत्री के आप्त सचिव के नौकर के यहां से छापे में 35 करोड़ रुपए मिले हैं। ऐसे में मंत्री और सचिव के यहां छापा मारने पर कितने रुपए मिलेंगे, इसका अनुमान लगा पाना भी मुश्किल है। उन्होंने कहा कि झारखंड में सत्ता पर बैठे लोग राज्य को लूटने और कमाने में लगे हैं। कांग्रेस आदिवासियों को कीड़ा मकौड़ा की तरह समझती है। कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा की दोस्ती किसी से छिपी नहीं है। कांग्रेस शुरू से झारखंड और झारखंडवासियों की विरोधी रही है। विधायक सिंह ने कहा की सरकार के लोगों पर नेगेटिव सेट किया जा रहा है हेमंत सोलंकी इस्तीफा देने पर सत्ता संभालने के बाद चंपाई सोरेन सदन में कहा था कि यह



हेमंत सरकार पार्ट 2 होगी। यह सरकार भ्रष्टाचार की परत 2 है। उससे भी बढ़कर निकल रही है। भाजपा की ओर से जारी 28 पन्ने के आरोप पत्र में हेमंत सरकार के भ्रष्टाचार का जिक्र है। साथ ही हेमंत सरकार पार्ट 2 (चंपाई सरकार) के कारनामों का भी जिक्र किया गया है। राज्य सरकार द्वारा किए गए वादे और उसके हकीकत को बयां किया गया है। आरोप पत्र में मोदी सरकार द्वारा पिछले 10 साल में झारखंड को किए गए सहयोग की विस्तृत जानकारी दी गई है। आंकड़ों के माध्यम से भी मोदी सरकार की उपलब्धियां को बयां किया गया है। मोदी सरकार की किसान और कृषि के प्रति गारंटी का जिक्र है। जनजातीय समुदाय के लिए मोदी सरकार गए द्वारा किए गए कार्यो का उल्लेख किया गया है।आरोप पत्र में मोदी सरकार की गरीब कल्याण, पिछड़ा कल्याण, आर्थिक सशक्तिकरण, अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण, महापुरुषों के सम्मान, नारी सशक्तिकरण, अमृत पीढ़ी की नई उड़ान, रोजगार के नए अवसर, खेल के क्षेत्र में सुधार का भी जिक्र किया गया है।मौके पर आरोप पत्र समिति के संयोजक सह रांची विधायक सीपी सिंह, सह संयोजक प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित थे।

## तीन चरण के मतदान में जनादेश भाजपा के उलट है : झामुमो

**रांची ।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि तीन चरण के मतदान में जनादेश भाजपा के उलट है। साथ ही झारखंड मुक्ति मोर्चा ने दावा किया कि झारखंड से इस बार भाजपा का सुपड़ा साफ हो जाएगा। आगे कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण का मतदान खत्म होते ही भाजपा में खलबली मच गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे तरीके से परेशान दिख रहे हैं। झारखंड इंडिया गठबंधन की रैली में उमड़ा जन सैलाब यह बताने के लिए काफी है कि जनता का मूड क्या है। भाजपा झारखंड में साफ होती दिख रही है। चाईबासा और गुमला के बसिया के जनसभा में इसका उदाहरण देखने को मिल गया।

## दो सौ आरक्षियों को सहायक अवर निरीक्षक पद पर मिलेगी प्रोन्नति, जल्द जारी होगी अधिसूचना

**परवेज़ कुरैशी@प्रभात मंत्र**

**रांची।** झारखंड पुलिस ने लोकसभा आम चुनाव को लेकर एक सराहनीय पहल की शुरुआत करने की तैयारी है। जो फिलहाल चुनाव के दौरान तक ही रहेगी। इस संबंध में बहुत जल्द अधिसूचना जारी होनेवाली है। बता दें कि लगभग 200 पुलिस बल में तैनात आरक्षियों को सहायक अवर निरीक्षक की कोटि में प्रोन्नति प्रदान की जायेगी। पुलिस उप महानिरीक्षक, दक्षे, राँची के 30.04.2024 के माध्यम से प्राप्त सूची के अनुरूप गुमला एवं सिमडेगा जिला बल में पदस्थापित कुल-200 आरक्षी (गुमला 100 एवं सिमडेगा-100), पुलिस अधीक्षक, गढ़वा का 30.04.2024 के माध्यम से प्राप्त सूची के अनुरूप गढ़वा जिला बल में पदस्थापित कुल-174 आरक्षी, पुलिस अधीक्षक साहेबगंज का 01.05.2024 के माध्यम से प्राप्त सूची के अनुरूप साहेबगंज जिला बल में पदस्थापित कुल-25 आरक्षी एवं पुलिस अधीक्षक खूँटी का 02.05.2024 के माध्यम से प्राप्त सूची के अनुरूप खूँटी जिला बल में पदस्थापित कुल-31 आरक्षियों को सहायक अवर निरीक्षक की कोटि में तत्काल प्रभाव से तदर्थ प्रोन्नति प्रदान की जाती है। उक्त तदर्थ प्रोन्नति लोकसभा आम चुनाव-2024 की समाप्ति तक प्रभावी रहेगी तथा इसका उपयोग केवल चुनाव कार्य के लिए किया जाएगा।

आगे यह भी लिखा गया है कि लोकसभा आम चुनाव-2024 की प्रक्रिया सम्पन्न होने के पश्चात् उक्त आदेश स्वत निरस्त समझा जाएगा तथा संबंधित सभी आरक्षी अपने मूल पद पर प्रत्यावर्त्तित हो जाएँगे।उक्त तदर्थ प्रोन्नति के आधार पर भविष्य में प्रोन्नति / वरीयता / वेतन आदि के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई दावा अनुमान्य नहीं होगा।उक्त पत्रों के आलोक में उपलब्ध कराए गए वैसे आरक्षी, जिनके विरूद्ध किसी सक्षम न्यायालय में कोई आपराधिक मामला लंबित हो/जिनके विरूद्ध कोई विका/विभागीय जाँच लंबित है अथवा जो निलबंन की अवस्था में हैं, उन्हें उक्त तदर्थ प्रोन्नति अनुमान्य नहीं होगा। जाँचोपरांत अपने-अपने जिला में जिलादेश निर्गत करेंगे।

## कम पैसे मे अच्छी शिक्षा मुहैया कराना ही मैटिक्स एकेडमी का लक्ष्य है : सिकंदर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** लालपुर चौक के नजदीक 7 मई 2024 को एक नए कोचिंग इंस्टीट्यूट की शुरुआत हो रही है। मैटिक्स एकेडमी कोचिंग इंस्टीट्यूट जिसका मूल मंत्र है छात्रों के लिए सफलता की राह आसान बनाना । मैटिक्स एकेडमी के फाउंडर और निदेशक सूरज राम रंजन का कहना है कि हमारे राज्य के छात्र होनहार है बस एक बेहतर मार्गदर्शन मिल जाए तो वो किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं । कोफाउंडर और उप निदेशक सिकंदर पोद्दार का मानना है कि छात्रों को कम कीमत पर अच्छी शिक्षा मुहैया कराना ही मैटिक्स एकेडमी का लक्ष्य है। मैटिक्स एकेडमी मुख्य रूप से आईआईटी जेईई , नीट, बोर्ड और ओलंपियाड की तयारी के लिए प्रतिबद्ध है। मैटिक्स एकेडमी की शुरवात से यकीनन रांची और आस पास के छात्रों को लाभ मिलेगा ।

## कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने मॉर्निंग वॉकर्स से मांगा आशीर्वाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय बुधवार को सुबह मोरहाबादी मैदान में मॉर्निंग वॉकर्स से मिले और उनसे आशीर्वाद (समर्थन) मांगा। सुबह-सुबह टहलने वाले स्थानीय नागरिकों से कांग्रेस के पक्ष में समर्थन देने की अपील की गई। इसके बाद प्रत्याशी यशस्विनी सहाय व पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय रांची नगर निगम वार्ड संख्या-28 अंतर्गत किशोरगंज क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान व पदयात्रा में शामिल हुए। इस दौरान काफी



संख्या में इंडिया गठबंधन में शामिल दलों के कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद थे। जनसंपर्क अभियान और पदयात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने में विनय सिन्हा दीपू, कुमार राजा, मेहुल प्रसाद, दीपक लाल, दीपक ओझा, नंदकिशोर सिंह चंदेल, गुलशन मिढा, राजू काठपाल, विक्की अरोड़ा, अर्चना मिर्धा, अमित, मौलेश सिंह,विक्की, अर्चना सहित अन्य नेताओं -कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## महंगाई से लोग त्रस्त भाजपाई मस्त : दीपक लाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दीपक लाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अच्छे दिन लाने का नारा देकर जनता के साथ धोखा किया है। भाजपा की राजनीति झूठ की बुनियाद पर टिकी है। दीपक लाल ने बुधवार को किशोरगंज में कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के जनसंपर्क अभियान व पदयात्रा कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि भाजपा झूठे वादे कर जनता को भरमाती रही है। वर्ष 2014 से जनता को सब्जबाग दिखाया जा रहा है। झूठे सपने दिखाकर भाजपा सत्ता पर काबिज है। उन्होंने कहा कि भाजपा वाले घरेलू गैस सिलेंडर सर पर रखकर महंगाई



का विरोध किया करते थे। उसे समय सिलेंडर की कीमत 400 थी। आज 1200 का गैस सिलेंडर हो चुका है। महंगाई चरम पर है। बेरोजगारी और महंगाई से लोग त्रस्त हैं, वहीं,भाजपाई मस्त हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने आदिवासियों -मूलवासियों के साथ धोखा किया है। वहीं, कांग्रेस पार्टी आदिवासियों की परंपरा और संस्कृति को बचाने के लिए लगातार संघर्षरत है। आदिवासियों के अधिकार के लिए कांग्रेस पार्टी लड़ाई लड़ते आ रही है।

## चाय पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** राँची के वरिष्ठ समाजसेवी राजीव रंजन मिश्रा की अध्यक्षता में मतदाता जागरण अभियान के तहत चाय पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

कार्यक्रम में मुख्यरूप से झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री श्री बाबूलाल मरांडी जी एवं राँची के लोकप्रिय सांसद संजय सेठ उपस्थित थे ।कार्यक्रम की अध्यक्षता राजीव रंजन मिश्रा एवं संचालन सुनील गुप्ता ने किया ।चाय पे चर्चा कार्यक्रम के



बाबूलाल मरांडी एवं संजय सेठ ने संधू संत समाज , शिख समाज , सरना समाज , मारवाड़ी समाज , ब्राम्हण समाज के प्रतिनिधियों का स्वागत अंगवस्त्र देकर किया ।कार्यक्रम में आए सभी समाज के प्रतिनिधि के द्वारा बाबूलाल मरांडी एवं संजय सेठ का भव्य स्वागत तिलक लगाकर , अंगवस्त्र देकर , पगड़ी पहनाकर एवं पुष्प वर्षा कर किया गया ।झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सभी समाज से आए लोगो एवं युवाओ को देश के सबसे बड़े पर्व के अवसर पर अपने परिवार एवं पड़ोसियों के परिवार से भी मतदान कराने की अपील की ।

## चुनाव तैयारियों की समीक्षा के लिए बैठक आयोजित की गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय कक्ष में लोकसभा चुनाव 2024 के स्वतंत्र, निष्पक्ष, एवं शांतिपूर्ण समापन के लिए जलिन्दर डी सुपेकर (भापु से) सह पुलिस पर्यवेक्षक लोकसभा क्षेत्र राँची के द्वारा वरीय पुलिस अधीक्षक सहित जिले के सभी वरीय पुलिस पदाधिकारी के साथ चुनाव तैयारियों की समीक्षा के लिए बैठक आयोजित की गई। इस दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची चंदन सिन्हा के द्वारा पर्यवेक्षक को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस बैठक में पुलिस पर्यवेक्षक के द्वारा आदर्श आचार संहिता के दौरान जिला पुलिस के द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में अवैध शराब के निर्माण,



भंडारण एवं व्यापार के विरुद्ध पुलिस एवं उत्पाद विभाग के संयुक्त टीम के द्वारा छापामारी करने, मादक पदार्थों के खरीद-बिक्री एवं भंडारण एवं उसमे संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध छापामारी, शास्त्र अधिनिय के तहत आरोप पत्रित अभियुक्तों के विरुद्ध छापामारी एवं विधिसम्मत कार्रवाई करने तथा असामाजिक तत्त्वों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त सक्रिय एवं अभ्यासिक अपराधियों के विरुद्ध समर्पित सीसीए प्रस्ताव की समीक्षा करते हुए सभी अपराधियों के विरुद्ध नियत अवधि में कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया गया, साथ ही जिला पुलिस को भयमुक्त वातावरण में चुनाव कार्य सम्पन्न कराने हेतु मतदान केंद्र व समीपवर्ती क्षेत्रों में आसूचना संकलन एवं आमजन के बीच विश्वास बहाली हेतु आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया गया।

## अर्धसैनिक बल के पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** वरीय पुलिस अधीक्षक,राँची के कार्यालय कक्ष में लोकसभा चुनाव 2024 के चतुर्थ चरण (13/05/24) के मद्देनज़र राँची के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र तमाड़ व माँडर विधानसभा क्षेत्र में स्वतंत्र, निष्पक्ष, एवं शांतिपूर्ण चुनाव कराने हेतु अर्धसैनिक बल व झारखंड जगुआर के वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित किया गया जिसमे फोर्स का मूवमेंट,रूट सैनिटाइजेशन, बूथ सैनिटाइजेशन,एरिया डोमिनेशन, डीमाइनिंग, क्लस्टर में ठहरने हेतु आधारभूत सुविधाओं इत्यादि विषयों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया । बैठक में पुलिस अधीक्षक ,ग्रामीण के द्वारा प्रेजेंटेशन,एवं मैप के जरिये आवश्यक बिंदुओं को रेखांकित किया गया। बैठक समापन के उपरांत वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची चंदन सिन्हा के द्वारा अर्धसैनिक बल के सभी पदाधिकारी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## अवैध बालू कारोबार के खिलाफ छापेमारी में पांच गिरफ्तार

**रांची :** पुलिस ने अवैध बालू कारोबार के खिलाफ छापेमारी कर पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। साथ ही चार हाईवा और एक टर्बो को जब्त किया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर अवैध बालू कारोबार को लेकर सिल्ली डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने बुधवार को छापेमारी की। छापेमारी के दौरान रेकी करने वाले अजहरूद्दीन नाम के व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ा। इसके बाद जब्त किये वाहनों के चालक टीपन कुमार, राजेश महतो, मूलचंद्र बेदिया और कुलदीप मुंडा को गिरफ्तार किया गया।

## सेना की जमीन की खरीद-बिक्री के मामले में आरोपित मो. अफसर की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने बुधवार को सेना की जमीन की खरीद-बिक्री मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपित मोहम्मद अफसर की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज कर दिया। मामले में इससे पहले अमित अग्रवाल, दिलीप घोष और भानु प्रताप प्रसाद की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज हो चुकी है। ईडी ने अफसर अली को 14 अप्रैल, 2023 को गिरफ्तार किया था। तब से वह न्यायिक हिरासत में है। मामले में अब उस पर आरोप गठन की प्रक्रिया होनी है, जिसे देखते हुए उसकी ओर से डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल किया गया था।




उल्लेखनीय है कि बरियातू स्थित 4.55 एकड़ सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में ईडी ने रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, कारोबारी विष्णु अग्रवाल, बड़गाई अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष सहित अन्य के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया है।

## पद्मश्री आवार्ड से सम्मानित किये जायेंगे प्रणामी मिशन के प्रमुख संत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** प्रणामी मिशन के प्रमुख संत परमहंस स्वामी सदानंद जी महाराज को महामहिम राष्ट्रपति द्वारा 28 मई को पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। पुज्य गुरुदेव को पद्मश्री आवार्ड देने की घोषणा से क्षेत्र के प्रणामी समुदाय में खुशी की लहर देखने को मिल रही है। मानव जीवन का ये सार–तुम सेवा से पाओगे पार को जीवन का मुख्य उद्देश्य बनाते हुए पुज्य गुरुदेव ने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण दीन–दुखियों की सेवा में लगा रखा है। वे सुबह 4 बजे से रात को 1 बजे तक सेवाकार्य में लगे रहते हैं। एक दिन में महज 3 से 4 घंटे तक विश्राम करके पुन: पूरी एनर्जी के साथ वे सेवाकार्य में लग जाते हैं।

**परमहंस स्वामी सदानंद जी महाराज:** परमहंस स्वामी सदानंद जी महाराज का जन्म 1 अगस्त 1945 को हरियाणा के जिला भिवानी के गांव जुई में हुआ था। वह एक ब्राह्मण परिवार से थे। उनके पिता बृजलाल और माता शिव बाई हिंदू संस्कृति और परंपराओं के कट्टर अनुयायी थे। उन्होंने धीरे-धीरे धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों में रुचि लेना शुरू कर दिया, जिसके परिणाम स्वरूप उनके बहुमुखी



चरित्र ने बहुत ही निर्णायक तरीके से आकार लिया। वह कम उम्र में ही बहुत गतिशील हो गए और उनमें अपार क्षमताएं प्रदर्शित हुई। बचपन में ही गुरुदेव राधिकादास जी ने उनका अभिषेक और जागरण किया था। शिक्षा प्राप्त करके शिक्षक बनें। हालाँकि नियति उन्हें कहीं और ले गई। राष्ट्र की सेवा करने की आंतरिक इच्छा ने उन्हें सेना में शामिल कर दिया। वहाँ वे अधिक धार्मिक हो गए और उनमें वैराग्य की भावना विकसित हुई। भारतीय सेना में आठ साल तक सेवा करने के बाद इस्तीफा देना पड़ा। 1972 में बसंत पंचमी के शुभ दिन पर गुरुदेव मंगलदास जी की उपस्थिति में, युवा भानु ने विकारों और सांसारिक सुखों को त्यागने की पवित्र शपथ ली और ब्रह्मचर्य को अपनाया - संत बनने की दिशा में पहला कदम। इसी दिन गुरुदेव मंगलदास जी ने भानु को सदानंद नाम दिया था।

## पीएम मोदी ने महिलाओं को दिया सम्मानः संजय सेठ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सांसद सेठ ने कहा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के आजादी के 70 साल बाद महिलाओं को सम्मान दिया । उड़ीसा के एक सुदूर गांव में रहने वाली आदिवासी महिलाओं को देश का राष्ट्रपति बनाया। बेटी पढ़ाओ बेटी बढ़ाओ के अभियान के तहत बेटियों को सुरक्षित रखने के लिए जनधन खाता उसके पढ़ाई की जिम्मेवारी उसकी शादी तक का सारा खर्च देश के यशस्वत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई ऐसी स्कीम के द्वारा बेटियों को सुरक्षित किया । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की बेटियों को आगे बढ़ाया देश की बेटियों के लिए अपने द्वारा खोले और बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए 30त्न आरक्षण दिया। कांग्रेस 70 साल से महिलाओं के आरक्षण को दबा के रखी थी । देश की बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए मोदी जी ने कई काम किया देश की बेटियों के के उच्च शिक्षा के लिए सैनिक स्कूल में नामांकन की प्रक्रिया शुरू की देश की बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए खेलो इंडिया के माध्यम से प्रतिभा को आगे बढ़ने का काम किया। झारखंड की सरकार ने झारखंड को



लूटने का काम किया है कांग्रेस के प्रधानमंत्री रहे राजीव गांधी ने कहा था मे दिल्ली से 1 भेजता हूं तो वह 15 पैसे ही लोगों तक पहुंच पाते हैं लेकिन आज नरेंद्र मोदी केंद्र से 1 भेजते हैं तो लाभुकों के खाते में पूरा 1 पहुंचता है यह है नरेंद्र मोदी की गारंटी नरेंद्र मोदी की सरकार ने कट मनी के प्रचलन को खत्म किया।

संपादकीय

## घटते मतदान के सबब

**यदि** लोकतंत्र को वाकई जिंदा और प्रासंगिक रखना है, तो भरपूर मतदान कीजिए। चुनाव ही लोकतंत्र की जीवन-रेखा हैं। मताधिकार हमारा संवैधानिक, मौलिक अधिकार है, क्योंकि हम एक स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र हैं। मतदान छुट्टी या सैर-सपाटे का दिन नहीं है, क्योंकि हम पर देश की संसद और सरकार चुनने का गुरुत्तर दायित्व है। इस दायित्व की लगातार अनदेखी की जा रही है। आम चुनाव, 2024 के दूसरे चरण में भी मतदान अपेक्षाकृत घटा है। अर्थात चुनाव के प्रति हम उदासीन या लापरवाह दिखाई दे रहे हैं। पहले दोनों चरणों में 190 लोकसभा सीटों पर मतदान हो चुका है। यानी करीब 35 फीसदी चुनाव सम्पन्न हो चुका है, लेकिन दूसरे चरण की 88 लोकसभा सीटों पर करीब 16 करोड़ पात्र मतदाता थे। उनमें से करीब 4.5 करोड़ मतदाताओं ने वोट नहीं डाले। आखिर क्यों? क्या इसे चुनाव-बहिष्कार माना जाए? दूसरे चरण में मतदान शनिवार शाम 7 बजे तक 66.7 फीसदी गिना गया। यह चुनाव आयोग का लगभग अंतिम आंकड़ा है। 2019 के चुनाव की तुलना में यह 3 फीसदी कम रहा। मध्यप्रदेश में 9 फीसदी, उप्र में 6.9 फीसदी, बिहार में 5 फीसदी, बंगाल में 4 फीसदी और राजस्थान में 3.39 फीसदी मतदान कम हुआ है। दक्षिण, पूर्व और पूर्वोत्तर भारत में भी मतदान घटा है। कुछ महत्वपूर्ण सीटों में से राहुल गांधी की वायनाड पर 6 फीसदी से ज्यादा और प्रख्यात अभिनेत्री हेमामालिनी की मथुरा सीट पर करीब 11 फीसदी मतदान घटा है। टीवी धारावाहिक 'रामायण' में प्रभु राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल के मेरठ में करीब 6 फीसदी, केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर और पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर के तिरुवनंतपुरम में करीब 10 फीसदी मतदान कम हुआ है। दरअसल 2019 के दूसरे चरण में जिन सीटों पर भाजपा जीती थी, उन पर 3 फीसदी तक मतदान कम हुआ है। जो सीटें कांग्रेस ने जीती थीं, उन पर 5-10 फीसदी मतदान घटा है। हिंदी पट्टी के प्रमुख राज्यों में मतदान औसतन 7 फीसदी तक घटा है। ये राज्य ही भाजपा के दुर्गनुमा चुनावी गढ़ हैं। क्या यह घटा हुआ मतदान भाजपा के खिलाफ एक 'खामोश चुनावी लहर' है? सवाल यह भी है कि फिर यह लहर किस राजनीतिक दल के पक्ष में है? कांग्रेस ने तो 300 सीटों पर भी उम्मीदवार नहीं उतारे हैं और गठबंधन के तौर पर 'इंडिया' छिन्न-भिन्न स्थिति में है। तो फिर जनादेश कैसा होगा और केंद्र सरकार का स्वरूप भी कैसा होगा? चुनाव का जो रुझान दिखाई दे रहा है, उसमें प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के प्रति गंभीर नाराजगी का भाव महसूस नहीं होता। यदि सरकार बदलने के लिए मतदान होना था, तो लबालब भीड़ पोलिंग स्टेशनों के अंदर-बाहर दिखाई देती और मतदान भी 70 फीसदी से ज्यादा होता। कांग्रेस के पास काडर, बूथ कार्यकर्ता और मतदाता को पोलिंग स्टेशन तक पहुंचाने वाले संगठन की कमी देखी जाती रही है, लेकिन मतदाताओं का ऐसा सैलाब भी गायब है, जो 400 पार के जनादेश को सुनिश्चित कर दे। हालांकि प्रधानमंत्री के मंगलसूत्र और मुसलमान वाले अभियान के बाद ध्रुवीकरण महसूस किया गया है। जुमे की नमाज के बाद मुसलमान भी पोलिंग स्टेशनों की ओर गए हैं। क्या वह सारा मतदान भाजपा-विरोधी हुआ है? गंभीर सवाल यह है कि मतदान एक स्तर के बाद उठ क्यों नहीं रहा है? पूरे देश में गर्मी अभी इतनी भीषण नहीं है कि सुबह और शाम में मतदान न किया जा सके। क्या युवाओं और नए मतदाताओं ने मतदान कम किया? उनकी दिलचस्पी कम दिखाई दी है। ऐसे कई लाख मतदाताओं ने वोट नहीं दिए। सवाल यह भी है कि किस राजनीतिक पक्ष के मतदाता अपने घरों से बाहर नहीं निकले? चूंकि मतदान शुक्रवार हो हुए हैं, लिहाजा यह भी एक कारण हो सकता है कि लंबे सप्ताहांत के मद्देनजर लोग छुट्टी पर निकल गए हों! लोकतंत्र की अनदेखी यहां भी हुई है। बहरहाल तीसरे चरण के मतदान के मद्देनजर भाजपा ने अपनी रणनीति बदलने का फैसला लिया है। करीब 500 नेता और पदासीन कार्यकर्ता मतदान वाले क्षेत्रों में तैनात किए जाएंगे। वे सुबह और शाम में मुख्य चुनाव केंद्र को रपट देंगे कि मतदाता की स्थिति क्या है? तीसरे चरण में अपने कोटे के मतदाताओं के वोट डलवाने को भाजपा ने कमर कस ली है। क्या कम मतदान का सबब यही है? हम इस सवाल से सहमत नहीं हैं।

> अर्थात चुनाव के प्रति हम उदासीन या लापरवाह दिखाई दे रहे हैं। पहले दोनों चरणों में 190 लोकसभा सीटों पर मतदान हो चुका है। यानी करीब 35 फीसदी चुनाव सम्पन्न हो चुका है, लेकिन दूसरे चरण की 88 लोकसभा सीटों पर करीब 16 करोड़ पात्र मतदाता थे। उनमें से करीब 4 .5 करोड़ मतदाताओं ने वोट नहीं डाले। आखिर क्यों? क्या इसे चुनाव-बहिष्कार माना जाए? दूसरे चरण में मतदान शनिवार शाम 7 बजे तक 66 .7 फीसदी गिना गया। यह चुनाव आयोग का लगभग अंतिम आंकड़ा है। 2019 के चुनाव की तुलना में यह 3 फीसदी कम रहा। मध्यप्रदेश में 9 फीसदी, उप्र में 6 .9 फीसदी, बिहार में 5 फीसदी, बंगाल में 4 फीसदी और राजस्थान में 3 .39 फीसदी मतदान कम हुआ है। दक्षिण, पूर्व और पूर्वोत्तर भारत में भी मतदान घटा है।

### दुनिया में कोई एक दशक पहले खिलौनों की भारत से मुश्किल से ही किसी तरह की खरीददारी होती थी

## वैश्विक ऊंचाई पर खिलौना कारोबार

डा. जयंती लाल भंडारी

> भारत के खिलौना उद्योग ने वित्त वर्ष 2014-15 से वित्त वर्ष 2022-23 के बीच तेजी से प्रगति की है और निर्यात में 239 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई तथा आयात में 52 प्रतिशत तक की गिरावट आई है। नि:संदेह इस समय पूरी दुनिया में यह रेखांकित हो रहा है कि 'मेक इन इंडिया' अभियान से भारत का खिलौना उद्योग वैश्विक ऊंचाई पर है। स्थिति यह है कि 'मेक इन इंडिया' अभियान ने खिलौना विनिर्माण क्षेत्र में चीन को झटका देते हुए खिलौना निर्माण को भारत के लिए फायदे का सौदा साबित कर दिया है।

**हाल** ही में केंद्रीय व्यापार एवं उद्योग मंत्रालय के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक भारत के खिलौना उद्योग ने वित्त वर्ष 2014-15 से वित्त वर्ष 2022-23 के बीच तेजी से प्रगति की है और निर्यात में 239 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई तथा आयात में 52 प्रतिशत तक की गिरावट आई है। निःसंदेह इस समय पूरी दुनिया में यह रेखांकित हो रहा है कि 'मेक इन इंडिया' अभियान से भारत का खिलौना उद्योग वैश्विक ऊंचाई पर है। स्थिति यह है कि 'मेक इन इंडिया' अभियान ने खिलौना विनिर्माण क्षेत्र में चीन को झटका देते हुए खिलौना निर्माण को भारत के लिए फायदे का सौदा साबित कर दिया है। गौरतलब है कि चीन से खिलौनों की खरीददारी करने वाले कई खरीददार अब तेजी से भारत की ओर रुख कर रहे हैं। यह कोई छोटी बात नहीं हैं कि दुनिया में कोई एक दशक पहले खिलौनों की भारत से मुश्किल से ही किसी तरह की खरीददारी होती थी। लेकिन मेक इन इंडिया के कारण कई बड़ी-बड़ी खिलौना कंपनियों ने भारत में खास तौर से दिल्ली में अपना आधार तैयार किया है, जो आज अंतरराष्ट्रीय खिलौना कंपनियों को भी आपूर्ति करती है। इस समय हैस्ब्रो, मैटल, स्पिन मास्टर और अर्ली लर्निंग सेंटर जैसे खिलौनों के वैश्विक ब्रांड आपूर्ति के लिए भारत पर अधिक निर्भर हैं। साथ ही खिलौनों के लिए विश्व प्रसिद्ध इटली की दिग्गज कंपनी ड्रीम प्लास्ट, माइक्रोप्लास्ट और इंकास आदि खिलौनों के लिए अपना ध्यान धीरे-धीरे चीन से भारत पर केंद्रित कर रही हैं। अब वह समय बीत गया है कि जब पांच-छह वर्ष पहले तक भारत खिलौनों के लिए बहुत कुछ दूसरे देशों पर निर्भर था और भारत में 80 फीसदी से अधिक खिलौने चीन से आयात किए जाते थे। साथ ही लगातार विभिन्न सर्वेक्षणों में कहा जा रहा था कि चीन से आयातित दो-तिहाई खिलौने असुरक्षित थे। चीनी खिलौने में सीसा, कैडमियम और बेरियम के असुरक्षित तत्व पाए गए थे। अब भारत से खिलौनों के तेजी से बढ़ते हुए निर्यात और घटते हुए आयात का नया लाभप्रद अध्याय भी रेखांकित हो रहा है। उल्लेखनीय है कि इस समय देश और दुनिया में भारतीय खिलौना उद्योग की बहुत कम समय में हासिल ऐसी सफलता रेखांकित हो



रही है, जिसकी कभी किसी ने कल्पना तक नहीं की थी। इस समय चारों ओर भारत के सस्ते और गुणवत्तापूर्ण खिलौना उद्योग का सुकूनदेह परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है। साथ ही भारत का खिलौना निर्यात पांच-छह वर्षों में तेजी से बढकर 2600 करोड़ रुपए के स्तर पर पहुंच गया है। भारत से अमरीका, ब्रिटेन, यूरोपीय यूनियन, आस्ट्रेलिया, यूएई, दक्षिण अफ्रीका सहित कई देशों को खिलौने निर्यात किए जा रहे हैं। इस समय भारतीय खिलौना उद्योग का कारोबार करीब 1.5 अरब डॉलर का है जो वैश्विक बाजार हिस्सेदारी का 0.5 फीसदी मात्र है, लेकिन जिस तरह भारत में खिलौना उद्योग को प्रोत्साहन दिया जा रहा है, उससे खिलौना उद्योग छलांगे लगाकर बढ़ते हुए इसी वर्ष 2024 में 3 अरब डॉलर तक की ऊंचाई पर पहुंचने की संभावनाएं रखता है। यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि देश और दुनिया में भारतीय खिलौना बाजार को ऊंचाई मिलने के कई कारण हैं। इसमें कोई मत नहीं है कि 'मन की बात' के अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बार-बार देश के लोगों को स्वदेशी भारतीय खिलौनों को खरीदने, घरेलू डिजाइनिंग को सुदृढ़ बनाने, भारत को खिलौनों के लिए एक वैश्विक विनिर्माण हब बनाने की अपील की। खिलौनों की बिक्री के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) की मंजूरी जरूरी होना, संरक्षणवाद, चीन-प्लस-वन रणनीति और मूल सीमा शुल्क बढ़ाकर 70 प्रतिशत किए जाने से भारत के खिलौना उद्योग में तेजी आई है। बीआईएस मानक चिन्ह वाले खिलौनों के निर्माण के लिए बीआईएस ने घरेलू निर्माताओं को 1200 से अधिक लाइसेंस और विदेशी निर्माताओं को 30 से अधिक लाइसेंस प्रदान किए हैं। सरकार के प्रयासों से भारतीय खिलौना उद्योग के लिए अधिक अनुकूल विनिर्माण परितंत्र बनाने में मदद मिली है। 2014 से 2020 तक 6 वर्षों की अवधि में सरकार के समर्पित प्रयासों से विनिर्माण इकाइयों की संख्या दोगुनी हो गई है, आयातित वस्तुओं पर निर्भरता 33 प्रतिशत से घटकर 12 प्रतिशत हो गई है। वर्तमान में एमएसएमई मंत्रालय 19 खिलौना उत्पादन केंद्रों की मदद कर रहा है, और वस्त्र मंत्रालय 13 खिलौना उत्पादन केंद्रों को खिलौनों का डिजाइनिंग तैयार करने और जरूरी साधन मुहैया कराने में मदद कर रहा है। स्वदेशी खिलौनों को बढ़ावा देने और नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए कई प्रचार पहल भी की गई हैं, जिनमें दि इंडियन टॉय फेयर 2021, टॉयकैथॉन आदि शामिल हैं। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने घटिया स्तर के खिलौनों के आयात पर अंकुश लगाने के लिए प्रत्येक आयात खेप का नमूना परीक्षण अनिवार्य कर दिया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2014-15 के बाद से लगातार वर्ष 2024-25 के अंतरिम बजट तक में सरकार ने खिलौना उद्योग के विकास के लिए प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से प्रोत्साहन और समर्थन देने की रणनीतिक पहल की है। सरकार ने खिलौना उद्योग को देश के 24 प्रमुख सेक्टर में स्थान दिया है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि भारतीय खिलौनों को वैश्विक खिलौना बाजार में बड़ी भूमिका निभाने हेतु खिलौना उद्यमियों को प्रेरित किया गया है। निश्चित रूप से मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत सरकार की नीतिगत पहलों के साथ-साथ घरेलू निर्माताओं के प्रयासों से भारतीय खिलौना उद्योग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यद्यपि देश का खिलौना उद्योग तेजी से आगे बढ़ रहा है, लेकिन अभी भी देश के खिलौना सेक्टर को चमकीली ऊंचाई देने के लिए खिलौना क्षेत्र के तहत एक लम्बे समय से चली आ रही कई बाधाओं को हटाया जाना जरूरी है। भारतीय खिलौना उद्योग में विकास को बढ़ावा देने के लिए एक रणनीतिक कार्ययोजना की जरूरत है।

दृष्टि कोण

## बदलाव की बयार वैसे बहने लगी पूवरेत्तर में

पूवरेत्तर में उग्रवादी घटनाओं में 89 प्रतिशत की कमी और नागरिकों की मौत के मामलों में 85 प्रतिशत की कमी आईं है। सुरक्षाबलों की मृत्यु की घटनाएं 71 प्रतिशत घटकर 458 से 132 रह गईं, नागरिकों की मृत्यु में 86 प्रतिशत की कमी आईं है। बदलाव की बयार वैसे बहने लगी पूवरेत्तर में बीती 26 अप्रैल को लोकसभा की देशभर के अलग-अलग राज्यों में पैली 88 सीटों के लिए मतदान हुआ, पर एक खास बात की कमोबेश अनदेखी ही हुईं। दूसरे चरण की पोलिग में मणिपुर में 77.18 फीसद और त्रिपुरा में 78. 53 फीसद तक मतदान हुआ। इन दोनों राज्यों जितना अधिक मतदान देश में कहीं नहीं हुआ। इससे पहले, पहले दौर के मतदान में मेघालय में 70.26 फीसद, मिजोरम में 54.18 फीसद, नगालैंड में 56.77 फीसद, त्रिपुरा और मणिपुर में व्रामश: 89 फीसद से वुछ कम और लगभग 70 फीसद मतदान हुआ। यही नहीं, कहीं कोईं हिसा भी नहीं हुईं। मतदान के ये आंकड़े बहुत वुछ साफ-साफ कहते हैं। ये उन तमाम लोगों को शांत करवाने के लिए काफी हैं जो दावा करते थे कि पूवरेत्तर राज्यों में शांति अभी दूर की संभावना है। सच तो यह है कि पूवरेत्तर भारत की सफलता की कहानी बनकर उभरा है। पूवरेत्तर से देश भर संदेश गया है कि कोशिश हो तो जटिल विवाद हल हो सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में कईं खूंखार उग्रवादी संगठनों के साथ शांति समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए और 9,500 से अधिक उग्रवादी आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में शामिल हुए। बेहतर सुरक्षा स्थिति के कारण, पूवरेत्तर के 80 प्रतिशत हिस्से से सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (एएफएसपीए) हटा लिया गया है। पिछली सरकारों द्वारा वास्तविक समस्याओं का समाधान किए बिना सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (एएफएसपीए) को लगातार बढ़ाया गया। इसे त्रिपुरा और मेघालय से पूरी तरह हटा लिया गया है और मणिपुर, मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश के अधिकांश जिलों में इसका अस्तित्व समाप्त हो गया है। बेशक, यह क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की सुधरती स्थिति की ओर इशारा करता है। देश के लिए सिरदर्द बनने वाले उल्फा, यूएनएलएफ, डीएनएलएफ, एनएलटीएफ जैसे संगठन शांति स्थापित करने के लिए तैयार हुए और उनके वैडर देश- प्रदेश की मुख्यधारा में शामिल हो गए। इन उग्रवादी संगठनों के हजारों वैडरों ने आत्मसमर्पण कर दिया और उन्हें पुनर्वासित किया जा रहा है। दरअसल पूवरेत्तर राज्यों में अशांति का लंबा इतिहास रहा है। यहाँ उग्रवाद, अवैध घुसपैठ और अन्य समस्याओं के कारण पूरा क्षेत्र पक्षाघात की स्थिति मे ला कर खड़ा कर दिया गया था। कहना पड़ेगा कि पिछली सरकारों ने कोईं ठोस कदम नहीं उठाए। यही नहीं, पूवरेत्तर राज्य की पुरानी समस्याओं को हल करने की तरफ ध्यान नहीं दिया गया, जिसका परिणाम यह हुआ की यह सारा क्षेत्र जलने लगा। ऐसा प्रतीत होता हैं जैसे वहां की जनता को मूर्ख बना कर उनका ध्यान भटकाया जाता रहा। नरेंद्र मोदी सरकार ने अपने पहले कार्यंकाल से ही पूवरेत्तर राज्यों पर विशेष ध्यान दियाहै। यह एक ऐसा क्षेत्र है जो विकास के लिए वेंद्र सरकार पर बहुत अधिक निर्भर है। यह सब होने के बावजूद इसकी घोर उपेक्षा की गईं। अगर पूवरेत्तर राज्य अब अमन की तरफ पूरी तरह से बढ़ रहे है तो इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके तेज तर्रार गृह मंत्री अमित शाह को देना होगा। अमित शाह के पास एक रणनीतिक दृष्टिकोण है जो उनके सभी पूर्ववर्तियों को भी मात देता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास मंत्र को अमित शाह ने पूवरेत्तर में मन से लागू किया। वेंद्रीय गृह मंत्रालय की सक्षम मध्यस्थता के कारण अग्रवादी संगठनों को शांति का रास्ता अपनाना पड़ा। इससे यह साबित होता है कि, अगर इरादे हों तो जटिल मुद्दों को भी हल किया जा सकता हैं। पूवरेत्तर राज्यों में उग्रवाद और विद्रोह के बढ़ते मामलों के कईं कारण रहे हैं। लेकिन सबसे मुख्य कारण क्षेत्र के विकास के प्रति लापरवाही बरतने का है। जिसके लिए लगातार कांग्रेस की सरकारें ही जिम्मेदार रही हैं। एक बात जान लेना होगा कि अगर किसी मसले का ईंमानदारी से हल खोजा जाए तो फिर हल निकलता ही है। पिछले दसेक सालों के दौरान पूवरेत्तर में उग्रवादी घटनाओं में 89 प्रतिशत की कमी और नागरिकों की मौत के मामलों में 85 प्रतिशत की कमी आईं है। सुरक्षाबलों की मृत्यु की घटनाएं 71 प्रतिशत घटकर 458 से 132 रह गईं, नागरिकों की मृत्युमें 86 प्रतिशत की कमी आईं है। शांति अपने साथ विकास लाती है और विकास स्थायी शांति स्थापित करती है। मोदी सरकार ने पूवरेत्तर भारत में इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए पिछले 10 सालों में रेलवे में 81000 करोड़ रूपए, सड़क संपर्व में 48000 करोड़ रूपए और भारतमाला परियोजना के तहत 5196 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण किया है। उड़ान योजना के तहत 8 नए हवाईंअड्डों का निर्माण हुआ है और 71 नए हवाईं मार्ग शुरू किए गए हैं। इसके अलावाबेहतर कनेक्टिविटी के लिए सड़क नेटवर्व की मरम्मत और सुधार किया जा रहा है। शीशे की तरह साफ है कि नरेंद्र मोदी सरकार पूवरेत्तर भारत में समग्र रूप से विकास करना चाहती है, चाहे वह सड़क कनेक्टिविटी, रेल कनेक्टिविटी, बिजली उत्पादन, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, दूरसंचार, आदिवासी कल्याण आदि हो। 2014 के बाद से उत्तर-पूर्व भारत की कहानी एक नीति के तौर पर एक महत्वपूर्ण केस-स्टडी होगी जिसमे गृह मंत्री अमित शाह की भूमिका को उचित महत्व दिया जाएगा।

कुछ अलग

## आब-ए-तल्ख की तिजारत अपराध को दावत

**इतिहास** साक्षी रहा है कि मदिरा की तिजारत, खपत व मांग में कभी कमी नहीं आई है। मद्यपान का इतिहास हजारों वर्ष पुराना है। सुरापान का प्रचलन समाज में हर वर्ग के लोगों में व्यापक रहा है। आचार्य चार्वाक जैसे महान्‌दार्शनिक ने सदियों पूर्व अपने श्लोकों में सुरापान का उल्लेख किया था। मदिरा की नशीली तासीर को कई शायर व फनकार अपने अंदाज में बयान करते आए हैं। 'हंगामा है क्यों बरपा थोड़ी सी जो पी ली है'- अकबर इलाहाबादी के इन अल्फाज को पाकिस्तान के मशहूर गायक 'गुलाम अली' ने अपनी आवाज से बयान करके सुरा प्रेमियों को नसीहत देकर चेताया था। जाहिर है मदिरा का सेवन हो, अवैध तिजारात हो या देर रात तक खुली रहने वाली मधुशालाओं में आब-ए-तल्ख बोतलों में सजी हो, मदिरा हंगामा जरूर मचाती है। aवर्तमान में आब-ए-तल्ख के घोटाले को लेकर देश की राजधानी चर्चा का मरकज बन चुकी है। देश में चुनावों का दौर चल रहा है। आबकारी विभाग व अन्य सुरक्षा एजेंसियों द्वारा अवैध शराब को कब्जे में लेने की खबरें समाचारपत्रों की सुर्खियां बन रही हैं। मद्यपान के प्रति निगाह-ए-नाज के जज्बात रखने वाला मदिरा प्रेमी वर्ग सुरापान को आब-ए-हयात मानता है, चूंकि आब-ए-तल्ख सुरा प्रेमियों को एक काल्पनिक दुनिया के हसीन ख्वाब दिखाती है। मदिरा की तिजारत को हमारी हुकूमतें अर्थतंत्र की मजबूती का जरिया मानती हैं। अल्कोहल पर लगने वाली एक्साइज ड्यूटी से राज्य सरकारों को एक बड़ा राजस्व हासिल होता है। इसलिए सियासी निजाम शराब को नशा नहीं मानता। मगर शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य का संतुलन बिगाडने वाली शराब किस हद तक अपना दुष्परिणाम दिखाती है, यह छिपा नहीं है। गत ग्यारह अप्रैल 2024 को हरियाणा के महेंद्रगढ़ में एक निजी स्कूल वैन के भीषण हादसे का शिकार होने से आठ मासूम छात्रों की मौत हो गई, क्योंकि स्कूल वैन का चालक शराब के नशे में धुत था। अवैध शराब के जहरनुमां कारोबार ने कई घरों के चश्म-ओ-चिराग बुझाकर लाखों लोगों की शब-ए-महताब को जुल्मत में तब्दील कर दिया है। 22 मार्च 2024 को पंजाब के संगरूर जिले में बीस से ज्यादा लोगों की मौत का कारण जहरनुमां शराब बनी। संगरूर में जहरीली शराब से हुई मौतों के बाद राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग व चुनाव आयोग भी हरकत में आ गए। जहरीली शराब देश में एक मुद्दत से मौत का तांडव मचा रही है। लेकिन नशे के अजाब से उपजे मातम को शांत करने के लिए पीड़ितों के आब-ए-चश्म पर मुआवजे व सियासी आश्वासनों का मरहम लगा कर मसले को रफा दफा किया जाता है। चश्म-ए-पलक की रौशनी छीनकर चश्मों की सौगात बांटने की कोशिश होती है। शराब तस्करी पर प्रशासन व सुरक्षा एजेंसियों की नाकामी को छुपाने के प्रयास किए जाते हैं। आर्थिक तंगी के कारण कई लोग शराब माफिया के प्रलोभन में आकर सस्ते दामों पर मिलने वाली नकली शराब खरीद लेते हैं। अवैध शराब ही मौत का कारण बनती है। गुरबत में जीवनयापन करने वाले लोग अदालतों में कानूनी लड़ाई लडने में असमर्थ होते हैं। इसी कारण सैकड़ों लोगों को मौत की आगोश में सुलाने वाले नशे के सरगना कानूनी दांवपेंच से बच निकल कर अपनी नशे की सल्तनत को बेखौफ होकर चलाते हैं। देश में नशा उन्मूलन के नाम पर कई विशेष दिवस मनाए जाते हैं। नशा मुक्ति केन्द्रों का संचालन भी हो रहा है। वहीं मयखानों की संख्या में भी रिकार्ड वृद्धि दर्ज हो रही है। शादी समारोहों में होने वाला फसाद व सडकों पर कहर मचाती तेज रफ्तार से बढ़ती दुर्घटनाएं, घरेलू हिंसा तथा सामाजिक परिवेश में बढ़ती आपराधिक गतिविधियों के पीछे ज्यादातर पसमंजर मद्यपान का ही है। त्योहार, पर्व के अवसर पर मदिरा की डिमांड जोर पकड़ लेती है।

देश दुनीया से

## मजदूर और चिलचिलाती गर्मी...

> जोधपुर का यह प्रयोग बेहद दिलचस्प है, क्योंकि जलवायु परिवर्तन के दौर में अत्यधिक गर्मी, मौसम में उतार-चढ़ाव पूरे भारत और एशिया-प्रशांत क्षेत्र में श्रमिकों की सुरक्षा के लिए वास्तविक खतरा है। ज्यादातर लोग इस भीषण गर्मी में एयरकंडीशनर का इंतजाम नहीं कर सकते। लेकिन दुर्भाग्य से भारत में यह अब भी चुनावी मुद्दा नहीं बन सका है, जबकि इसके प्रभाव स्पष्ट हैं। हाल में अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के सहायक महानिदेशक और एशिया और प्रशांत क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक चिहोको असदा मियाकावा ने बताया कि एशिया प्रशांत क्षेत्र में श्रमिकों को प्रचंड गर्मी से लेकर खराब वायु गुणवत्ता तक का सामना करना पड़ता है और इसके प्रभावों का खामियाजा भुगतना पड़ता है।

**भीषण** गर्मी से झुलसते हुए जोधपुर में एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) ने नगर निगम के सहयोग से अनौपचारिक क्षेत्र में काम करने वालों के लिए एक कूलिंग स्टेशन बनाया है। इस कूलिंग स्टेशन का उद्देश्य चिलचिलाती गर्मी में शहरी गरीबों को आश्रय देना है। यह जोधपुर के हीट ऐक्शन प्लान का हिस्सा है। दिलचस्प बात यह है कि इसमें ठंडक बढ़ाने के लिए पारंपरिक तरीकों को अपनाया गया है, जैसे खस से बने पैनल, सोलर पैनल से चलने वाले बल्ब और पंखे तथा फुहार के लिए स्प्रिंकलर। यहां पीने का पानी, प्राथमिक चिकित्सा (फर्स्ट एड) किट भी उपलब्ध है। ऐसे समय में जब बड़े शहरों में रहने वाले लोगों सहित ज्यादातर भारतीय परिवारों के पास हर कमरे में एयर कंडीशनर (एसी) नहीं है, जोधपुर का यह प्रयोग बेहद दिलचस्प है, क्योंकि जलवायु परिवर्तन के दौर में अत्यधिक गर्मी, मौसम में उतार-चढ़ाव पूरे भारत और एशिया-प्रशांत क्षेत्र में श्रमिकों की सुरक्षा के लिए वास्तविक खतरा है। ज्यादातर लोग इस भीषण गर्मी में एयरकंडीशनर का इंतजाम नहीं कर सकते। लेकिन दुर्भाग्य से भारत में यह अब भी चुनावी मुद्दा नहीं बन सका है, जबकि इसके प्रभाव स्पष्ट हैं। हाल में अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के सहायक महानिदेशक और एशिया और प्रशांत क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक चिहोको असदा मियाकावा ने बताया कि एशिया प्रशांत क्षेत्र में श्रमिकों को प्रचंड गर्मी से लेकर खराब वायु गुणवत्ता तक का सामना करना पड़ता है और इसके प्रभावों का खामियाजा भुगतना पड़ता है। अक्सर पर्याप्त सुरक्षा के बिना काम करते रहने के अलावा उनके पास कोई विकल्प नहीं होता, भले ही स्थितियां कितनी ही खतरनाक हों। भीषण गर्मी शायद सबसे स्पष्ट चुनौती है और इस बारे में मियाकावा ने कहा कि बढ़ते तापमान में जैसे कृषि, निर्माण, मछली पकड़ने और परिवहन जैसे बाहरी काम करने वाले श्रमिकों को गर्मी से संबंधित बीमारियों और लू का खतरा रहता है। यहां तक कि घर के अंदर काम करने वाले उन श्रमिकों को भी खतरा रहता है, जहां भीषण गर्मी हो और वेंटिलेशन की व्यवस्था न हो। फैक्टरियों, खाद्य प्रसंस्करण संयंत्रों, ईंट भट्ठों और गोदामों में तेज धूप के दौरान काम करना श्रमिकों के लिए काफी खतरनाक हो सकता है। बेहतर नियमन, प्रवर्तन, शमन रणनीतियों, प्रशिक्षण और जागरूकता से स्थितियों में काफी बदलाव लाया जा सकता है। स्पष्ट है कि इसके लिए श्रमिकों का सशक्तीकरण जरूरी है, जो उन्हें नौकरी या मजदूरी खोने के डर के बिना प्रचंड गर्मी में काम रोकने की अनुमति प्रदान करे। लेकिन भारत जैसे देश में ऐसा कहना आसान है, करना कठिन, जहां ज्यादातर लोग असंगठित क्षेत्र में काम करते हैं, जिन्हें न तो रोजगार अनुबंध और न ही स्वास्थ्य संबंधी सहयोग उपलब्ध है। मियाकावा लिखते हैं कि 'जलवायु परिवर्तन के कारण वायु प्रदूषण बढ़ने से श्वसन संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। बीजिंग, नई दिल्ली और बैंकॉक में खराब वायु गुणवत्ता दैनिक वास्तविकता है, जो प्रदूषकों के संपर्क में आने वाले श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य जोखिम पैदा करती है। आदर्श रूप में इन मूल कारणों पर ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। डिलीवरी बॉय या सड़क के किनारे ठेला लगाने वाले को पूरे दिन जहरीली हवा में सांस लेना पड़ता है। इसलिए जागरूकता, रक्षा उपकरण और जहां तक संभव हो सके, काम करने के तरीके में बदलाव की आवश्यकता है, जो इसके प्रभाव को न्यूनतम कर सके।' प्रचंड गर्मी और वायु प्रदूषण के अलावा, चरम



मौसमी घटनाओं की आवृत्ति एवं तीव्रता में भी बढ़ोतरी हो रही है, जो कार्यस्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए अतिरिक्त चुनौती पेश करती है। चक्रवात, बाढ़, सूखा, दावानल, प्राकृतिक आपदाएं कामकाज में व्यवधान पैदा करती हैं और श्रमिकों के जीवन को जोखिम में डालती हैं। मियाकावा लिखते हैं कि आपदाओं के बाद 'पहले की स्थिति की बहाली के प्रयासों में श्रमिकों की सुरक्षा एवं कल्याण को प्राथमिकता दी जानी चाहिए तथा आवश्यक सेवाओं, सुरक्षात्मक उपकरणों और मनोसामाजिक समर्थन तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करनी चाहिए।' भारत विशेष रूप से संवेदनशील है। पिछले वर्ष फोर्ब्स मैगजीन ने लिखा था, 'निर्माण गतिविधियों के साथ भारतीय कृषि और उद्योग विशेष रूप से गर्मी से संबंधित तनावों के कारण श्रमिकों की उत्पादकता के नुकसान के प्रति संवेदनशील हैं। विश्व बैंक के अनुसार, 2030 तक गर्मी के तनाव के कारण उत्पादकता के नुकसान के चलते अनुमानित 8 करोड़ वैश्विक नौकरियों में से 3.4 करोड़ रोजगार की हानि भारत में हो सकती है।'

आप का नजरीया

## सीजन की आफत में

**प्रदेश** में पर्यटन सीजन की आफत में नागरिक चिंताएं स्वाभाविक हैं। यह इसलिए भी कि अप्रैल से जून महीने तक यह प्रदेश अपने प्रबंधों में गोता खाता है, जबकि साधारण जनता के लिए ट्रैफिक जाम, वाहनों का प्रदूषण और जलापूर्ति के संकट बढ़ जाते हैं। पर्यटकों का हल्ला गुल्ला जब डलहौजी, मकलोडगंज, कसौली, शिमला व मनाली के कानों में सुराख और आंखों को थका देता है, तो अपनी जनता को सुकून कौन देगा। मसला सरकार का नहीं, बल्कि पर्यटन उद्योग से जुड़े व्यवसायियों का भी है। पर्यटन को पार्टनर चाहिए, तो पर्यटक स्थलों को रक्षक चाहिए। होटल इंडस्ट्री, दुकानदार, रेस्तरां-कैफे, टैक्सी आपरेटर तथा गिफ्ट विक्रेता यह तो चाहते हैं कि पर्यटक सीजन उनके अरमानों को बुलंदी तक पहुंचाए, लेकिन बदले में ऐसे स्थलों के प्रति उनकी वफादारी है क्या। पर्यटक किसी होटल के कमरे का बिल नहीं या टैक्सी पर मात्र यात्री है, बल्कि एक सीजन, सारी बस्ती, सारे शहर और सारे परिवेश का हुलिया बिगाड़ देता है। हर शहर में पर्यटन कचरे का जिम्मेदार शहरी निकाय को क्यों माना जाए। क्यों न हर होटल को सीजन के हिसाब से जिम्मेदार माना जाए। यह मसला गंदगी से आवारा पशुओं और पुलिस व्यवस्था तक खर्च मांग रहा है। अगर पर्यटक शहर के पानी को ही गटक जाएं तो इसका असर सामान्य जीवन पर भी तो पड़ेगा। क्या हिमाचल के जो लोग कसौली, डलहौजी, मकलोडगंज-धर्मशाला, कुल्लू-मनाली या धर्मिक स्थलों में रहते हैं, उनके लिए पर्यटक सीजन में सुकून बचता है। यह आवश्यक वस्तुओं की मांग और आपूर्ति पर भी असर डालता है। अटल टनल बेशक पर्यटन का काम आसान कर रही है, लेकिन इसके दूसरे छोर के आगे जिंदगी इसका प्रमाण मांगती है, क्या वह संभव है। कितना आसान होगा किसी एंबुलेंस को पांच हजार पर्यटक वाहनों के बीच से गुजर कर लाहुल पहुंचना। सीजन में अगर सारे वाहन पर्यटन हो जाएं, तो दिल्ली भागती वोल्वो पर आठ सौ के बजाय पच्चीस सौ दे पाना आम हिमाचली के लिए कठिन है। यही वजह है कि गगल से दिल्ली-चंडीगढ़ तक की उड़ानें पसीना-पसीना कर देती हैं। पांच हजार में दिल्ली पहुंचती उड़ान अगर सीजन में तीस हजार मांगने लगे, तो यह हिमाचल की विडंबना है। विडंबना यह है कि ट्रैफिक को कम करने के लिए धर्मशाला-मकलोडगंज रोप-वे बना, मगर चार सौ रुपए में एक तरफा सफर अंततः आम आदमी की टांगें ही तोड़ेगा। इसलिए पर्यटक सीजन में सैलानियों के लिए प्लानिंग करते वक्त कुछ आधार स्थानीय जनता को भी दें। पर्यटन की परियोजनाओं में आम जनता के लिए सुकून के चार माह जरूर होने चाहिएं। इसलिए पूरी पर्यटक इंडस्ट्री को सोचना होगा कि जिन रास्तों से उसकी कमाई के साधन बढ़ रहे हैं, वहां स्थानीय जनता के प्रति उसका भी योगदान होना चाहिए। ऐसे में हर पर्यटक शहर की सामुदायिक व नागरिक सुकून की योजनाओं में होटल, ट्रैवल, व्यापारी व ट्रांसपोर्ट संगठनों को भी आर्थिक योगदान करना होगा। स्थानीय जनता के मनोरंजन, सफाई तथा पार्किंग व्यवस्था के लिए नई परियोजनाओं का ऐसा खाका बने जिन्हें पर्यटन उद्योग का पूर्ण सहयोग मिलना चाहिए।

# भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र का किया तूफानी दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने हंटरगंज प्रखंड के काशी केवाल, एटमी, औरु बाजार, गेरुआ, बड़ही बिगहा, लोसमही, लेंजवा, सलैया, करमा, मार्क्सवादी नगर, सोनपुर बिगहा, बलनिया, पाण्डेपुरा, दलकोमा, गेंजना, नावाडीह, खरहि, भोक्ताडीह, बलूरी पंचायत के चौखडा, डॉटम, बलूरीगावं में डोर टू डोर कैपैन कर स्थानीय लोगों से उनका समर्थन और आशीर्वाद मांगा। जनसंपर्क कार्यक्रम में कालीचरण सिंह के साथ कार्यक्रम में साहू समाज के प्रखंड अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद, समरेश, सरदार बलवंत सिंह, सरदार मनोज सिंह, प्रकाश सिंह, कमलेश पासवान, सतन पासवान, मो0 कलाम, श्रीमती सचिता लाल, शोभा देवी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और आमजन शामिल हुए। सघन जनसंपर्क अभियान के दौरान जनता को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने कांग्रेस व इंडी गठबंधन के तमाम सहयोगियों की कड़ी आलोचना की और कहा कि विपक्ष नोट के बदले वोट का खेल खुलेआम खेल रही है। एक ओर देश के यशस्वी पीएम श्री नरेंद्र मोदी देश के विकास के लिए हर पल पसीना बहा रहे हैं, तो दूसरी ओर कांग्रेस जहां कहीं सत्ता में है, वहां देश को लूटने का काम लगातार कर रही है। उसका ताजा उदाहरण झारखंड बड़ी संख्या में रुपये की ब्रामदगी है। उन्होंने कहा कि जिसने दशकों-दशक देश को लूटा है। गरीबों, किसानों व महिलाओं को न्याय का वादा कर उनको ठगने का काम किया है। देश के गरीबों का पैसा लूटा है। देश को कांग्रेस ने एक पर एक घोटाले कर आर्थिक तौर पर पंगू बना दिया। आज पीएम मोदी उसे पटरी पर लाने के लिए मेहनत कर रहे हैं। कालीचरण सिंह ने कहा कि दो दिन पहले प्रधानमंत्री झामुमो-कांग्रेस के जिस लूट मॉडल की बात कर रहे थे, उसे इन रुपयों ने सत्यापित कर दिया है। झारखंड में इंडिया गठबंधन ने गरीबों, दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों की हक मारकर लूटे हुए इन्हीं पैसों से चुनाव लड़कर सत्ता पाने की कोशिश में कर रही है। कांग्रेस एवं अन्य दलों के पास आज कोई मुद्दा नहीं है इसलिए बेमतलब की बात कर लोगों को भ्रमित कर रहे है। भाजपा सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास लेकर चल रही है। चाहे वह अल्पसंख्यक हो, अनुसूचित जाति या जनजाति हो या फिर पिछड़ा और अतिपिछड़ा या सामान्य वर्ग। भाजपा सबका कल्याण चाहती है और सबों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं भी चला रही है। एनडीए की सोच सबको साथ लेकर चलने की है। जाति और धर्म के नाम पर राजनीति करने वाले कांग्रेस एवं अन्य दल के लोग भाजपा की लोकप्रियता से इस कदर घबरा गये हैं कि आज अनर्गल बयानबाजी कर अपना जनाधार बढ़ाने की असफल कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस और राजद कोई भी हथकंडा अपना लें, लेकिन 2024 में इन पार्टियों को निराशा ही हाथ लगेगी।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सिमरिया आगमन को लेकर भाजपा मंडल कमेटी ने विधि व्यवस्था को लेकर की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** आगामी 11 मई को सिमरिया में 3:00 बजे अपराह्न देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी की कार्यक्रम की सफलता को लेकर बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सतीश कुमार व संचालन मंडल महामंत्री तिलेश्वर राणा ने किया। इस बैठक में मोदी जी को आने को लेकर विधि व्यवस्था को लेकर चर्चा किया गया वह पत्थलगड़ा मंडल कमेटी के सभी शक्ति केंद्रो द्वारा कितने सदस्य इस कार्यक्रम में भाग लेंगे इसकी समीक्षा की गई। चुनाव प्रभारी बिंदेश्वरी यादव जानकारी देते हुए कहा पत्थलगड़ा मंडल से करीब 2000 से अधिक जनसंख्या में कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।चतरा जिला अंतर्गत सिमरिया स्थित मुर्वे मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का 11 मई को आगमन होने जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा निरीक्षण कर कार्यक्रम स्थलों की तैयारी पूरी की जा रही है। मोदी जी का आगमन को लेकर पत्थलगड़ा प्रखंड के कार्यकर्ताओं में काफी खुशी की लहर हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का चतरा जिला में यह दूसरी बार आगमन होने जा रहा है। चारों ओर का प्रारूप तैयार किया जारहा है। प्रोग्राम साइट पर पुलिस के जवानों का चप्पे-चप्पे की सुरक्षा व्यवस्था मौजूद रहेंगे। इस बैठक में मंडल अध्यक्ष सतीश कुमार, महामंत्री त्रिलोकी राणा, महामंत्री विरोचन गिरी, युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष मुकेश दांगी, पूर्व मंडल अध्यक्ष विनोद दांगी, बूथ संयोजक सुखसगर राणा, बूथ संयोजक नंदकिशोर दांगी, बूथ अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर, बूथ अध्यक्ष सीताराम रजक ओबीसी मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र साव, महिला मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष कुसुम लता कुशवाहा, कामेश्वर दांगी, उपस्थित रहे।

## आंधी तूफान में हुई बेसहारा गरीब शारदा ने अंचल को दिया आवेदन



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत पहरा पंचायत गांव के स्थानीय निवासी शारदा कुमारी पांडेय पति सतीश कुमार पांडेय का घर 7 मई को आई आंधी तूफान में क्रकेट का घर उड़ गया है। जिसके चलते महिला घर से बेघर हो गई है। महिला अत्यंत गरीब है।और अब तक इनके पास रहने का दूसरा कोई सुविधा नहीं है। तथा सरकार के अनेकों योजना में एक भी योजना का लाभ इस महिला को नहीं मिल रहा है। महिला ने आपदा प्रबंधन के तहत मिलने वाला लाभ को लेकर अंचलाधिकारी राकेश सहाय को आवेदन दिया है। एवं मदद को लेकर गुहार लगाई है। महिला का कहना है कि इसके दो छोटे-छोटे बच्चे भी हैं।साथ में वृद्ध सास ससुर भी हैं।महिला के पति घर से कोसों दूर जाकर मजदूरी करता है। जिससे जीविका पालन होती है। इस तरह से पूरे परिवार की स्थिति दूसरे के घर में रहने को मजबूर हो गई है।

## मनरेगा योजना जांच करने पहुंची लोकपाल, दर्जनों योजना का किया जांच



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत मंझगावा पंचायत एवं गिद्धौर पंचायत में संचालित दर्जनों मनरेगा योजना जांच करने बुधवार को लोकपाल संध्या प्रधान पहुंचे। जहां मनरेगा के दर्जनों योजना लोकपाल ने जांच किया। गिद्धौर के रतनपुर गांव में बिरसा सिंचाई कुप मंझगांवा व पिंडारकोंण में आमबागवानी, दीदी वाड़ी का जांच किया गया। इस दौरान लोकपाल ने कूप लाभुको से जल्द से जल्द कूप योजना पूर्ण एवं प्राक्कलन के अनुसार कार्य करने का निर्देश दिया।उन्होंने रोजगार सेवक को निर्देश देते हुवे कहा की मनरेगा से हर किसी को जोड़िए। और मजदूरों को अन्य प्रदेशों में पलायन होने से रोकने की बात कही। मौके पर रोजगार सेवक सतेंद्र कुमार वर्मा समेत लाभुक उपस्थित थे।

# केएन त्रिपाठी के पक्ष में किया चुनाव प्रचार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बुधवार को प्रखंड अंतर्गत पंचायत मोरवाईकला के कई गांवों में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस कुमार गुप्ता के अध्यक्षता में चुनावी सभा का आयोजन हुआ। इस दौरान क्षेत्र के सैंकड़ों लोगों की उपस्थिति रही। मौके पर गुप्ता ने कहा कि पिछले दस वर्षों से भाजपा की सरकार केन्द्र में काबिज है और इन दस वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था चरमरा गई है, महंगाई चरम पर है, बेरोजगारी, शिक्षा का बुरा हाल है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लोग अन्य प्रदेशों में पलायन को मजबूर हो गए हैं। वहीं कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि रविन्द्र राम ने कहा कि मोदी सरकार गरीबों के हक़ अधिकार, आजादी को छीनने का सफल प्रयास किया है। कहा कि मोदी सरकार सभी सरकारी संस्थाओं को बारी बारी अपने चहेते उद्योगपतियों के हवाले कर रही है। मौके पर ग्रामीणों से कांग्रेस के नेताओं ने कांग्रेस और महागठबंधन उम्मीदवार के एन त्रिपाठी के पक्ष में अपने कीमती वोट देने की अपील किया है। मौके पर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नसीम अंसारी विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह, कांग्रेस प्रदेश कोर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह, मुखिया आशीष कुमार सिंह प्रेम कुमार सिंह, दुखन सिंह, जेएमएम नेत्री आरती देवी, राजद प्रखंड अध्यक्ष आदित्य कुमार यादव, मदन यादव, गंगी नाग रोबर्ट ढोढराय पेतरूष बोदरा, राहुल गुप्ता समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन की तैयारियों को लेकर सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने किया स्थल निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन की तैयारियों को लेकर भाजपा की टीम ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस मौके पर सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास, जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, भाजपा जिला महामंत्री मिथलेश गुप्ता, डा मृत्युंजय सिंह, अक्षयवट पांडे, अमित कुमार साहू, उपेंद्र सिंह, जीतन राम सहित भाजपा के कई कार्यकर्ता शामिल हुए। गौरतलब है कि चतरा लोकसभा क्षेत्र के सिमरिया प्रखंड के मुरवे मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भाषण 11 मई को होगा। इस भव्य कार्यक्रम में चतरा, हजारीबाग और कोडरमा के मतदाता और भाजपा समर्थक लाखों की तादाद में शामिल होने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर अभी से ही विशाल पंडाल बनाए जा रहे हैं ताकि चतरा, कोडरमा हजारीबाग से आने वाले समर्थकों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन सुनने में कोई परेशानी ना हो। कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करने से सिमरिया के विधायक किशुन कुमार दास सहित भाजपा के कई दिग्गज नेता शामिल होंगे।

## तेज आंधी तूफान, बारिश व ओले ने मचाई तबाही, लोग बेहाल



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत बीते मंगलवार की शाम तेज आंधी ओले व बारिश से प्रखंड के विभिन्न विद्यालय में लगे सोलर सिस्टम व सिंटेक्स के साथ साथ विद्यालय का शौचालय क्षतिग्रस्त हो गया है।जानकारी के अनुसार प्रखंड स्थित बारियातु पंचायत के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय जमुआ में तेज आंधी से एक पेड़ विद्यालय में बने शौचालय पर गिरा। जिससे शौचालय पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। वही उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बॉय में लगे सोलर सिस्टम लाइट को भी नुकसान हुई है। पहरा पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पहरा में लगे सोलर सिस्टम नल भी क्षतिग्रस्त हो गया है। साथ ही पानी का सिंटेक्स टंकी हवा से उड़कर नीचे गिर गया है। बारिसाखी पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय रूपिन में लगे सोलर प्लेट भी आंधी पानी से क्षतिग्रस्त हो गया है। जिससे प्रखंड भर में सैकड़ो ग्रामीणों के साथ सरकारी व गैर सरकारी भी अनेकों सिस्टम का नुकसान हुई है।

## लातेहार एसडीओ ने चलाया जागरूकता अभियान, मतदान करने की अपील की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** लातेहार एसडीओ कौशल कुमार, बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उराँव एवं अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर ने बुधवार को बालूमाथ प्रखंड छेत्र के शेरेगडा पंचायत में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। एवं मतदाताओं को मतदान देने के लिए पर्ची का वितरण किया। मौके पर बोलते हुए एसडीओ कौशल कुमार ने कहा कि 20 मई को मतदान के दिन आप पहले मतदान करें उसके बाद जलपान करे। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आपका एक मत से सरकार अच्छी सरकार बन सकती है। उन्होंने ग्रामीणों से लोकतंत्र के उत्सव में बढ़ चढ़कर भागीदारी का आह्वान किया। वही अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर ने कहा आप अपने वोट का महत्व को समझे। अपने-अपने टोलो मोहल्ले में जो कोई जागरुक व्यक्ति हैं। वह अपने आसपास के लोगों को वोट देने के लिए जागरूक करें एवं मतदान अवश्य करने पर सहयोग करें। इस दौरान कई लोगों को मतदान देने के लिए मत पर्ची का वितरण किया गया। इस मौके प्रखंड कृषी पदाधिकारी मनीष पांडे समेत कई प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

## नल जल योजना फेल, ग्रामीण चुआंड़ी के पानी पीने को हैं मजबूर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गारु :** झारखंड सरकार के द्वारा चलाई गई महत्वकांक्षी नल जल योजना पूरी तरह विफल होते दिख रही है। यह योजना का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के नेक उदेश्य से यह योजना चलाई गई लेकिन दुर्भाग्य कि बात है कि इस योजना का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रही है। इसका मुख्य कारण है कि ठेकेदार अपनी निजी फायदे को लेकर जैसे तैसे बोरिंग का निर्माण कार्य कर यहां से रफू चक्कर हो गए हैं ऐसा इसलिए कहा जा रहा है कि जहां गारू प्रखंड में एजेंसीयों के द्वारा जैसे तैसे बोरिंग कर 20 घरों में कनेक्शन तो दे दिया है लेकिन पानी नहीं निकल रही है। जिसका नतीजा है कि लोग पानी के बूंद बूंद के लिए तरस रहे हैं साथ ही साथ गारू प्रखंड के अधिकांश गांव में नल जल का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है।यहां तक कि एजेंसी के द्वारा जल मीनार का निर्माण कार्य को अधूरा छोड़ दिया गया है। जिसके कारण लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच पा रही है। जिससे ग्रामीणों को पानी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।मजबूर होकर कई गांव टोला के ग्रामीण नदी में चुआंड़ी खोदकर दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि कई बार एजेंसियों में कार्यरत कर्मी एवं अधिकारियों से शिकायत किया गया लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया गया।

## लातेहार की बेटी संत फ्रांसिस स्कूल की छात्रा मानसी बनी रांची सिटी की सेकेंड टॉपर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** शहर के करकट मुहल्ला निवासी प्रेम जायसवाल की बेटी मानसी प्रकाश आइसीएसई की 12 वीं वाणिज्य संकाय में 91.5 प्रतिशत अंक लाकर रांची सिटी की सेकेंड टॉपर व अपने स्कूल की टॉपर बनी है। मानसी रांची के संत फ्रांसिस स्कूल की छात्रा है। मानसी को विद्यालय प्रबंधन के द्वारा लैपटॉप भेंट कर सम्मानित किया गया। जबकि मानसी के छोटे भाई श्रेयांस राज ने आइसीएसई की मैट्रिक की परीक्षा में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है।वह भी रांची के संत फ्रांसिस स्कूल में पढ़ता है प्रेम जायसवाल ने बताया कि उनके दोनों बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा लातेहार में ही हुई है। मानसी व श्रेयांस की इस सफलता पर लोगों ने उन्हें बधाई व शुभकामाएं दी है।

## आंधी तूफान में टूटे बिजली के खंभे दर्जनों परिवार गर्मी के उमस से बेहाल



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार को अचानक आई आंधी तूफान से क्षेत्र में दर्जनों विशालकाय पेड़ टूटे हालांकि कहीं कोई अप्रिय घटनाएं नहीं हुई। वहीं प्रखंड अंतर्गत पंचायत छेंचा के चपरी मेलाटांड़ के पास विशालकाय पेड़ टूट कर बिजली खंभे के केबल पर गिर जाने से दो खंभे टूट कर गिर गए गनिमत रही कोई जानोमाल का नूकसान नहीं हुआ पर वहां के दर्जनों बिजली उपभोक्ता गर्मी के उमस से बेहाल हो गए हैं। वहीं स्कूली बच्चों की पढ़ाई लिखाई बाधित हो गई है। इस संबंध में पंचायत के मुखिया आशा देवी ने बताया कि बिजली खंभे गिर जाने से बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई है जिसके कारण लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है। उन्होंने विभाग और प्रखंड प्रशासन से बिजली आपूर्ति बहाल करने को लेकर तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था कराने की मांग की है। बता दें कि पंचायत के मुखिया व सरपंच और उनके मुहल्ले वाले फिलहाल रात के अंधेरे में रहने को विवश हैं। वहीं बिजली आपूर्ति करने को लेकर कनीय अभियंता बीरेंद्र चौधरी ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है हमलोग खंभे के जुगाड़ में लगे हुए हैं। बताया कि दो तीन दिन के अंदर खंभे खड़ा कर बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

## वार्डन ने छात्रों को धमकाया

**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में वार्डन द्वारा छात्राओं को धमकी देता हुआ वीडियो वायरल हुआ है। छात्राओं का कसूर सिर्फ इतना था कि उन्होंने विद्यालय निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारियों से भोजन की गुणवत्ता को लेकर शिकायत कर दी थी। वीडियो गुरुवार की बताई जा रही है। वायरल वीडियो में प्रभारी वार्डन जिंदी रोश सभी छात्राओं को मैदान में खड़ा कर सजा के तौर पर हाथ उठा खड़ा होने बोली साथ ही पूछताछ कर रही है। वायरल वीडियो में वह बोल रही है कि सोमवार के दिन पदाधिकारी आए थे तो कौन क्लास वाली खाना पीना के बारे में कंप्लेन की थी, जिसपर सभी बच्चे एक स्वर में जवाब देते हुए कहते है हमलोग सबकोई कंप्लेन किए थे। जिसके बाद वार्डन बोलती है कि मुझे नाम सहित पता है कि किसने बोला है, हम उनमें से नही है, हम हॉस्पिटल से निकल रहे थे और मुझे डांट मिला है। आखिर क्या चीज तुमलोग को नही दिए है। **क्या है पूरा मामला :** 29 अप्रैल को बूथ निरीक्षण करने आए भूमि संरक्षण पदाधिकारी विवेक कुमार मिश्रा को बच्ची लोग मिल कर शिकायत की थी कि खाना अच्छा नही मिलता है। तब मिश्रा जी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार को जानकारी दिए। प्रिंस कुमार ने वार्डन को फटकार लगाई।

## जिले के कई विभागो में सेवा दे चुके दीपक मिश्रा पर चेक बाउंस मामले में एफआईआर दर्ज, बढ़ सकती हैं मुश्किलें

**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चतरा जिले के कई विभाग में सेवा दे चुके दीपक कुमार मिश्रा के खिलाफ ढाई लाख रुपये के चेक बाउंस मामले में शिकायत दर्ज की गई है। यह मामला हजारीबाग अदालत में दर्ज किया गया है। केस दर्ज होने के बाद अब इस मामले में दीपक कुमार मिश्रा को अदालत के सामने पेश होने को कहा गया है। टंडवा के सिसई गांव निवासी वर्तमान पता हुडहुडू हजारीबाग शिकायतकर्ता अजय कुमार पांडेय ने बताया कि प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा दीपक कुमार मिश्रा के खिलाफ उनकी शिकायत को दर्ज किया गया है। यह शिकायत नेगोशिएबल इंस्ट्रुमेंट्स एक्ट की धारा 138 के तहत दायर की गयी है। शिकायतकर्ता अजय कुमार पांडेय ने बताया कि दीपक कुमार मिश्रा द्वारा ढाई लाख रुपये का चेक जारी किया गया था। यह चेक बैंक में जमा कराये जाने पर बाउंस हो गया, क्योंकि दीपक मिश्रा के खाते में पर्याप्त रकम नहीं थी।

# बालुभांग पंचायत के सभी बुथो पर इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने चलाया प्रचार अभियान

### कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के पक्ष में मांगा वोट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड क्षेत्र के बालुभांग पंचायत के सभी बुथो पर इंडिया गठबंधन प्रखंड पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ ने चतरा संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी डॉ के एन त्रिपाठी को भारी मतों से विजयी बनाने को लेकर प्रचार अभियान चलाया। इंडिया गठबंधन के पदाधिकारीयों ने कहा कि भाजपा सरकार के जुमलेबाजो का सरकार है, सबका साथ सबका विकास, नारी सशक्तिकरण, बेटी बचाव बेटी पढाव, अबकी बार 400 पार जैसे जुमलेबाजी करके जनता को धोखा दिया है, साथ ही इनके दस साल के कार्यकाल में, संप्रदायिकता, बेरोज़गारी, भ्रष्टाचार व मंहगाई चरम पर पहुँच चुका है, पदाधिकारीयों व कार्यकर्ताओं कांग्रेस के नितियो से मतदाताओं को अवगत कराते हुए कांग्रेस प्रत्याशी के एन त्रिपाठी के पक्ष मे मतदान की अपील की। मोके पर रा.सांसद.प्रतिनिधि सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रिगन कुमार राजद प्रखंड अध्यक्ष लव कुश यादव, झामुमो बीससुत्री अध्यक्ष सह प्रखण्ड अध्यक्ष राजेंद्र गंझु युवा मोर्चा कांग्रेस उपाध्याय लाल आशिस नाथ शाहदेव पवन यादव, अमन यादव, संतोष यादव, मुकेश यादव संजय यादव सहित अनेको कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे।

# बालूमाथ भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** प्रखंड मुख्यालय स्तिथ भाजपा मंडल कार्यालय में बुधवार को मंडल कार्यसमिति की बैठक संपन्न हुई ।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा वरिष्ठ नेता रामजी सिंह, गिरधारी यादव शामिल हुए। मौके पर, भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, ऐसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, मंडल महामंत्री रामकुमार गुप्ता, भाजपा नेता शैलेश सिंह एवं मंडल मंत्री प्रदीप यादव, के द्वारा आगामी पथसभा कार्यक्रम को सभी पंचायतों में सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने को लेकर चर्चा की गई ।साथ ही चुनाव को देखते हुए चतरा लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को अपार मतों से विजय बनाने का संकल्प लिया गया। वही आगामी 11 मई को सिमरिया प्रखंड में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में सभी पंचायत के ग्रामीणों को जागरूक करने व कार्यक्रम में भाग लेकर मोदी जी के बातो को सुनने की बात कहा गया। साथ ही अबकी बार 400 पार का नारा को पूरा करने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर भाजयुमो जिला महामंत्री सूरज शाह, रामकुमार गुप्ता, अशोक साहू, रंजित गुप्ता, अखिलेश भोक्ता, सोमनाथ भगत, राजेंद्र प्रसाद, महावीर तुरी, रघुनंदन सोनी, छोटा अर्जुन, विजय साव, विजय ठाकुर, पवन यादव, जितेंद्र साव, नरेंद्र रजक, पंकज सिन्हा, प्रमेश पांडे समेत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजुद रहे।वही कार्यक्रम का सफल संचालन मंडल महामंत्री विजय यादव ने किया।

## राहुल गांधी से मिली विधायक अंबा प्रसाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** विधायक अंबा प्रसाद ने कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का राँची एयरपोर्ट पर मुलाकात की। इस दौरान विधायक अंबा प्रसाद को आगामी लोकसभा चुनाव पर राहुल गांधी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ और अंबा प्रसाद ने इस दौरान उन्हें विश्वास दिलाया कि इस लड़ाई में हम सभी सड़क से लेकर सदन तक आपके साथ मजबूती से खड़े है। अंबा प्रसाद ने इस दौरान बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र वासियों के विस्थापन के मुद्दे पर अवगत कराते हुए विस्थापितों के साथ केंद्र सरकार मनमानी कर रही है विस्थापितों के हक अधिकार को अनदेखा किया जा रहा है। इस दौरान विधायक ने राज्य और क्षेत्र के विभिन्न गंभीर मुद्दों से अवगत कराया। वहीं सहारा इंडिया में देश के लाखों करोड़ों लोगों के जमा पूंजी फंसे होने पर गहरी चिंता जतायी। इस दौरान झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, रांची लोक सभा सीट प्रत्याशी यशस्विनी सहाय, रांची महानगर कांग्रेस अध्यक्ष कुमार राजा सहित कई वरिष्ठ कांग्रेसी मौजूद रहे।

# स्वस्थ भारत के लिए रक्तदान एवं स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान जरूरी : नैंसी सहाय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा विश्व रेड क्रॉस दिवस के शुभ अवसर पर मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन के विशेष सहयोग से एकदिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन नए समाहरणालय भवन में बुधवार को किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी नैंसी सहाय उपस्थित हुई। फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया, इसके बाद रेड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने फूलों का गुलदस्ता देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। रक्तदान शिविर में कुल 32 लोगों ने रक्तदान किया।रक्तदाताओं को गुलाब




का फूल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर डीसी नैंसी सहाय ने कहा कि स्वस्थ भारत के लिए रक्तदान और स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान आवश्यक है। साथ ही सभी रक्तदाताओं को रक्तदान के लिए बधाई देते हुए कहा कि 20 मई को मतदान अवश्य करें। मौके पर सचिव तनवीर सिंह ने सफल कार्यक्रम के लिए सभी को बधाई देते हुए कहा की भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी ने प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया ताकि थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों को रक्त उपलब्ध हो सके। इस रक्तदान शिविर में जिला प्रशासन का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खालको, जिला सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार,परिमल, रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव तनवीर सिंह, उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिन्हा, आशीष निधि, अनुपम सिन्हा,राज किशोर प्रसाद, रितेश खण्डेलवाल, सनंत सिन्हा, पवन कुमार, संतोष कुमार सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने किया पार्टी से किनारा



**हजारीबाग :** भारतीय जनता पार्टी हजारीबाग के वरिष्ठ नेता अनिल सिन्हा सहित विष्णुगढ़ मंडल अंतर्गत बनासो क्षेत्र के कई वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपना इस्तीफा भाजपा जिला अध्यक्ष हजारीबाग को सुपुर्द किया। इस अवसर पर अनिल सिन्हा ने आरोप लगाया कि मैं लगभग 35 वर्षो से पार्टी की निष्ठा पूर्वक सेवा करता आ रहा हूं। आज जितनी उपेक्षा पार्टी के द्वारा हम सब का किया जा रहा है वह असहनीय हो गया है। अब वह पुरानी भाजपा नहीं रही। इस समय भाजपा में जेवीएम से आए हुए को तरजीह दिया जा रहा है और भाजपा के समर्पित कार्यकर्ताओं की उपेक्षा किया जा रहा है। अपने स्वाभिमान से समझौता नहीं कर सका और विवश होकर दल छोड़ने का कठिन फैसला लेना पड़ा। अभी तो बस शुरुआत है। अब स्वाभिमानी कार्यकर्ता लगातार अपना इस्तीफा देते नजर आएंगे जिसकी सारी जवाब देही भाजपा के संगठन नेतृत्व का होगा। भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा के सासंद प्रत्याशी तो हम सब के प्रति दुर्भावना से ग्रसित हो गए हैं। उनको यह भी याद नहीं रहा कि जिस यशवंत सिन्हा को वे अपना दुश्मन बना बैठे हैं, उन्हीं की बदौलत विधायक बने थे।यशवंत सिन्हा के आशीर्वाद से ही भाजपा का टिकट मिला था मगर अपने आप को विधायक ने भस्मासुर साबित कर दिया। भस्मासुर का क्या परिणाम हुआ यह तो सारा जग जाहिर है इस प्रकरण का यही अंत नहीं हुआ। आग में घी डालने का काम हजारीबाग में भाजपा के डैमेज कंट्रोल करने आए भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद दीपक प्रकाश ने पूरी कर दिया। उनके द्वारा कोई कोर कसर नहीं छोड़ा गया।उनके द्वारा हजारीबाग लोकसभा के पूर्व सांसद सह पूर्व वित्त विदेश मंत्री के खिलाफ अनर्गल बयान बाजी से कार्यकर्ताओं में काफी नाराजगी देखी गई। इन्हीं सब कारणों से आहत होकर भाजपा के समर्पित कार्यकर्ताओं ने भाजपा से इस्तीफा देना शुरू कर दिया। इस्तीफा देने वालों में मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता सह सांसद मीडिया प्रभारी अनिल सिन्हा विष्णुगढ़ मंडल से संतोष पासवान, भागीरथ पासवान, छोटू पासवान, राजकुमार यादव, नरेश कुमार पासवान एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिला महामंत्री राशिद इकबाल उर्फ छोटू उपस्थित हुए।इस अवसर पर स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जी की कही बातें याद आ रही है।, उन्होंने उन्होंने कहा था कि ÷मेरी एक बात गांठ बांध लेना हमारा एक भी पुराना कार्यकर्ता टूटना नहीं चाहिए, नए चाहे 10 टूट जाए क्योंकि पुराना कार्यकर्ता हमारी जीत की गारंटी है और नए कार्यकर्ता पर विश्वास करना जल्दी बाजी है÷।

## पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की लापरवाही से हजारों लीटर पानी की हो रही बर्बाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** फुटपाथ दुकानदार संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की लापरवाही से इस भीषण गर्मी में हजारों लीटर पानी की बर्बादी का मुद्दा उठाया है।बताया कि कंचन ग्राउंड स्टेडियम राज रेस्टोरेंट के सामने पिछले 15- 20 दिन से पानी का पाइप फटा हुआ है जिससे पानी की बर्बादी के साथ हीं सड़क भी खराब हो रहा है। जनता पानी के लिए परेशान है और रोड में इतना पानी बह जाता है कि जिससे सारे शहर की प्यास बुझ सकती है।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय में छात्र अभिनंदन सह अभिभावक सम्मेलन आयोजित किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्च विद्यालय, बाबुगांव, कोर्रा, में मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह सह अभिभावक सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती एवं भारत माता के चित्र के समक्ष विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष डॉ ब्रज कुमार विश्वकर्मा, सचिव राम बहादुर सिंह सदस्य शैलेन्द्र कुमार गुप्ता,अभिभावक प्रतिनिधि पम्मी देवी एवं प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। तत्पश्चात् प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह के द्वारा अतिथियों का परिचय कराया गया। कक्षा सप्तम की बहनों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। आचार्य राज कुमार सिंह ने अभिभावक सम्मेलन का उद्देश्य एवं




भूमिका प्रस्तुत गया।सदस्य शैलेन्द्र कुमार गुप्ता ने कहा कि शिक्षा तो कहीं से भी प्राप्त होता है लेकिन संस्कार युक्त विद्या सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में ही संभव है। जिसके कारण एक अलग ही पहचान बनती है। कक्षा सप्तम की बहनों द्वारा एक समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया जिसने सभी का मन मोह लिया। वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2024मे विद्यालय में प्रथम दस स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहन को एवं माता पिता को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पवन कुमार गुप्ता, सुशील सौरभ, रेवत लाल प्रसाद, शिव शरण ठाकुर, राहुल कुमार पाण्डेय, पिंटू कुमार राय, अर्चना सिन्हा, आनन्द किशोर प्रजापति, विवेक कुमार, निखत प्रवीण, सुश्री बेबी कुमारी, रविन्द्र कुमार, मुकेश कुमार सिन्हा, रविकांत पाठक, पप्पू कुमार पाण्डेय एवं अमन कुमार गुप्ता का सहयोग रहा।

## बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद का बरही चौक पर ओबीसी कांग्रेस ने किया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बुधवार को ओबीसी कांग्रेस, बरही प्रखंड कमेटी ने बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद का बरही चौक पर स्वागत किया। मौके पर बरही विधायक उमाशंकर अकेला और कांग्रेस के एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान, प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, बेंदगी मुखिया सिकंदर राणा भी मौजूद थे। ओबीसी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता की पहल से आयोजित वैश्य समाज के कार्यक्रमों में विधायक अंबा प्रसाद पहुंचीं और लोगों से संवाद किया। सभी महिलाओं की समस्या भी सुनी।विधायक अंबा ने कहा कि हमारे खिलाफ केंद्र सरकार द्वारा जो अत्याचार किया जा रहा है, उसका जवाब हमारे समाज के लोग कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल को भारी संख्या में मतदान करके लेंगे। हजारीबाग लोकसभा की प्रगति के लिए अबकी बार जमीन पर परिवर्तन का माहौल है। वैश्य समाज किसी पार्टी विशेष के अधीन नहीं है, पिछले दस सालों में जनता समझ चुकी है कि मोदी सरकार आम लोगों की नहीं, सिर्फ धन्नासेठों और उद्योगपतियों की है।

## पोस्टल बैलेट के माध्यम बरही सीआई ने किया मतदान




**बरही :** निर्वाचन ड्यूटी के मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान आज 8 मई को प्रमंडलीय प्रशिक्षण संस्थान, जबरा में आयोजित किए जा रहे है। पोस्टल बैलेट के माध्यम से पलामू संसदीय क्षेत्र के पहले मतदाता बरही अंचल निरीक्षक सतीश कुमार सिन्हा ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बता दें वैसे मतदाता जिनका निर्वाचन ड्यूटी के कारण हजारीबाग में प्रतिनियुक्त है वें पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना मतदान कर रहे है। मौके पर सीआई सतीश कुमार सिन्हा ने कहा कि यह बहुत ही बेहतर तरीका है, मैंने आसानी से अपना मतदान दिया। वहीं उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वोट देने जरूर जाए।

## भाकपा प्रत्याशी बेरोजगारी एवं विस्थापितों के खिलाफ काफी दिन से कर रहे हैं जंग : भुवनेश्वर प्रसाद मेहता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सदर प्रखंड अंतर्गत अमृतनगर, मेरू, सिलवार, अमनारी, डंडई, ओरिया, बैहरी ,सखिया, लालपुर चौक, सरौनी, हुटपा सहित कई गांव में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रत्याशी सह विस्थापित आंदोलनकारी अनिरुद्ध कुमार डोर टू डोर घूम कर अपने पक्ष में मतदान करने का अपील किया। वहीं कटकमसांड के लुपुंग पंचायत में हजारीबाग अंचल के सभी भाकपा कार्यकर्ताओं एवं नेताओं की अहम बैठक कुंजल साव की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें सभी कार्यकर्ता जोर-शोर से चुनावी प्रचार में लगकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार अनिरुद्ध कुमार को जीतने का संकल्प लिया। इस बैठक के मुख्य अतिथि हजारीबाग के पूर्व सांसद सह भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता भुवनेश्वर प्रसाद मेहता थे। भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि हमारे पार्टी उम्मीदवार अनिरुद्ध कुमार बड़कागांव, केरेडारी, टंडवा, सहित कई इलाकों में विस्थापन एवं बेरोजगारी के खिलाफ आंदोलन



किया। बड़कागांव गोंदलपुरा में आज भी 12 अप्रैल से धरना चल रहा है। जिसकी अगुवाई भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी एवं अनिरुद्ध कुमार ने किया। जहां पिच्छडे, आदिवासी, दलित, गरीब किसानों की जमीन भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने अडानी को देकर पूंजी पतियों के हाथ में बेचने की कम कर रही है। जबकि मोदीजी 2014 में अपने घोषणा पत्र में बताया था, कि मैं महंगाई बेरोजगारी से देश को निजात दिलाऊंगा। वही आज 24 करोड़ बेरोजगारी हो गई है। लेकिन मोदी सरकार कोई पहल नहीं कर रही है। पूंजीपतियों के हाथों में बेचकर पूरे देश को गिरवी रखने का काम भाजपा सरकार कर रही है।

## इंडी प्रत्याशी जेपी पटेल के लिए समाजसेवी मुन्ना सिंह ने मांगा जनसमर्थन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस नेता और समाजसेवी मुन्ना सिंह ने विकास के सपने को साकार करने के लिए जेपी भाई पटेल के पक्ष में कटकमदाग प्रखंड के खपारियवांवा, नवादा तथा ढेंगुरा ,पंचायत बेस पंचायत के विभिन्न गांवों का दौरा किया।इस जनसंपर्क अभियान के दौरान, उन्होंने स्थानीय लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना और उन्हें संबोधित किया। जनसंपर्क के दौरान श्री सिंह ने स्थानीय ग्रामीणों को भी अपने अनुभवों को साझा करने का मौका दिया, जिससे स्थानीय जनता का विश्वास मजबूत हो।मौके पर उन्होंने कहा कि हमें हर व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, समझना और उनके साथ मिलकर समाधान ढूंढना है। हम जनता के साथ हैं और उनके विकास के लिए पूरी तरह से समर्पित हैं।

## विष्णुगढ़ में भाजपा चुनावी कार्यालय का किया गया उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** बगोदर मार्ग सातमील चौक में हज़ारीबाग लोकसभा चुनाव के संचालन को लेकर राजेंद्र आजाद के भवन में भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय का 07 मई 2024,मंगलवार को उद्घघाटन किया गया। बतौर मुख्यातिथि माण्डू विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति संयोजक रंजीत सिन्हा,विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह अधिवक्ता आदरणीय चन्द्रनाथ भाई पटेल,कोडरमा लोकसभा साँसद प्रतिनिधि आदरणीय भुवनेश्वर पटेल ने पूरे विधि-विधान से पूजा अर्चना कर फीता काटकर भाजपा कार्यालय का उद्घाटन किया गया।इस मौके पर भाजपा मंडल पदाधिकारियों,मंच-मोर्चा के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों, मंडल के बुथसंयोजक,सह-संयोजक,बूथ के कार्यकर्ता,पन्ना प्रमुख समेत मतदाता भी सैकड़ो की सँख्या में शामिल रहे। कार्यालय उद्घघाटन के पश्चात कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए रंजीत सिन्हा ने कहा कि विरोधी संकीर्ण मानसिकता से ग्रसित हो गया है,आज मेरे एक चेले ने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया,परन्तु मैं



आज भी भाजपा में हूँ। इन बातों पर ध्यान नही देना है,हमारा लक्ष्य अटल है,वोट कमल है। भाजपा प्रत्याशी को भारी बहुमत से जिताकर मोदी को हज़ारीबाग से एक कमल पुष्प देना है। चन्द्रनाथ भाई पटेल ने कहा कि हमारा प्रदेश नेतृत्व,केंद्र का नेतृत्व जिस प्रकार दिन रात मेहनत कर रहा है,अगर ईवीएम में गड़बड़ी सम्भव होती तो इतनी मेहनत की जरूरत नही पड़ती,ये सिर्फ विरोधियों की चाल है,जनता को बरगलाने के लिए। भुवनेश्वर पटेल ने कहा कि हमे समझना होगा जिस कॉंग्रेस ने हमारे सबसे बड़े कुर्मी नेता का अपमान किया,उसी कांग्रेस को वोट देना क्या उचित है?आजादी के बाद कॉंग्रेस कमिटि बैठक में 14 वोट में से 13 सरदार को वोट मिले 01 नेहरू को फिर भी सरदार प्रधानमंत्री नही बने ये किसकी चाल थी? भाजपा ने हमारे सबसे बड़े नेता सरदार वल्लभ भाई पटेल को सम्मान देते हुए उनकी विश्व की सबसे बड़ी मूर्ति बनाकर सम्मान देने का काम किया है। इस मौके पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल,आजसू प्रखण्ड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल,साँसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद,रंजीत गुप्ता,सुशील महतो,सुनील कुमार वर्मा,संतोष कुमार महतो,राजेश सोनी,गौतम भारती, अंजू देवी, रीना बर्मन,सीमा देवी, सबिता देवी,गायत्री देवी, प्रभु प्रसाद विश्वकर्मा, डॉ. ए जब्बार, कन्हाई यादव, रवि कुमार पांडेय,दीपक कुमार रजक,विनोद गुप्ता,नीतीश कुमार बर्णवाल, संदीप कुमार कसेरा,राजू यादव,संतोष पासवान, सुरेश राम ,चंद्रमोहन दास, मन्नू पाण्डेय, झल्लू पंडित, सुनील मिश्रा, अनूप कुमार कसेरा, विजय कुमार कसेरा, प्रदीप कुमार कसेरा, राजेन्द्र यादव,अशोक बर्मनसमेत सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं मतदाता शामिल थे।

## भाजपा के बुथ अध्यक्षों के साथ बैठक कर मनीष जायसवाल के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया



**बड़कागांव :** भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव पुर्वी उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो के नेतृत्व में नयाटांड, हरली, बादम, गोंदलपुरा, गरसूल्ला पंचायत के बुथ अध्यक्षों एवं ग्रामीणों के साथ बैठक कर हजारीबाग सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल के समर्थन में जनसंपर्क अभियान चलाया। साथ ही साथ बैठक कर बुथ सशक्तिकरण हेतु अपना बुथ सबसे मजबूत को लेकर कई दिशा निर्देश दिए गए। मौके पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, सांसद प्रतिनिधि बेचन साव, श्रीकांत निराला, किशोर राणा, राहुल कुमार, उज्जवल कुमार, भगीरथ ठाकुर, नितेश कुमार, पंसस प्रतिनिधि संतोष महतो, संतोष कुमार, सुरेश महतो, भुपाल स्वर्णकार, सिकन्दर महतो, पोखन राणा, विजय कुमार, सचिदानंद पांडेय, सेवंती कुमारी, देवंती देवी, हरली मुखिया कविता कुमारी, पुर्व मुखिया बिगेशवर महतो, नागेश्वर महतो, कृष्ण गुप्ता समेत कई लोग उपस्थित थे।

## बड़कागांव में पशुपालन विभाग द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**बड़कागांव :** प्रखंड मुख्यालय परिसर में लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता डॉ लैशराम गोसाई सिंह, प्रखंड पशुपालन अधिकारी ने किया। इस दौरान डॉक्टर लैशराम गोसाई सिंह ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लाभुकों को बढ़ चढ़कर मतदान करने के लिए जागरूक किया और दूसरे को मतदान के लिए प्रेरित करने को कहा। इस दौरान लोगों ने बिना लोभ लालच मतदान के लिए शपथ लिया।

# मेरे उपर विपक्ष के निजी हमले उनकी चुनाव पूर्व हार की हताशा है : मनीष जायसवाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** एनडीए हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल का विष्णुगढ दौरे में आठ मील चौक में भाजपा एवं आजसू के कार्यकर्ताओं द्वारा गाजे-बाजे के साथ फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया।विष्णुगढ प्रखण्ड के सघन दौरे एवं जनसंपर्क अभियान के तहत भेलवारा, गोविंदपुर, कुसुम्भा एवं विष्णुगढ़ में जनसंपर्क के साथ नुक्कड़ सभा किया गया।इसके पश्चात विष्णुगढ सात मील चौक से बनासो भव्य रोड शो किया गया।नुक्कड़ सभाओं के दौरान सम्बोधित करते हुए मनीष जायसवाल ने कहा कि विपक्ष अपनी हार देखकर बौखला गया है। विपक्ष के पास ना नीति है ना,ना नियत है,ना ही नेता और ना ही कोई मुद्दा है, इसी बौखलाहट में मेरे ऊपर निजी हमले किये जा रहे है।



इसका आप सब मतदाताओं 20 मई 2024 को कमल के निशान पर वोट देकर जवाब देना है। विपक्ष के नेता कुर्मी समुदाय से आते है,परन्तु देश के सबसे बड़े कुर्मी नेता सरदार वल्लभ भाई पटेल को अपमानित करने वाली पार्टी कॉंग्रेस के साथ खड़े है।इस मौके पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल,आजसू प्रखण्ड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल,साँसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद,सुशील मंडल,रंजीत गुप्ता,सुशील महतो,डुमरचन्द महतो,सुनील कुमार वर्मा,कुँवर हांसदा, लिलो महतो, अशोक गुप्ता, छोटीलाल शर्मा, रूपेंद्र महतो, टेकलाल यादव,सोनू कुमार, सतीश राम,संतोष कुमार महतो, राजेश सोनी,गौतम भारती, अंजू देवी,रीना बर्मन, सीमा देवी, गायत्री देवी,प्रभु प्रसाद विश्वकर्मा, डॉ. ए जब्बार, कन्हाई यादव, रवि कुमार पांडेय, दीपक कुमार रजक, विनोद गुप्ता,नीतीश कुमार बर्णवाल समेत सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण शामिल रहे।

## चुनाव को लेकर सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारी की हुई संयुक्त बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड के सभागार में बुधवार को आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के नियमित तैयारी की समीक्षा से संबंधित सेक्टर मजिस्ट्रेट और पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार ने की। बैठक में बीडीओ ने चुनाव से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए गया। उन्होंने बताया कि बरही में 84 से 105 सेक्टर संख्या है और बूथ संख्या 123 है। हर बूथों में बिजली, पानी, शौचालय और सुरक्षा का इंतजाम रखने का निर्देश दिया गया। मौके पर ब्लॉक के निर्वाचन कंप्यूटर ऑपरेटर वसीम अकरम, बरही थाना से दिनेश महतो, सुमित कुमार, सुशील कुमार, सोनाराम बिरुवा, पंचू किस्कू, बादल हेंब्रम सहित थाना के सभी पुलिस पदाधिकारी एवं सभी बूथों के प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट में रामप्रसाद सोरेन, सुभाष कुमार, जागेश्वर उरांव, मोतीलाल मांझी, आशीष कुमार, अमित कुमार, सुनील कुमार, प्रमोद राम, वीरेंद्र कुमार, अजय कुमार उपाध्याय, विवेक प्रकाहर गर्ग, सहित अन्य मजिस्ट्रेट मौजूद थे।

## अभी इस्तीफा देना सिर्फ एक प्रोपगेंडा : किशोर कुमार मंडल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** माण्डू विधानसभा सहित विष्णुगढ़ प्रखण्ड में वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव के समय से ही पूर्व में भाजपा नेता के टिकट कटने पर कुछ भाजपा कार्यकर्ता उस समय से नाराज थे। वो नारजगी वर्तमान माण्डू विधायक के पाला बदलने तक जारी रहा,उस समय के राजनीतिक हालात में पार्टी के बड़े नेताओं द्वारा माण्डू विधायक का अन्दरखाने से जबरदस्त विरोध भी किया गया,परन्तु अंततोगत्वा उस समय के भाजपा प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल की बड़े कम अंतर से जीत हुई। वर्तमान में उपजे राजनीतिक हालात में जो उस समय माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल का विरोध कर रहे थे,आज के समय मे उनके साथ है,इसे राजनीति की विडम्बना ही कही जा सकती है।उस समय राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय था,कि उस समय के जिलाध्यक्ष पद के दावेदारो में से एक विपिन कुमार सिन्हा का भारी विरोध किया गया और उनका राजनीतिक भविष्य अधर में लटक गया।परन्तु व्यक्ति विशेष की राजनीति करने वाले वर्तमान माण्डू विधानसभा साँसद प्रतिनधि विपिन कुमार सिन्हा ने आज हुकुम बजाते हुए चार सहयोगियों विजय सिंह,हरेंद्र महतो,रोहित प्रसाद बर्मन,कारू प्रजापति(छोटा) संग भाजपा के प्राथमिक सदस्यता से 07 मई 2024 को इस्तीफा दे दिया।जिसमे एक कथित सहयोगी हरेंद्र महतो ने कहा की आवेदन में मेरा हस्ताक्षर नही है,और मैं फ़ोटो में भी नही हूँ। अतः मुझे इस प्रकरण में घसीटा ना जाय। इस प्रकरण पर जानकारी देते हुए वर्त्तमान विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल अध्यक्ष ने कहा कि वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं ने जो मुझ पर उपेक्षा का जो आरोप लगाया गया बिल्कुल निराधार है,जब से मैं मंडल अध्यक्ष बना हूँ तब से लगभग सभी को व्यक्तिगत रूप से व्हाट्सएप एवं कॉल के माध्यम से सूचित किया हूँ,जिसे जब भी पार्टी स्तर मुझे प्रस्तुत करने को कहेगा मैं तैयार हूँ। परन्तु बीते चार वर्षों में कोई भी मीटिंग में शामिल नही हुए,हाँ एक या दो बार सिर्फ साँसद जयंत सिन्हा के कार्यक्रम में शरीक जरूर हुए ।इसके बाद अब विरोधियों के द्वारा मुझे बदनाम करने की कोशिश भी की जा रही,जिसमे चौक चौराहों पर इसकी चर्चा भी की जा रही है। मैं अपने विरोधियों को स्पष्ट कर देना चाहता हूँ,मैं व्यक्ति विशेष की राजनीति नही करता,मैं भाजपा का एक छोटा सा सिपाही हूँ।

# टॉप 10 में शामिल छात्र छात्राओं को विद्यालय परिवार की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

**टॉप 10 में 9 लड़कियों ने मारी बाजी**
**9 स्थान पर लड़कियों का रहा कब्जा**
**सफल छात्र-छात्राओं की उज्जवल भविष्य का करता हूं कामना : विनय**




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** जैक द्वारा आयोजित माध्यमिक परीक्षा में सफलता अर्जित करने वाले परीक्षार्थी को श्री नारायण उच्च विद्यालय के प्रधानध्यापक विनय कुमार अग्रवाल द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य विनय कुमार अग्रवाल द्वारा बताया गया कि जैक द्वारा आयोजित माध्यमिक परीक्षा में विद्यालय के टॉप 10 में आने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित करने का काम किया गया है। ताकि छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा पूरे जोश व उमंग के साथ पुरा कर सके। टॉप 10 में आने वालो मे 9 लड़कियां व एक लड़का स्थान बनाने मे कामयाबी पाया है। टॉप 10 में आने वाले मानसी कुमारी, देवस बेदिया, मुस्कान कुमारी, अंजली कुमारी, प्रतिभा शर्मा, गीतांजलि कुमारी, खुशी प्रसाद, राधा कुमारी, कुंती कुमारी व स्वीटी कुमारी क्रमशः स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय परिवार की ओर से सफलता प्राप्त करने वाले सभी छात्राओं को उज्जवल भविष्य की कामना करती है। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार महतो श्रवंती कुमारी मुनिता कच्छप, नूपुर भट्टाचार्य, आलोक कुमार मिश्रा, राकेश कुमार, रंजन कुमार सिंह, अनूप कुमार द्विवेदी, सुबोध कुमार, बिंदेश्वर राम, विजेंद्र कुमार सिंह, शिव वचन महतो, मंजू कुमारी सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित थे।

# एसएसटी ने बन खेता टोल प्लाजा के पास कार से 46 लाख रुपए जप्त किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** लोकसभा चुनाव को लेकर जारी सघन चेकिंग अभियान के दौरान रामगढ़ के वन खेता के पास एसएसटी की टीम ने एक इनोवा कार से भारी मात्रा में कैश बरामद किया गया है। लोकसभा चुनाव के दौरान झारखंड में ये अबतक की सबसे बड़ी कैश की बरामदगी बताई जा रही है। रामगढ़ के वनखेता टोल प्लाजा के पास चेकिंग के दौरान इनोवा कार से 46 लाख रूपये कैश बरामद किया गया है। बरामद रूपये की जांच के लिए उप निर्वाचन पदाधिकारी रवींद्र कुमार गुप्ता और आयकर संयुक्त आयुक्त मौके पर पहुँचे। भारी संख्या में कैश बरामद की के बाद कयासों का बाजार जारी है।एसएसटी टीम के द्वारा 46 लाख रूपए इनोवा कार से रांची के कारोबारी राकेश कुमार के गाड़ी से हुई पैसे बरामद।मौके पर एक्सपेंडिचर सेल के राज्य कर पदाधिकारी जियाउल हक, अनीता फैल्सा, एईओ संजय कुजूर सहित एसएसटी एफएसटी की टीम इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## मीडिया प्रतिनिधियों के पोस्टल बैलट के माध्यम से होने वाले मतदान के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र, हजारीबाग (रामगढ़) के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। इस दौरान आकस्मिक सेवाओं/ एमरजैंसी सर्विसेज के अंतर्गत आने वाले सभी मीडिया प्रतिनिधि जिनके पास लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मीडिया प्राधिकार पत्र है एवं उन्होंने पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान करने के लिए प्रपत्र भरा है वे 30 मई 2024(अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में मतदान की तिथि के अनुसार) तक जिला समाहरणालय, रामगढ़ में कार्यालय अवधि के दौरान आकर अपना मतदान कर सकते हैं।।सभी पत्रकार बंधुओ से अनुरोध है कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग, रामगढ़ के लिए निर्धारित मतदान की तिथि 20 मई 2024 को अपना अपना मतदान जरूर करें।

## बीडीओ व एसडीपीओ बड़कागांव ने उरीमारी चेकनाका का किया निरीक्षण



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उरीमारी के चेकपोस्ट स्थित काटाघर के समीप बने चेकनाका का बुधवार को बड़कागांव प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेन्द्र कुमार मंडल एवं बड़कागांव अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुलदीप कुमार ने औचक निरीक्षण किया। इसदौरान एसडीपीओ बड़कागांव कुलदीप कुमार ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर उरीमारी चेकपोस्ट का औचक निरीक्षण किया गया और साथ ही हजारीबाग जिले के सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण यहां स्थेनिक दंडाधिकारी कंचन कुमार कश्यप को प्रतिनियुक्त किया गया है। जो स्थानीय उरीमारी पुलिस कि सहयोग से सभी तरह के चार पहिया व दो पहिया वाहन की जांच कर रहे हैं। स्थेनिक दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति लगभग दो सप्ताह पुर्व से कि गई है। जो लगातार वाहनों में शराब, अत्याधिक पैसे, वाहनों के कागजात की जांच की जा कर रहे हैं। वहीं इस मौके पर उरीमारी ओपी के सीताराम सिंह व सदलबल जवान शामिल है।

# उपायुक्त द्वारा 2 अपराधियों को किया गया जिला बदर, 9 अपराधियों को प्रतिदिन लगानी होगी थाने में हाजरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामगढ़ चंदन कुमार के न्यायालय में झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 के तहत वैसे अपराधियों जोकि जेल से छूटकर आने पर अपने घर पर न रहकर बाहर से ही व्यावसायियों एवं ठेकेदारों से रंगदारी की मांग करते हुए धमकी देने, विभिन्न स्त्रोतों से खबर भिजवाकर या खुद जाकर अपने प्रभाव क्षेत्र के ठेकेदारों व्यवसायियों, ट्रांसपोर्टरों तथा सीसीएल के पदाधिकारी/ कर्मियों को लेवि के लिए भयभीत करने का कार्य करते हैं एवं जिला बदर किए जाने के उपरांत भी अवांछित रूप से जिला में प्रवेश करने तथा विभिन्न स्त्रोतों से खबर भिजवाकर या खुद जाकर लेवी के लिए भयभीत करने अथवा वाद के गवाहों व वादी को डराने धमकाने की संभावना एवं अपराधी की गतिविधियों पर प्रतिदिन निगरानी रखने की आवश्यकता से संबंधित मामले में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी के न्यायालय द्वारा की गई सुनवाई में निम्न आदेश जारी किए गए हैं। अपराध कर्मी अमित साहू उर्फ़ जूली पतरातू बस्ती पतरातु, दीपक रजक न्यू मार्केट पतरातू, राजू सिंह बिना टॉकीज के समीप, रवि ठाकुर मुर्पा मांडू, जागो मांझी बांदा टोला पिपरा जरा गोला, नियत अली उर्फ भोलू गोलपार रामगढ़, बीरचंद मांझी पिपराजरा गोला, सागर सोनकर उर्फ राजा गोलपार रामगढ़, नसीम अंसारी गोला को आगामी 3 महीने के लिए प्रतिदिन 10ः00 बजे पूर्वाह्न में थाना प्रभारी पतरातू के समक्ष हाजिरी लगाने हेतु आदेश दिया गया है।यदि कोई अनुज्ञप्ति आधारित शस्त्र है तो अविलंब उसे स्थानीय थाने में जमा करना होगा एवं इस अवधि में किसी भी स्थिति में शस्त्र धारित नहीं करना होगा।इसके अलावा उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी के न्यायालय द्वारा विधि व्यवस्था लोक शांति बनाए रखने तथा अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से 2 कुख्यात अपराधी चंद्रमा ठाकुर जयनगर पतरातु, एवं पवन ठाकुर जयनगर पतरातु के विरुद्ध निम्न आदेश जारी किए गए हैं। उक्त सभी आदेश तत्काल प्रभाव से लागू है एवं आदेश की अवमानना अथवा उलंघन झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 की धारा 25 तथा भारतीय दंड संहिता, इत्यादि के अन्य सुसंगत धाराओं के अंतर्गत दंडनीय होगा।

# वर्ष 2024 के अप्रैल महीना में खुदरा वाहनों की बिक्री में हुई बढ़ोतरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन झारखड़ चेप्टर के चेयरपर्सन गोविंद पी मेवाड़ ने पत्रकारों को जानकारी दी की पिछले वर्ष के अप्रैल माह की तुलना में इस वर्ष 2024 के अप्रैल माह में खुदरा वाहनों की बिक्री 24.90त्न बढकर 55757 ईकाई हो गई हैं। जबकि पिछले वर्ष 2023 के अप्रैल माह में 44640 ईकाई थी ।झारखंड स्तर पर दो पहिया वाहन अप्रैल 24 में 28.88 त्न की वृद्धि के साथ 46850 इकाई की बिक्री हुई है वही अप्रैल 23 में यह मात्र 36351 इकाई थी। तीन चक्का वाहन अप्रैल 24 में 7.01 त्न की बढ़त को दर्शाते हुए 1573 ईकाई की बिक्री दर्ज की है जबकि अप्रैल 23 में इसकी ईकाई 1470 की थी। हम कॉमर्शियल वाहन की चर्चा करके देख रहे है कि अप्रैल 24 में इसमें -2.49त्न की गिरावट के साथ 1723 इकाई की बिक्री दर्ज कि है वही अप्रैल 23 में इसकी बिक्री 1767 इकाई थी। वही यात्री वाहन ने झारखंड मे अप्रैल 24 मैं 13.95त्न की बढ़त बनाते हुए 4959 ईकाई की बिक्री दर्ज की है वही अप्रैल 23 में यात्री वाहन ने मात्र 4352 इकाई की बिक्री दर्ज की थी। अप्रैल 2024 मे टैक्टर कि बिक्री में ङ्क6.86त्न कि गिरावट के साथ 652 इकाई की बिक्री दर्ज की है जबकि पिछले साल अप्रैल 23 में यह 700 इकाई थी।उपरोक्त आंकड़े बता रहे हैं कि पीछले वर्ष अप्रैल 23 की अपेक्षा अप्रैल 24 में व्यक्तिगत वाहनों की बिक्री झारखंड में अच्छी रही है जबकि कॉमर्शियल वाहन ओर ट्रैक्टर की बिक्री में गिरावट आई है तथा तीन पहिया वाहन की बिक्री में मामूली बढ़त हुई है ।उल्लेखनीय है कि दो चक्का वाहन तीन चक्का वाहन तथा यात्री वाहन ने सकारात्मक रुख़ दर्शाया है। वही कोमार्शियल वाहन और ट्रैक्टर की बिक्री मैं गिरावट आई है ।जबकि राष्ट्रीय स्तर पर 26.74त्न बढ़त बनाते हुए सभी वाहनो ने झारखंड से अधिक बिक्री दर्ज की है ।

## हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से दो उम्मीदवार,एक भाजपा एवं दूसरा कांग्रेस से : महेंद्र पाठक



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रत्याशी अनिरुद्ध कुमार के समर्थन में रामगढ़ के कोठार कांकेबार, चेटर, गडके, गोडातु, ईचातु, जामसिग ,चटाक, दुलमी ईदपारा, चामरोग, सिरु, होहद, पोटमदगा आदि कई गांव में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा जनसंपर्क अभियान चलाया गया। प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक,पीके पांडे,अजय कुमार सिंह,चितरंजन महतो,मनोज महतो, अविनाश बेदीया, आजाद सिंह आदि नेताओं ने गहन जनसंपर्क अभियान चलाया। महेंद्र पाठक ने कहा की हजारीबाग की जनता सेवा का मौका दिया। आगे जनता की जन समस्याओं को लेकर अनावृत जनआंदोलन को तेज करने के लिए हजारीबाग की जनता के विश्वास एवं जन समस्याओं को लेकर संसद तक पहुंचाने के लिए, हजारीबाग की जनता एक बार फिर मौका देगी। भारतीय जनता जनता पार्टी देश में लोकतंत्र एवं संविधान को कुचलना चाहती हैद्यइसीलिए संसद के अंदर जन विरोधी कानून बनाए जा रहे हैंद्यताकि विपक्ष के लोगों पर हमला किया जा सके, लगातार विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास केंद्र सरकार कर रही है, कांग्रेस पार्टी के अंदर भी भारतीय जनता पार्टी का एजेंट काम कर रहा है, देश के कई लोकसभा क्षेत्र में भाजपा एवं कांग्रेस दोनों के सिंबल से चुनाव लड़ रहा है, हजारीबाग में भी भारतीय जनता पार्टी का दो उम्मीदवार चुनाव मैदान में है तो मांडू के विधायक ने अभी तक विधानसभा से इस्तीफा नहीं दिया, लोगों को गुमराह करने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपना दो उम्मीदवार भाजपा और कांग्रेस दोनों से दिया है, अपील है कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी को उम्मीदवार अनिरुद्ध कुमार को ईबीएम के बटन दबाकर चार नंबर पर हसुआ जोकि वाली छापपर वोट दे ताकि जनता की आवाज को संसद तक पहुंचा जा सके। साथ में विनोद ठाकुर लोकनाथ महतो नंदन महली शाहित कई लोग मौजुद थे।

# बीजेपी का एक एक कार्यकर्ता पूरी ईमानदार और निष्ठा के साथ चुनाव में लगे है : टुनु गोप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला की एक आवश्यक बैठक बुधवार को रामगढ़ कैंट स्थित होटल शिवम इन मे जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता की अध्यक्षता में बुलाई गई । बैठक में जिला के पदाधिकारी, जिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं महामंत्री , मंडल अध्यक्ष एवं मंडल के महामंत्री तथा जिला में निवास करने वाले वरिष्ठ नेतागण की उपस्थिति रही । दिनांक 11 /05/2024 को चतरा जिला के सिमरिया में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विशाल रैली 15/05/2024 को आसाम के मुख्यमंत्री हेमन्त विश्वशर्मा का रजरप्पा डीएवी पब्लिक स्कूल के मैदान में चुनावी सम्मेलन तथा गृह मंत्री अमित शाह के रामगढ़ कैंट में 17 मई को होने वाले रोड शौ कार्यक्रम को लेकर रामगढ़ जिला के अपेक्षित बीजेपी सदस्यों के साथ चर्चा कर आगे की रणनीति बनाई गई। 12 मई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रैली में रामगढ़ जिला से अधिक से अधिक बूथ स्तर से कार्यकर्ता एवं आम जनता की भागीदारी सुनिश्चित कर उसकी व्यवस्था की जिम्मेदारी तय किया गया। वही जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने सभी मंडल अध्यक्ष से शक्ति केन्द्र पर होने वाले पथ सभा को लेकर दिशा निर्देश दिए और चुनाव कार्यालय के प्रगति पर जानकारी ली ।बैठक में मुख्य रूप से बीजेपी झारखंड प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार , हजारीबाग लोकसभा प्रभारी शशि भूषण भगत,लोकसभा संयोजक टुनू गोप सह संयोजक रणंजय कुमार , लोकसभा सामाजिक सम्पर्क अभियान के जिला सह दिनेश साहू,संयोजक जिला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी, बलराम महतो, आनन्द बेदिया अखिलेश प्रसाद,,जिला महामंत्री खिरोधर साहू, रंजन सिंह फ़ौजी , जिला मंत्री राजेन्द्र कुशवाहा, संजीव कुमार बावला, रमेश कुमार वर्मा , दिलीप सिंह,वसुध तिवारी, सुरेन्द्र करमाली,मांडू विधान सभा संयोजक रंजीत कुमार सिन्हा, रामगढ़ विधान सभा सह संयोजक रंजीत पाण्डे, विजय जायसवाल, दीनदयाल कुमार, जिला मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त, प्रभारी भीमसेन सिंह चौहान , अमितेश कुमार सिंह, लक्ष्मी देवी, नमेंद्र चंचल,कुमेल उरांव सनी कुशवाहा, विनोद कुमार सैय्यद किरमानी, सुखदेव प्रसाद शिव कुमार महतो, महेन्द्र प्रजापति,सहदेव ठाकुर,सूर्यवंश श्रीवास्तव, मनोज गिरि, अशोक कुमार,गणेश प्रसाद स्वर्णकार, बबलू साव , संजय साह, राजेश कुमार, सागर दांगी नरेश कुमार,युगेश महतो, मनोज महतो, सरदार अनमोल सिंह, विजय ओझा,अरुण कुमार गणौरी, त्रिलोचन प्रजापति, विनोद कुशवाहा,जगदीश शर्मा,विनोद मिश्रा, ब्रजेश पाठक, धीरज साहू, सोनू कुमार शौर्य,, सत्यजीत सिंह, जितेन्द्र साहू, सुनील प्रसाद, पी एन सिंह, ललन सिंह अजय ओझा, अर्जुन कुमार वर्मा, इंद्रदेव साव, संजय रजक, स्नेहा गुप्ता, रवि हाजरा, प्रदीप कुमार कुशवाहा अशोक सोनी महेन्द्र सिंह, हरेन्द्र करमाली सुधीर कुमार, केदार प्रसाद , मोती नारायण सिंह, शैलेंद्र कुमार, शंभू लाल ठाकुर, दीनबंधु पोद्दार, प्रवीण कुमार सोनू, संतोष कुमार शर्मा, मिथिलेश मंडल,सहित कई अपेक्षित कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में चुनाव प्रबंधन की दृष्टि से प्रभारियों की घोषणा किया गया। रामगढ़ कैंट रंजीत पाण्डे, रामगढ़ नगर खिरोधर साहू, रामगढ़ ग्रामीण रंजन सिंह फ़ौजी चितरपुर राजू चतुर्वेदी, गोला आनंद बेदिया, दुलमी दिलीप सिंह , बरलंगा रमेश वर्मा मांडू आरा बलराम महतो आदि उपस्थित थे।

# कृष्ण विद्या मंदिर में रविन्द्रनाथ टैगोर की जयंती मनाई गई




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** श्री कृष्ण विद्या मंदिर,रामगढ के प्रांगण में बुधवार को रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर छात्रों और शिक्षकों ने भाषण और गीत के द्वारा कार्यक्रम को प्रभावशाली बनाया। कार्यक्रम संचालन को आगे बढ़ाने में उषा सिंह, मनोरंजन चौधरी एवम प्रांतिक राय (शिक्षकों) ने मदद की। छात्रा सुप्रिती सिंह और मेधा कुमारी (कक्षा दशम) और छात्र हर्ष कुमार और हर्ष राज (कक्षा नवम) के छात्रों ने भाषण के द्वारा रविंद्रनाथ टैगोर की जीवनी पर प्रकाश डाला। रविंद्रनाथ टैगोर जयंती भारत और दुनिया भर में बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाई जाती है। यह दिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, संगीत, प्रदर्शनियों और कविता पाठों द्वारा मनाया जाता है। टैगोर का जन्म 7 मई 1861 को कोलकाता के जोरासांको हवेली में हुआ था। बचपन से ही उनकी रुचि साहित्य में थी। उनके साहित्यिक कार्यों के लिए उन्हें 1913 में भारत में पहला नोबेल पुरस्कार मिला। टैगोर ने राष्ट्रगान, जन गण मन सहित कई कविताएं, गीत और साहित्यिक रचनाएं लिखी हैं।इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता) ने बच्चों को रविंद्रनाथ टैगोर के जीवन से शिक्षा लेने को प्रेरित किया। प्राचार्य ब्रह्मानंद द्विवेदी ने छात्रों को रविंद्रनाथ टैगोर के कृतित्व से परिचित कराया।

## रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मानव श्रृंखला बनाया गया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ प्रखंड शहरी क्षेत्र अंतर्गत गोलपार, कैथा, चट्टी बाजार, सौदागर मोहल्ला, कोयरी टोला, नई सराय के कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों के मतदाताओं को जागरूक करने हेतू स्वीप कार्यक्रम के तहत करीब 3 किलोमीटर लंबी मानव श्रृंखला का निर्माण उच्च विद्यालयों के छात्र छात्राओं , बीएलओ , सुपरवाइजर आदि द्वारा किया गया । इस मौके पर रामगढ़ बीडीओ पूजा कुमारी उपस्थित थी




# ब्राह्मण महासभा के प्रदेश महासचिव ने भाजपा की सदस्यता ली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव के नेतृत्व में सर्व ब्राह्मण महासभा के प्रदेश महासचिव श्यामदेव उपाध्याय ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा है हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने श्यामदेव उपाध्याय को माला पहनाकर उन्हें भारतीय जनता पार्टी में शामिल किया है सर्व ब्राह्मण महासभा के सामाजिक कार्यक्रम में भाजपा के पुराने कार्यकर्ता दिनेश पाठक के आवास पर सैकड़ो ब्राह्मण महासभा के सदस्य ने भारतीय जनता पार्टी को भारी मतों से जिताने का भी शपथ लिया। श्याम देव उपाध्याय ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के सिद्धांत और नीति को देखते हुए एक भारत श्रेष्ठ भारत ,भारत को परम वैभव में पहुंचाने के लिए भारतीय जनता पार्टी का कमल निशान पर, कमल फूल छाप पर वोट देकर विजय बनाएंगे और मोदी जी के द्वारा दिया गया नारा अबकी बार 400 पार और मनीष जायसवाल 5 लाख पार सर्व ब्राह्मण महासभा हम लोग निश्चित जीत दिलाएंगे सभी ब्राह्मण महासभा इसके लिए कटिबंध है कार्यक्रम का संचालन विनोद मिश्रा ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन दिनेश पाठक ने किया कार्यक्रम में शामिल भाजपा जिला के अध्यक्ष प्रवीण मेहता, लोकसभा सह के रणंजय कुमार कुंटु बाबू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी रामगढ़ कैंट मंडल प्रभारी रंजीत पांडे सह प्रभारी विजय जायसवाल,रंजन सिंह फौजी, मंत्री वसुध तिवारी, गणेश पांडे, सरदार अनमोल सिंह,शिवकुमार महतो ,चंचल गोस्वामी, रतन गोस्वामी, जगदीश शर्मा,ब्रजेश पाठक,विजय पाठक, सहदेव ठाकुर,महामंत्री ऋषिकेश सिंह सत्यजीत सिंह,समस्त ब्रह्मण महा सभा के सदस्य उपस्थित हुए ।

# सयाल के के सी हाई स्कूल में विद्यार्थियों से कराया जा रहा है मजदूरी का काम




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सयाल के पोडा गेट स्थित खास कर्णपुरा कोलियरी उच्च विद्यालय में बुधवार को स्कुली बच्चों से मजदूरी का काम कराया जा रहा है। वहीं बता दें कि विद्यालय के नव निर्मित मुख्य द्वार का कायाकल्प का काम कुछ दिनों पुर्व में किया गया था। नव निर्मित मुख्य द्वार कायाकल्प से जमे कचरे को विद्यालय के शिक्षक कि मौजूदगी में स्कूली बच्चों द्वारा बेल्चा कुदाल के माध्यम से साफ कराया जा रहा है। वहीं विधालय के एक बच्चे ने नाम ना छापने कि बात पर बताया कि बच्चों द्वारा सफाई नहीं करने पर शिक्षक उन्हे भरी कक्षा में मारते हैं।सयाल का के के सी हाई स्कूल सरकारी अनुदान से चलता है इसके बावजूद भी स्कूली बच्चों से सफाई का काम कराना कहीं से उचित नहीं है।

# विधायक अंबा के अथक प्रयास से अरबो रुपए के तीन उच्च स्तरीय पूल की स्वीकृति मिली : कृष्णा सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पतरातू :** पतरातू विधायक प्रतिनिधि कृष्ण ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पतरातु प्रखंड के जनता के लिए बहुत बड़ी खुशी का समय है। बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के अथक प्रयास से पतरातू में तीन उच्च स्तरीय पूल की स्वीकृति मिली जिसमें आज ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के कनीय अभियंता एवं रांची से आए सर्वेयर ने पुल का सर्वे कर डीपीआर बनाया जिसमें मुख्य रूप से पतरातू और उरीमारी बड़कागांव के बीच दामोदर नदी में उच्च स्तरीय पुल दूसरा टोकीसुद महुआ टोला दामोदर नदी में उच्च स्तरीय पुल एवं ग्राम बलकुदरा से जयनगर नलकारी नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण के लिए डीपीआर तैयार किया गया। अब बहुत जल्द लोगों को दूरी से राहत मिलने वाली है पूल बन जाने से एक जिला से दूसरे जिले का संपर्क का दूरी कम हो जाएगा जिससे आम जनता को कम समय में ज्यादा दूरी का सफर कर पाएंगे।,पुल निर्माण को लेकर पतरातू के लोगों में जानकारी होने के बाद पतरातू के आम जनता में काफी हर्ष का माहौल है पतरातू के जनता ने विधायक को आभार प्रकट किया और धन्यवाद दिया। सर्वेयर राहुल शर्मा एवं विकास कुमार साथ में कनीय अभियंता दिलीप कुमार के द्वारा डीपीआर तैयार किया गया। आभार प्रकट करने वालों में पतरातू मुखिया गिरिजेश कुमार,जयनगर मुखिया प्रतिनिधि विजेंद्र कुमार, बलकुदरा मुखिया विजय मुंडा, हरिदास साव,प्रीतम सिंह,प्रेम मुर्मू,विनोद मांझी,मुकेंद्र सिंह,बिशुन मांझी,रंजीत ठाकुर,क्रांति सिंह, ललन राम,राम कुमार एवं अन्य।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**लोको शेड पतरातू की सफाई एवं औद्योगिक कचरें का निपटारा हेतु निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरीय मंडल यांत्रिक अभियंता/पतरातू, पूर्व मध्य रेल, पतरातू सुयोग्य एवं अनुभवी प्रतिष्ठानों या ठेकेदारों से ई.निविदा सं. GEM/2024/B/4915036 हेतु खुला ई.निविदा आमंत्रित करती है।

**1. कार्य का नाम तथा स्थान :** 22 माह के लिए डीजल लोको शेड, पतरातू में विविध साफ सफाई, अनुरक्षण व रखरखाव तथा औधोगिक कचरे एवं स्क्रैप का निपटान स्थान– डीजल लोको शेड, पतरातू। **2. कार्य का अनुमित लागत :** 1,03,88,549.12/– (रुपये एक करोड़ तीन लाख अट्ठासी हजार पॉच सौ उनचास एवं पैसे बारह मात्र), **3. अग्रधन राशि :** 2,01,950/– (रुपये दो लाख एक हजार नौ सौ पचास मात्र), **4. निविदा जमा करने तथा बंद होने की तिथि तथा समय :** 06/05/2024 से 27/05/2024 को 18:00 बजे निविदा बंद होने तक। **5. वेबसाईट का विवरण जहां निविदा दस्तावेज उपलब्ध है :** GeM वेबसाईट www.gem.gov.in/ निविदा भरने वाले उनका मूल या परिशोधित निविदा प्रस्ताव केवल इसी वेबसाईट के माध्यम से ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते हैं। इस निविदा के तहत मैनुअल (हस्तनिर्मित) निविदा प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं हैं तथा ऐसे किसी भी मैनुअल निविदा प्रस्ताव को नजर अंदाज कर दिया जाएगा। **सम्पूर्ण विस्तृत निविदा देखने के लिए सूचना पट्ट की स्थिति :** डीजल लोको शेड, पतरातू का सूचना पट्ट।

**वरीय मंडल यांत्रिक अभियंता**
**पूर्व मध्य रेल/पतरातू**

पीआर/00239/डीएचएन/एमईसीएच/टी/24-25/44

## मेगा रक्तदान शिविर सह रक्तदाता अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मधुमिता एडू मेड फाउंडेशन के संस्थापक गोपाल भट्टाचार्य की पत्नी स्व. मधुमिता भट्टाचार्य के जन्मदिन के अवसर पर हीरापुर स्थित गीताश्री भवन में मेगा रक्तदान शिविर सह रक्तदाता अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए जहां एसएनएमएमसीएच ब्लड बैंक की टीम के द्वारा 90 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर मे धनबाद विधायक राज सिन्हा, सीआईएसएफ के डीआइजी विनय काजला की पत्नी सुमन काजला और कांग्रेस नेता वैभव सिन्हा ने भी रक्तदान किया। रक्तदाताओं को प्रेरित करने के लिए झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, टीएमसी नेता मुख्तार अहमद, हाजी जमीर आरिफ, इरशाद आलम, रवि शेखर, बेनज़ीर परवीन, रजनीश कुमार आदि मौजुद थे। शिविर में 30 महिलाओं ने भी रक्तदान किया। वहीं 10 युवा लड़के और लड़कियों ने पहली बार रक्तदान कर काफी उत्साहित दिखे। मौके पर गोपाल भट्टाचार्य ने सभी रक्तदाताओं को धन्यवाद दिया तथा लोगों से नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील की।

## बच्चों के बीच श्रेय क्लब की टीम ने चॉकलेट बिस्किट व अल्पाहार का किया वितरण



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बुधवार को गिरिडीह ज़िले में अंतर्राष्ट्रीय थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर गिरिडीह सदर अस्पताल में आए थैलेसीमिया ग्रसित बच्चों के बीच श्रेय क्लब की टीम ने चॉकलेट, बिस्किट एवं अल्पाहार का वितरण किया। इस कार्य हेतु क्लब के सक्रिय सदस्य अवनीश सिन्हा, विशाल कुमार एवं रक्त अधिकोष के एजाज अहमद ने आपसी सहयोग कर उक्त सामग्री उपलब्ध करवाई एवं बच्चों में वितरित किया। ज्ञात हो कि गिरिडीह में डेढ़ सौ से ज्यादा थैलेसीमिया ग्रसित बच्चे हैं जिन्हें हर माह एक से दो यूनिट रक्त की आवश्यकता पड़ती है। इन बच्चों के लिए अलग-अलग संस्थाओं के साथ श्रेय क्लब भी निरंतर 20 वर्षों से रक्तदान का कार्य कर रही है ताकि इन बच्चों की जिंदगी बची रहे। आज गिरिडीह सदर अस्पताल आए सभी बच्चों को रक्त केंद्र से रक्त उपलब्ध हुआ। अल्पाहार वितरण के बाद श्रेय क्लब के सचिव रमेश यादव ने गिरिडीह के लोगों से अपील किया कि स्वैच्छिक रक्तदान करते रहें ताकि इन बच्चों की जिंदगी निरन्तर चलती रहे।

## निर्दलीय प्रत्याशी ने चलाया बेंगाबाद में जनसंपर्क अभियान

**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गांडेय विधानसभा उप चुनाव को लेकर निर्दलीय प्रत्याशी अर्जुन बैठा ने बुधवार को बेंगाबाद प्रखंड के जरूवाडीह डाकबंगला झलकडीहा गेनरो लुपी बदवारा छोटकी खरगडीहा हरिला आदि पंचायतों में जनसंपर्क अभियान चलाया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र महतो, जिला परिषद सदस्य कैदार हाजरा, सुधिर रजवार, झलकडीहा उप मुखिया ममता मंडल, सहोदर मंडल, महेंद्र मंडल, सुनिल पंडित अजीत कुमार अनुप कुमार, बिंदु मंडल प्रमीला देवी रिना देवी सुशील हांसदा सादिश बुलाकी आदि कार्यकर्ता जनसंपर्क अभियान में थे। जनसंपर्क अभियान के दौरान निर्दलीय प्रत्याशी अर्जुन बैठा ने कहा गांडेय विधानसभा की जनता अपनी उम्मीदों को पूरा करने और गांडेय के विकास कार्य के लिए उन्हें मैदान में उतारा है। कहा पूर्ण विश्वास है कि जनता का मुड इस बार बदलेगी और लोकल उम्मीदवार को नेतृत्व करने का मौका मिलेगा। कहा गांडेय विधानसभा में पानी बिजली जर्जर सड़क व मूलभूत समस्या से लोग परेशान हैं।

# सामान्य प्रेक्षक ने किया बोकारो व चंदनकियारी विस क्षेत्र के डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** सामान्य प्रेक्षक अनूप खिंची ने लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त आज 07 - धनबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत आने वाले 36 - बोकारो एवं 37 - चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र के लिए बोकारो इस्पात सिनियर सेकंडरी स्कूल में चिह्नित डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने ईवीएम डिस्पैच, मटेरियल डिस्पैच, पोलिंग पार्टियों के बैठने हेतु व्यवस्था, रौशनी, सीसीटीवी, सुरक्षा व्यवस्था, सिटिंग अरेंजमेंट, साफ-सफाई, अग्नि सुरक्षा सहित अन्य बिंदुओं का जायजा लेते हुए संबंधित कोषांग के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर सामान्य प्रेक्षक अनूप खिंची, बोकारो उपायुक्त विजया जाधव, बोकारो के एआरओ ओम प्रकाश गुप्ता, चंदनकियारी के एआरओ प्रभात दत्ता, जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मोंगिया कम्पनी के चेयरमैन को किया गया झारखंड रत्न अवार्ड से सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** मोंगिया स्टिल बार के चैयरमेन डॉ. गुणवंत सिंह मोंगिया को झारखंड रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया है, डॉ. गुणवंत सिंह मोंगिया को यह सम्मान बिते दिन प्रेस क्लब रांची में दिया गया, डॉ मोंगिया को यह अवार्ड मिलने से पूरे मोंगिया ग्रुप में खुशी का माहोल है एवं गौरवान्वित महसूस कर रहा है। झारखंड रत्न अवार्ड से सम्मानित होने के बाद डॉ गुणवंत सिंह मोंगिया ने लोगों को कहा की वह लगातार समाज के उत्थान और विकास के लिए अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन निस्वार्थ भाव से करने का यह परिणाम है, मैं आगे भी कम्पनी को बढ़ावा दूंगा साथ ही साथ समाजिक कार्यों में भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेता रहुंगा।

## आरबीआई की ओर से आयोजित प्रतियोगिता में गिरिडीह कॉलेज के छात्र को पहला स्थान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले से आरबीआई की ओर से आयोजित निबंध प्रतियोगिता में गिरिडीह कॉलेज के शुभम कुमार ने पहला स्थान हासिल कर गिरिडीह कॉलेज का नाम राज्य भर में रोशन किया है द्य पुरस्कार स्वरूप उन्हें रिजर्व बैंक की ओर से मोमेंटो और 11 हजार रुपया नगद दिया गया द्य इस बाबत कॉलेज की गणित शिक्षिका नेहा कुमारी ने बताया कि पारा शिक्षक पिता और गृहिणी माता के पुत्र शुभम एक मेधावी छात्र हैं द्य कॉलेज के सभी शिक्षकों व शिक्षकेत्तर कर्मियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

## मैं लगातार बीस वर्षी से जनता के हर सुख-दुख में साथ रहा अब फैसला जनता को करना है : मथुरा प्रसाद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** इंडिया गठबंधन प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो आज बुधवार को अपने सभी कार्यकर्ताओं के साथ पूर्वी टुंडी के दर्जनों गांवों का भ्रमण किया और मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। प्राप्त समाचार के अनुसार इंडिया गठबंधन प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो लगातार कई महीनों से अपने लोकसभा क्षेत्रों में पड़ने वाला हर गांवों मुहल्लों का दौरा कर लोगों से मिल रहे हैं और मतदाताओं से जन सम्पर्क कर रहे हैं और अपने परिश्रमों के साथ साथ विकास के आधार पर वोट मांग रहे हैं। विदित हो कि झारखंड में सबसे ज्यादा क्षेत्रों में रहकर जनता की हित में काम करने वाला इकलौता विधायक सह लोकसभा प्रत्याशी हैं।

आज उन्होंने दौरे के क्रम में कहा कि पूर्वी टुंडी में प्रखंड सह अंचल कार्यालय तथा थाना भवन, सड़क, बिजली, पानी शिक्षा मेरे द्वारा किए परिश्रम का फल है लोगों को संबोधित के दौरान सांसद प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि मेरे द्वारा जनहित के कई कार्य किए गए हैं अब मतदाताओं को सोचना है कि मुझे पारिश्रमिक किस रूप से देंगे। मौके पर पूर्वी टुंडी झामुमो प्रखंड अध्यक्ष गिरिलाल किस्कू, रामचंद्र मुर्मू, अजीत मिश्रा, दिनेश रजक, बसंत महतो,वशीर अहमद, ऐनुल अंसारी समेत सैकड़ों झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## प्रतियोगिता में सहभागिता करना ही विद्यार्थी के लिए अहम : सैयद अदनान अहमद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** कार्मेल स्कूल डिगवाडीह में बुधवार को स्कूल सभागार में ए.एस.आई.एस.सी आंचलिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 2024 का आयोजन किया गया। जिसमें 13 विद्यालयों के 26 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ ईश्वर का स्मरण और विद्यालय की उप प्रधानाचार्या सिस्टर प्रिस्का डिमेलो, प्राथमिक समन्वयक सिस्टर सुशीला लकरा और और बी.आई.टी सिंदरी से आए टीम के सदस्य सैयद अदनान अहमद, शिवांगी कुमारी, युविका गुप्ता, आकिब आफ़ताब के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। प्रतियोगिता को छह राउंड में विभाजित किया गया। टीम लीडर सैयद अदनान अहमद ने कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में सहभागिता करना ही विद्यार्थी के लिए अहम होता है। उन्होंने टीमों को भविष्य में अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। प्रथम स्थान डिनोबिली स्कूल सी.टी.पी.एस चंद्रपुरा, द्वितीय स्थान कार्मेल स्कूल डिगवाडीह, तृतीय स्थान डिनोबिली स्कूल सीएमआरआई धनबाद ने प्राप्त किया। जिस टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वे क्षेत्रीय स्तर पर चयनित हुए। इस मौके पर प्रतियोगिता संचालिका मोम चक्रवर्ती और शर्मिष्ठा चक्रवर्ती के साथ सभी सिस्टर और शिक्षकगण उपस्थित थे।

## भारतीय जनता पार्टी शक्ती केन्द्र का बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बगोदर :** कोडरमा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत बगोदर विधानसभा विधानसभा के औरा मंडल अन्तर्गत शक्तिकेंद्र खेतको बुथ संख्या 376, 377, 378, 379,380 की बैठक बगोदर पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो के आवास में संपन्न हुई। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड- बिहार के क्षेत्रिय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी उपस्थित हुए। इस अवसर पर बुथ कमिटी के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सेवा ही संगठन है। प्रधानमंत्री राष्ट्र हित में जो कहते हैं वह काम पूरा भी करते हैं। इसलिए देश की जनता का अटूट विश्वास भाजपा पर है। इस बैठक में विभिन्न कार्यक्रमों पर चर्चा की।बैठक में बगोदर के पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो ने मेरा बूथ सबसे मजबूत का संकल्प दिलाया। साथ ही लोकसभा चुनाव, संगठन की मजबूती व सक्रियता सहित आगामी लोकसभा चुनाव हेतू 16 मई को बिरनी प्रखंड अंतर्गत ग्राम पेशम में प्रस्तावित कार्यक्रम देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन पर खेतको पंचायत से हजारों की संख्या में पहुंचने की बात कही गई साथ ही 20 मई को



इस पंचायत से अधिक से अधिक भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी के पक्ष में मतदान की अपील किए एवं विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया।इस बैठक में जिप उपाध्यक्ष छोटेलाल यादव,विधानसभा सह संयोजक देवनाथ राणा, जिला परिषद प्रतिनिधि माथुर प्रसाद, टेकलाल चौधरी,जितेंद्र सिंह,जिबलाल महतो,मुखिया शालिग्राम प्रसाद,बब्लू मंडल,मनीष मंडल,जय मंडल, कार्तिक मंडल सहित बूथ अध्यक्षों एवम बुथ के पदाधिकारीगण सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहें।

## यात्रियों की सुविधा के लिए कई समर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर कई समर स्पेषल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है । इसी कड़ी में झाझा-किउल-बरौनी-समस्तीपुर-दरभंगा-मधुबनी के रास्ते सियालदह और जयनगर के मध्य समर स्पेषल ट्रेन का परिचालन किया जायेगा जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1. गाड़ी सं. 03187 सियालदह-जयनगर समर स्पेषल दिनांक 11.05.2024 से 29.06.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को सियालदह से 23.55 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 08.55 बजे बरौनी, 10.00 बजे समस्तीपुर, 11.10 बजे दरभंगा, 11.55 बजे सकरी तथा 12.30 बजे मधुबनी रूकते हुए 14.25 बजे जयनगर पहुंचेगी ।

2. गाड़ी सं. 03188 जयनगर-सियालदह समर स्पेषल दिनांक 12.05.2024 से 30.06.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक रविवार को जयनगर से 15.25 बजे प्रस्थान कर 15.50 बजे मधुबनी, 16.15 बजे सकरी, 17.30 बजे दरभंगा, 18.55 बजे समस्तीपुर तथा 19.50 बजे बरौनी रूकते हुए अगले दिन 05.15 बजे सियालदह पहुंचेगी । इस स्पेषल में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 05, शयनयान श्रेणी के 10 तथा साधारण श्रेणी के 02 कोच होंगे ।

# मतदान कर्मियों का द्वितीय नियुक्ति पत्र निर्गत करने हेतु द्वितीय दौर का रेंडमाइजेशन संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** लोक सभा निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष एवं पारदर्शी रुप से संपन्न कराने के निमित समाहरणालय, धनबाद के एनआईसी कार्यालय में सामान्य प्रेक्षक 7-धनबाद लोकसभा क्षेत्र अनूप खिंची एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, धनबाद माधवी मिश्रा की उपस्थिति में पुरुष मतदान कर्मियों का द्वितीय नियुक्ति पत्र निर्गत करने हेतु विधानसभावार द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया। साथ ही पार्टी फॉर्मेशन का भी रेंडमाइजेशन किया गया। सामान्य प्रेक्षक 7-धनबाद लोकसभा क्षेत्र, अनूप खिंची ने जिला प्रशासन द्वारा किया गया मतदान कर्मियों का द्वितीय नियुक्ति पत्र निर्गत करने हेतु रेंडमाइजेशन की कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया। इस दौरान के कार्मिक कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त सादात अनवर, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड आर्डर हेमा प्रसाद, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, एसडीओ उदय रजक, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा, डीएलएओ राम नारायण खलखो, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी सुनीता तुलस्यान, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार मौजूद थे।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया खोरठा मतदाता जागरुकता गीत लॉन्च

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने समाहरणालय स्थित कार्यालय में समर्पित कला मंच द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 हेतु निर्मित खोरठा मतदान गीत को लॉन्च किया।

खोरठा मतदान गीत के प्रस्तुतकर्ता हारूण रशीद ने बताया कि÷पांच बछरे आवेय परब महान, देशेक हित खातिर छोड़ा सब काम, चला चला साथी चला हो करे मतदान÷ गीत मतदाता जागरूकता के तहत, मतदान को प्रोत्साहित करने के लिए गीत लॉन्च किया गया है।

**अधीक्षक उत्पाद का कार्यालय**
**कोडरमा**

**: आम-सूचना :**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लोक सभा आम चुनाव–2024 को निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कोडरमा जिले में अवैध शराब के निर्माण/बिक्री से सम्बन्धित एवं जिला में संचालित होने वाले खुदरा उत्पाद दूकानों में मदिरा की बिक्री MRP से अधिक पर की जाने की शिकायत Whatsapp मोबाईल नम्बर: 9693179517, 7903138432, 7004398788 एवं 9973520964 पर दर्ज की जा सकती है ।

प्राप्त सूचना के आलोक में विभाग अग्रेतर कार्रवाई हेतु प्रवृत्त होगा ।

सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जायेगी ।

ह0/–
अधीक्षक उत्पाद
कोडरमा

PR 324568 Excise (24-25)_D

# डीएवी स्कूल बानियाहीर में कार्यरत सफाई कर्मी भुजा हाड़ी की इलाज के दौरान मौत, नियोजन व मुआवजा की मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** जियलगोरा निवासी डीएवी स्कूल बानियांहीर में कार्यरत सफाई कर्मी 50 वर्षीय भुजा हाड़ी की इलाज के दौरान भेलोर अस्पताल में मृत्यु होने के बाद परिजनों ने बुधवार को मृतक के शव को स्कूल परिसर में रख कर नियोजन व मुआवजा की मांग किया। इस दौरान लोगों ने स्कूल परिसर में जमकर हंगामा किया। घटना



की सूचना पाकर झरिया थाना की पुलिस पहुंच कर लोगों को समझा बुझा कर शांत कराकर विद्यालय प्रबंधन से वार्ता कराया। वार्ता में भाजपा के वरिष्ट नेता योगेन्द्र यादव, अधिवक्ता अंजन सिन्हा, हाड़ी समाज के नेता धुर्व हरी, कार्तिक हाड़ी ने प्रधानाचार्य से मृतक भुजा हाड़ी के आश्रित को तत्काल नियोजन एवं मुआवजा देने की मांग की। वार्ता तीन घंटे तक चली। गतिरोध के बीच प्रधानाचार्य एस मोदक ने स्कूल के प्राविधान के तहत मृतक के स्वजन को सुविधा मुहैया कराने की बात कहते हुए पुत्र पवन हाड़ी को अनुकम्पा के तौर पर स्कूल में या ठेका कार्य में नियोजन दिलाने का तथा अंतिम संस्कार के लिए पंद्रह हजार रुपया देने का आश्वासन दिया। संतोषजनक वार्ता के बाद शव को स्वजनों ने उठाकर मोहलबनी दामोदर घाट पे ले जाकर दाह संस्कार किया।

## सामान्य प्रेक्षक ने किया पोस्टल बैलट सुविधा केन्द्र का निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के दौरान चुनावी कार्य में लगे कर्मी तथा आवश्यक सेवा के कर्मियों के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान करने की प्रक्रिया आज से शुरू हुई। सामान्य प्रेक्षक अनूप खिंची एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा ने समाहरणालय स्थित मतदान सुविधा केंद्र का निरीक्षण किया। सामान्य प्रेक्षक ने सुगम चुनाव सम्पन्न कराने एवं पूरी चुनावी प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी बनाये रखने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निर्वाची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय एवं पुलिस लाइन में बने सुविधा केन्द्र में सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा व पलामू लोकसभा क्षेत्र में चुनावी कार्य में लगे कर्मी तथा आवश्यक सेवा के कर्मियों के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान करने की प्रक्रिया शुरू हुई।

# जुमलेबाजी भाजपा नही, बल्कि कांग्रेस 70 सालो से करती आ रही है, नही चाहती देश और राष्ट्र का विकाश : मनीर उरांव



**राजेश गुप्ता@प्रभात मंत्र**

**लोहरदगा :** पिछले दिनों हुए एक कार्यक्रम में झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि झारखंड के मूलवासी आदिवासियों की पहचान को भाजपा मिटाना चाहती है उन्होंने कहा कि भाजपा झारखंड में सबसे ज्यादा दिनों तक सरकार में रही,लेकिन आदिवासी मूलवासियों को बढ़ाने का काम नहीं किया है। भाजपा ने आदिवासियों के अस्तित्व परंपरा को बचाने और आय की सुविधा के लिए कभी नहीं सोचा। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की परंपरा बचाने के लिए सरना धर्म कोड राजभवन को भेजा गया, लेकिन भाजपा के इशारे पर इसे रोक दिया गया। वही जनता को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा आदिवासी,दलितों और पिछड़ों की आवाज को दबाना चाहती है। यह चुनाव आदिवासी, दलित और पिछड़ों के भविष्य के लिए है। हमारी सरकार बनती है तो 50 प्रतिशत आरक्षण की सीलिंग को खत्म कर दलित, आदिवासी और पिछड़ों का आरक्षण बढ़ायेंगे। राहुल गांधी ने संविधान की प्रति परचम लहराते हुए कहा कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के नेता जान दे देंगे पर संविधान को खत्म नहीं होने देंगे। आप इस लड़ाई में मतदान कर हमारा साथ दें ताकि केंद्र में बैठे मोदी सरकार को कांग्रेस उखाड़ फेंकने का काम करेगी। राहुल गांधी ने कहा है कि केंद्र में यदि इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो जनगणना के बाद सरना धर्मकोड लागू किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने फिर से केंद्र सरकार पर भी हमला बोला और कहा कि झारखंड सरकार ने सरना कोड के लिए विधानसभा से प्रस्ताव पारित कर केंद्र को भेजा था लेकिन भाजपा के केंद्र सरकार इस पर कोई पहल नहीं की थी। इन सभी बात को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कांग्रेस के किए गए कुछ आपत्तिजनक टिप्पणी की निंदा करते हुए देश की जनता को आईना दिखाने का काम किया है। मनीर उरांव ने कहा कि विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एक ऐसे प्रधानमंत्री हैं जो कि किसी धर्म समुदाय या फिर जाति से भेदभाव नहीं रखते इनकी बातों को सुनने के लिए किसी धर्म जाति में कोई भी बंधन नहीं होता है।हर जाति समाज के लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पसंद करते हैं। इस दौरान मनीर उरांव ने कहा की पिछले दिनों झारखंड में हुए इंडिया गठबंधन के कई कार्यक्रमों के माध्यम से प्रधानमंत्री के चरित्र एवं छवि को खराब करने के लिए कांग्रेस ने सारी हदें पार कर दी है। आज जिस तरह से कांग्रेस बीजेपी पर आरोप लगा रही है, देखा जाए तो भारत पर लगभग 70 साल कांग्रेस ने राज किया है उस दौरान कई आतंकी हमले हुए हैं परंतु आज बीजेपी के अच्छे चरित्र पर कीचड़ उछाल कर उनकी छवि को धूमिल करने का प्रयास बार-बार कांग्रेस सरकार कर रही है। उन्होंने इस दौरान कहा कि कांग्रेस की सरकार पहले 70 सालो में आतंकवादियों को पनाह देने और (जी)जैसे शब्द का इस्तेमाल करना तथा रात में साथ बैठकर डिनर किया करते थे और आज बीजेपी सरकार को पुलवामा जैसे निंदा करने वाली घटनाओं को लेकर बदनाम करने पर तुली हैं। जिस तरह से आज कांग्रेस सरकार बार-बार सरना कोड लागू करने को लेकर आदिवासियों को भड़का रही है तथा भाजपा पर गंभीर आरोप लगा रही है इस मामले में मनीर उरांव ने बताया कि 2013 में जब कांग्रेस की सरकार थी और प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह थे उस समय लोहरदगा के सांसद 2009 से सुदर्शन भगत ने स्वयं पत्र लिखकर सरना कोड की मांग की थी जिसका एक प्रतिलिपि लोहरदगा के वर्तमान विधायक डॉ रामेश्वर उरांव के पास भी भेजी गई थी जिसको लेकर कांग्रेस सरकार की तरफ से संवैधानिक नहीं बता कर सरना कोड लागू नहीं किया गया था। जो कांग्रेस अपनी सरकार रहते हुए भी सरना कोड नहीं दे पाई आज वह सरकार जनता के बीच घूम-घूम कर बीजेपी से सरना कोड धर्म तथा भारत के संविधान को खतरा बता रही है।आज जिस तरह से कांग्रेस बीजेपी पर आईटी एसीबी सीबीआई जैसे एजेंसीयों के द्वारा विपक्षियों पर छापेमारी की बात कर रहे हैं और उन्हें लग रहा है की इनके माध्यम से बीजेपी कांग्रेस को डराना और धमकाना चाहती है तो मैं बता दूं कि आज से पहले कांग्रेस के राज में भी यह सभी एजेंसियां काम करती थी परंतु सरकार की एक इसारे पर ये सारे एजेंशियो को पिंजरे में बंद तोते की तरह रखा जाता था,जिसे आज देश के प्रधानमंत्री ने पिंजरे से आजाद कर इन सभी के पास काले धन कमाने तथा रखने वालों के खिलाफ मुहिम छेड़ कर इनकी हवा निकाल दी है। आज कांग्रेस देश की जनता को तरह-तरह का लालच जैसे बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार की सुविधा हर महिला को एक लाख सालाना देना,सरना कोड लागू करने तथा संविधान को खतरा इत्यादि बताकर राज्य तथा देश की जनता को गुमराह करने का काम कर रही है। परंतु अब 70 सालो बाद देश और राज्य की जनता इसकी गंदी मानसिकता को समझ गई है। इस दौरान मनीर उरांव ने कहा कि इस बार फिर से तीसरी बार 400 पर बीजेपी की सरकार बनाने जा रही है।

## अज्ञात लकड़ी माफियों ने जीएम लैंड में लगे पेड़ को काटा अंचल ने लिया संज्ञान



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झलजमीरा पंचायत ग्राम में जीएम लैंड में लगा 30 से 40 यूकेलिप्टस पेड़ को अज्ञात लकड़ी माफिया के द्वारा काट कर गिरा दिया गया है। जिसे मामला अंचल प्रशासन के संज्ञान में आते ही उन लकड़ी माफियो के विरुद्ध कारवाई आरम्भ कर दिया गया है। विदित हो कि सेन्हा अंचल क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत ग्राम स्थित जीएम लैंड में वन विभाग द्वारा यूकेलिप्टस वृक्ष लगाया गया था। जिसे किसी अज्ञात लकड़ी माफिया द्वारा लकड़ी तस्करी कर तथा अपनी कमाई के उद्देश्य से सरकारी सम्पति को नुकसान पहुंचाते हुए 30 से 40 यूकेलिप्टस पेड़ काटे जाने का मामला प्रकाश में आते ही अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवरी द्वारा संज्ञान लिया गया। लकड़ी तस्करी मामले पर विभागीय जांच टीम गठित कर कारवाई करने की बात सामने आ रही है। वही बताया जाता है कि निजी जमीन में लगे यूकेलिप्टस पेड़ कटाई के लिए विभाग की ओर से बंधीश हटा लिया गया है। और फ्री कर दिया गया है। जिसका फायदा उठाते हुए लकड़ी तस्करी माफियों द्वारा रैयत के नाम पर सरकारी सम्पति तथा सरकारी विभाग का राजस्व क्षति पहुंचाने में कोई कसर नही छोड़ रहें है। इसी के तहत यह मामला झलजमीरा पंचायत ग्राम से सामने आया है। जहां अज्ञात लोगों ने सरकारी सम्पति की चोरी छुपे नुकसान पहुंचाने का कार्य किया गया है। यह मामला दो दिन पूर्व का बताया जा रहा है। इस संदर्भ में अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी से जानकारी लेने पर उन्होंने कहा कि यूकेलिप्टस पेड़ कटाई करने की सूचना के आलोक पर विभागीय कारवाई आरम्भ कर दिया गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि प्राप्त सूचना के आधार पर सेन्हा थाना को कारवाई का आदेश दिया गया है। जिसे जांच रिपोर्ट आते ही उन लकड़ी माफियों के विरुद्ध वन अधिनियम के तहत कानूनी कारवाई किया जाएगा।

### लोकसभा चुनाव को लेकर जय श्री राम समिति की हुई बैठक

## जिसने प्रभु राम को लाया है हम उसे फिर से लायेंगे : जय श्री राम समिति



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आज जय श्रीराम समिति की बैठक पावरगंज स्थित दुर्गाबाड़ी मंदिर प्रांगण में ओम महतो की अध्यक्षता में की गई। आयोजित बैठक में अनुसूचित जनजाति के महामंत्री बिंदेश्वर उरांव उपस्थित थे। बैठक में नववर्ष विक्रम संवत को लेकर समीक्षा बैठक हुई जिसमें आय व्यय का हिसाब किताब सभी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समीक्षा बैठक के पश्चात लोकसभा 2024 को लेकर चर्चा हुई जिसमे प्रभु राम जी के मंदिर को तोड़ने, 370 हटाने एवं धर्म के आधार पर आरक्षण देने को लेकर निंदा करते हुए ऐसे राजनीतिक पार्टी को सबक सिखाने की बात कही गई। बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि धर्म की रक्षा, देश की रक्षा, सविधान की रक्षा एवं भारत को विकसित करने वाले, पूरी दुनिया में भारत का ढंका बजाने वाले, भारत को विश्वगुरु की ओर अग्रसर करने वाले, काशी मंदिर, महाकाल मंदिर को भव्य बनाने तथा जिसने प्रभु राम को लाया है हम उसे फिर से लायेंगे। मौके पर जिला संरक्षक सुषमा सिंह, बिंदेश्वर बेग, अजय सोनी, अनूप गुप्ता, ओम महतो,विनोद प्रसाद, जगमोहन महली, बजरंग करवा, नगर महामंत्री सुशील पटनायक, राजेश उरांव, अजय प्रसाद, विष्णु साहू, गुड्डू साहू, सुरेंद्र साहू, बजरंग साहू, गुंजन वर्मा, संगीता कुमारी, समेला भगत, सरस्वती देवी, बिंदिया देवी, मंजू सिंह, मीना बाखला, विक्की कुमार,रीता देवी, मीरा देवी, सूरज सहदेव, अमर सिंह, ज्योति भगत, रंजीत यादव, भीम महतो, दिग्गज कुमार सिंह, सुदामा गुप्ता, रामकुमार साहू, दिलीप यादव समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## गर्भवती महिलाओं का नियमित एएनसी जांच करें तथा संस्थागत प्रसव का लक्ष्य को पूरा करें : डॉ. राजमोहन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सिविल सर्जन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर दिया गया आवश्यक दिशा निर्देश। सिविल सर्जन डॉ. राजमोहन खलखो द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा का औचक निरीक्षण किया गया। अस्पताल निरीक्षण के क्रम में सिविल सर्जन द्वारा गर्भवती महिलाओं का पहला एएनसी, त्रिमही एएनसी नियमित जांच और संस्थागत प्रसव के लिये सभी स्वास्थ्य उप केंद्र की सेविकाओं को शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी एएनएम और स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा की क्षेत्र भ्रमण कर टीबी, मलेरिया, एनसीडी, कुष्ठ और आईडीएसपी जैसे बीमारी का नियन्त्र के बारे में भी निर्देश देते हुए कहा गया की सभी एएनएम व स्वास्थ्य कर्मी अपने अपने क्षेत्र में इन बीमारियों से ग्रसित लोगों को चिन्हित कर स्वस्थ्य उप केंद्र में लाकर बीमारी का जांच कराएं जिसे समय से दवा मिलने पर और इलाज होने से बीमार व्यक्ति जल्द स्वस्थ्य हो सकता है और सुरक्षित बचाया जा सकता है। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजीत आनन्द के अलावे जिला कार्यक्रम मैजेमेंट यूनिट के नाजिश फहीम अख्तर, मो.जाहिद के अलावे प्रखंड क्षेत्र के सभी स्वास्थ्य कर्मी व एएनएम उपस्थित रहे।

## बगड़ू में वर्ल्ड रेड क्रॉस डे पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को बगरू बॉक्साइट माइंस लोहरदगा के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर गणेश प्रसाद द्वारा बगडू माइंस कार्यालय में वर्ल्ड रेड क्रॉस डे पर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। साथ ही सभी कामगारों एवं अधिकारी को गर्मी से बचाव के लिए सुझाव दिया गया। मोके पर खान प्रबंधक-राजकुमार सिन्हा, अभिनव कुमार, गौरी शंकर, अम्बर सिंह, गिरिराज चित्तौड़ा, श्यामसुंदर एवं अन्य लोग शामिल थे।

## अक्षय तृतीया 10 मई को, सौभाग्य, सुख- समृद्धि का त्यौहार : संजय सर्राफ



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय सनातन एकता मंच एवं विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि इस वर्ष अक्षय तृतीया का पर्व 10 मई को मनाया जा रहा है। यह दिन नए उद्योग और व्यवसाय के लिए बहुत ही शुभकारी है,अक्षय तृतीया में किसी भी प्रकार के मांगलिक कार्य किया जा सकता है इस दिन किसी पवित्र नदी में स्नान और दान का महत्व है?। अक्षय तृतीया हिंदुओं के लिए महान धार्मिक महत्व का दिन है जो नई शुरुआत और सोने- चांदी, नए घर जमीन, वाहन, चांदी के सिक्के और मिट्टी के बर्तन जैसी शुभ वस्तुओं की खरीद का प्रतीक है। तथा इसकी खरीदारी से परिवार में सुख- समृद्धि और सौभाग्य लाता है, अक्षय तृतीया को देश में कुछ राज्यों और क्षेत्र में अबूझ मुहूर्त और आखा तीज के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन भगवान विष्णु, गणेश और देवी लक्ष्मी की पूजा पूरे विधि विधान के साथ की जाती है। इस दिन स्वर्ण सामग्री खरीदना भी शुभ माना जाता है,अक्षय तृतीया भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम के जन्मदिन के रूप में भी मनाया जाता है यह त्यौहार देश के अलग-अलग जगहों पर परशुराम जयंती के रूप मे भी मनाया जाता है। ऐसा भी कहा जाता है कि इस दिन गंगा नदी धरती पर अवतरित हुई थी राजा भगीरथ ने गंगा को धरती पर अवतरित करने के लिए कई वर्षों तक तप किया था। इस दिन पवित्र गंगा में स्नान करना, तथा देवी अन्नपूर्णा की पूजा करना भी बहुत शुभ माना जाता है। इस दिन गरीबों को खाना खिलाने से घर में अन्न की कभी कमी नहीं होती है? कहा जाता है कि इस दिन से महर्षि वेदव्यास जी ने महाभारत को लिखना शुरू किया था। अक्षय तृतीया 10 मई को सुबह 5:31 से प्रारंभ हो रहा है जो कि अगले दिन सुबह 4:37 तक रहेगा।

## अविराम में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम और रेड क्रॉस दिवस पर प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन, टिको, कुरू, लोहरदगा में लोक सभा चुनाव में मतदाताओं की सक्रिय सहभागिता के लिए विविध प्रकार के जागरूकता कार्य क्रमों का आयोजन सतत रूप से नोडल ऑफिसर शिवशंकर और राष्ट्रीय सेवा योजना पदाधिकारी कुंदन गिद्ध द्वारा प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी के नेतृत्व में चलाया जा रहा है इसी श्रृंखला में मतदाता जागरूकता पर आयोजित कार्यक्रम में जे एस एल पी एस की टीम समेत दिनेश सर का पारंपरिक स्वागत किया गया, दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया, जिसके उपरांत प्रशिक्षुओं ने स्लोगन प्रतियोगिता जिसमें प्रथम स्थान कुंदन साहू, द्वितीय स्थान दिलेश्वर उरांव को पेंटिंग प्रतियोगिता जिसमें प्रथम स्थान सुषमा केरकेट्टा, द्वितीय स्थान विनीत उरांव को शील्ड प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया और मतदान की शपथ ली गई। विश्व रेडक्रॉस दिवस पर उसके उद्देश्यों, सिद्धांतो, पर पल्लवी, अमन, निशा, लक्ष्मी, बिरिया, तपन, फूलचंद, अनुराग, दिलेश्वर द्वारा प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी, रेणुका, शिव, कुंदन, पंकज, ममता, आफताब, जंगबहादुर, अजॉय, ऋ तु आदि उपस्थित थे।

# एक शाम मतदाताओं के नाम कार्यक्रम आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मंगलवार की शाम एक शाम मतदाताओं के नाम कार्यक्रम का आयोजन सदर प्रखण्ड कार्यालय के समीप किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत समेत जिला के अन्य वरीय पदाधिकारीगण शामिल हुए। कार्यक्रम में अलग-अलग प्रतिभागियों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। सुर्यासुरायम के द्वारा लक्ष्य को हर हाल में पाना है गीत गाया गया। ऑफिसियल डांस एकेडमी द्वारा शशि टोप्पो के नेतृत्व में सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कौस्तुव पाण्डेय द्वारा गजल गायन की प्रस्तुति दी गई। जीत ग्रुप द्वारा सामूहिक नृत्य पेश किया गया। वैष्णवी सोनी द्वारा एकल गीत की प्रस्तुति दी गई। इसी क्रम में डिवाईन स्पार्क द्वारा मतदान करो विषय पर नाटक मंचन, लोकनाथ कला जत्था दुंदरू पेशरार की ओर से मतदाता जागरूकता पर प्रस्तुति दी गई। मोहर चक्रवर्ती द्वारा एक गायन और पापिया चक्रवर्ती द्वारा भरत नाट्यम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम सीता पुष्पा, वरीय पदाधिकारी, स्वीप कोषांग-सह-जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा के नेतृत्व में संचालित किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

## बिना प्रभार का चल रहा गाड़ीखास मध्य विद्यालय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पड़वा (पलामू) :** प्रखंड क्षेत्र के गाड़ीखास मध्य विद्यालय विगत दो महीने से बिना प्रभार के चल रहा है. कारण विद्यालय में कार्यरत दो सहायक अध्यापक श्रीकांत कुमार और प्रभन राम को फरवरी माह से मानदेय नहीं मिला है। चुकी कोई प्रभार में नही है इसलिए उपस्थिति कौन बनाएगा। मालूम हो प्रभारी शिक्षक संजय मेहता का मेदिनीनगर के मध्य विद्यालय कुम्हार टोली में डेपुटेशन हो गया है। जिसके बाद सबसे सीनियर शिक्षिका सरोज कुंवर को प्रभार के लिए जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय से आदेश निकाला लेकिन सरोज कुंवर प्रभार लेने से मना कर दी. जिसके बाद बीईईओ ने शिक्षिका सुनीता को प्रभार दिया. एक माह तक वे प्रभार में रही जिसके बाद विभाग को पत्र देकर की विद्यालय में सीनियर शिक्षिका के रहते वे प्रभार में नही रह सकते प्रभार मुक्त हो गई. इसके बाद से विगत दो माह से कोई प्रभार में नही है. जानकारी के अनुसार सरकारी शिक्षक का वेतन प्रत्येक माह तो मिल जा रहा है।

## महिलाओं को सुरक्षा देना मोदी जी का प्रथम लक्ष्य : नीरू शांति भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला के किस्को प्रखंड अंतर्गत सुदूरवर्ती क्षेत्र पाखर पंचायत में किस्को प्रखंड अध्यक्ष मुकेश कुमार साहू की अध्यक्षता में एनडीए गठबंधन का चुनावी सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड आंदोलनकारी लोकप्रिय पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी और आजसू पार्टी की केंद्रीय महासचिव नीरू शांति भगत विशिष्ट अतिथि के रूप में आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भारती एवं भाजपा के जिला महासचिव बालकृष्ण सिंह सम्मानित अतिथि के रूप में आजसू के केंद्रीय सदस्य राजू गुप्ता जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी रामचंद्र गिरि जिला युवा मोर्चा प्रभारी विजय कुमार किस्को की पूर्व प्रमुख एवं भाजपा नेत्री सरिता देवी झारखंड श्रमिक संघ जिला अध्यक्ष बाबूलाल नगसिया,भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता सुरेश लोहरा, बिंदेश साहू के साथ भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए। सभी ने 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव जी को भारी मतों से विजयी बनाकर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का हाथ मजबूत करने का प्रण लिया । सभा को संबोधित करते हुए आजसू नेत्री एवं लोहरदगा विधानसभा की भावी एनडीए प्रत्याशी नीरू शांति भगत ने कहा कि आज पूरे विश्व में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने भारत का डंका बजाने का काम किया है और वह दिन दूर नहीं जब वे तीसरी बार भारत का प्रधानमंत्री बनकर भारत को विश्व की तीसरी महाशक्ति बनाने में कामयाब होंगे । उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से विश्व में भारत एक मजबूत देश बनकर उभरेगा। बाल कृष्णा सिंह ने कहा कि मोदी जी भारत के सभी लोगों को अपना परिवार मानते हैं और परिवार के मुखिया की तरह उनके विकास के लिए काम करते हैं। उनके नजर में जाति-धर्म का कोई भेदभाव नहीं है। ओमप्रकाश भारती ने कहा कि वर्तमान समय में मोदी का नाम ही विकास की गारंटी है उन पर विश्वास रखते हुए 400 पार की मजबूत सरकार बनाने में हम भी महत्वपूर्ण कड़ी का काम करें। जिला प्रवक्ता रामचंद्र गिरि ने अपने संबोधन में कहा हम सभी मिलकर पाखर जैसे सुदूर पहाड़ी क्षेत्र का विकास करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान की झारखंड सरकार की कार्यशैली को झारखंड वासियों के साथ पूरे देश के लोग देख रहे हैं और वर्तमान झारखंड सरकार की काली करतूत और भ्रष्टाचार से झारखंड की पूरे देश में बदनामी हो रही है। रामचन्द्र गिरि ने कहा कि केंद्र द्वारा झारखंड के गरीबों के विकास के लिए भेजे जा रहे पैसे झारखंड के मंत्रियों और उनके रिश्तेदारों कर्मचारियों के यहां निकल रहे हैं। भाजपा नेत्री सरिता देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं की सुरक्षा और उनके सम्मान के लिए जो किया है उसे हम महिलाएं कभी नहीं भूल सकते। सभा का संचालन आजसू प्रखण्ड अध्यक्ष सनिचरवा किसान ने किया जबकि केंद्रीय सदस्य राजू गुप्ता के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन का कार्य किया गया।

### सुखदेव भगत ने भंडरा प्रखंड के विभिन्न गांवों में चलाया सघन जनसंपर्क अभियान

# संविधान और आरक्षण को समाप्त करने की साजिश रच रही है भाजपा : सुखदेव भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सुखदेव भगत ने आज भंडरा प्रखंड के विभिन्न गांवों में बैठकें एवं सघन जनसंपर्क अभियान चलाया?। इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत ने कहा कि भाजपा की मोदी सरकार ने देश में महंगाई, बेरोजगारी, और भ्रष्टाचार को बढ़ाया है। साथ ही देश की संपत्तियों को पूंजीपतियों के हाथों बेच दी है। एक धर्म से दूसरे धर्म को लड़ाकर सत्ता में काबिज रहना चाहती है। यह चुनाव नहीं जंग है। देश की लोकतंत्र और बाबा साहेब के संविधान को बचाने की जंग है। श्री भगत ने कहा कि संविधान में आदिवासी,दलित और पिछड़े वर्गों को दिए गए अधिकारों और आरक्षण को समाप्त करने की साजिश रच रही है। उन्होंने कहा कि देश की दशा और दिशा सही राह में ले जाने के लिए पांच साल में एक बार मौका मिलता है। इसलिए इस मौके को चूके नहीं। भाजपा जब से सत्ता में आई है सिर्फ झूठ की राजनीति कर रही है। ये वही भाजपा है, जिसने सत्ता में आते ही गैसडीजल, पेट्रोल, दवा समेत सभी खाने-पीने की चीजों की कीमतों में अत्यधिक महंगाई बढ़ाकर गरीबों का जीवन को दूभर बना दिया है। कहा कि सत्ता में आने से पहले इन्होंने युवाओं को दो करोड़ नौकरियां देने जैसे कई वादे किए, लेकिन ये जुमलेबाज सरकार ने कोई वादा पूरा नहीं किया। कांग्रेस की सरकार आने पर सभी गरीब परिवारों में एक महिला को प्रतिवर्ष 1,00,000 दिया जाएगा। भंडरा प्रखंड अध्यक्ष जुगल उरांव ने कहा झारखंड के सबसे लोकप्रिय आदिवासी मुख्यमंत्री को साजिश रचकर ईडी के जरिए झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भेजने का काम किया। मोदी सरकार ने तो वन अधिकार को स्थिर करने का काम किया। मोदी की सरकार ने आदिवासी-मूलवासी के हित में काम नहीं किया है। भंडरा प्रखंड के प्रभारी डोमना उरांव ने कहा भाजपा जब-जब सत्ता में आई है एक जाति से दूसरी जाति को, एक धर्म से दूसरे धर्म को लड़ाकर सत्ता में काबिज रहना चाहती है। इसलिए आप कांग्रेस प्रत्याशी सुखदेव भगत जी को हाथ छाप पर बटन दबाकर इंडीया गठबंधन को मजबूत करिए। मौके पर किस्सा साहू, विजय चौहान, इलियास अंसारी, चंदर उरांव, रंजन उरांव, शमीम अंसारी, राधेश्याम साहू आदि उपस्थित थे।

# अबकी बार नहीं होगा भाजपा का बेड़ा पार: मिथिलेश ठाकुर



## मंत्री ने किया मेराल प्रखंड के विभिन्न पंचायतों का दौरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, उत्पाद एवं मद्य निषेद्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बुधवार को मेराल प्रखंड के विभिन्न पंचायतां का दौरा कर लोगों से पलामू लोकसभा क्षेत्र के महागठबंधन प्रत्याशी ममता भुईयां को जीताने की अपील किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने आम जनों से पलामू लोकसभा क्षेत्र के महागठबंधन प्रत्याशी ममता भुईयां को वोट देकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील किया। उन्होने कहा कि पलामू लोकसभा क्षेत्र का संपूर्ण विकास एवं केंद्र में जनसरोकार की सरकार बनाने के लिए ममता भुईयां को वोट करें ताकि सभी लोगों को उनका अधिकार पूरी तरह से मिल सके। मंत्री ने कहा कि महागठबंधन की सरकार ही देश का विकास एवं देश वासियों को उनका हक एवं मान, सम्मान दे सकती है। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अबकी बार 400 पार का नारा लगा रहे हैं। परंतु सच्चाई यह है कि अबकी बार भाजपा का बेड़ा पार नहीं होने वाला है। बेहिचक महागठबंधन प्रत्याशी ममता भुईयां के पक्ष में मतदान करना है। मंत्री श्री ठाकुर ने प्रखंड के पंचायत चामा, दुलदुलवा में मुख्य बस्ती बागीचा में तीसरटेटुका के चिनियां मुख्य मार्ग के समीप करकोमा एवं हासनदाग पंचायत का हासनदाग खेल मैदान में, गोंदा पंचायत के लातदाग में एनएच 75 के समीप, बाना पंचायत के कुम्हार टोला में, गेरूआ पंचायत के देवगाना स्टैंड में, मेराल पूर्व पंचायत के करकोमा रोड में, मेराल पश्चिमी पंचायत के देवी मंदिर के बगल में, तेनार पंचायत के पैकाही स्कूल के बगल में, पडुआ पंचायत के पतहरिया स्कूल के समीप, लोवादाग पंचायत में दुर्गा मंडप के समीप, संगबरिया पंचायत में बनुआ स्कूल के समीप, अरंगी पंचायत में पंचायत भवन के समीप तथा विकताम पंचायत में कमरमा नदी के समीप आयोजित कार्यक्रम में जनसभा को संबोधित किया। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, पूर्व मुखिया विजय सिंह, अतहर अली, अशरफी राम, शंभू राम, यासीन अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष दशरथ प्रसाद सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# राजनेताओं की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने की लड़ाई लड़ रहीं बेटियां और पत्नियां

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अक्सर देखा जाता है कि राजनेताओं की राजनीतिक विरासत को उनके बेटे ही संभालते हैं लेकिन झारखंड में नया ट्रेंड देखने को मिल रहा है। यहां राजनेताओं की बेटियां और पत्नियां उनकी राजनीतिक विरासत को संभाल रही हैं। इनमें कल्पना सोरेन, अनुपमा सिंह, अन्नपूर्णा देवी, सीता सोरेन, जोबा मांझी, गीता कोड़ा, निर्मला देवी, अंबा प्रसाद, शिल्पी नेहा तिर्की और यशस्विनी सहाय जैसे नाम प्रमुख हैं। ये पिता या पति की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने की लड़ाई लड़ रही हैं। इसकी शुरूआत बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद के साथ हुई। पिता योगेंद्र साव के जेल जाने के बाद बेटी अंबा प्रसाद ने चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। शिल्पी नेहा तिंर्की भी पिता बंधु तिर्की की राजनीतिक विरासत को संभाल रही हैं। इस कड़ी में यशस्विनी सहाय का नाम भी आता है जो पिता सुबोधकांत सहाय की राजनीतिक विरासत को संभालने के लिए चुनावी मैदान में हैं। यह अलग बात है कि बेटियों के चुनावी मैदान में कूदने के कई कारण और परिस्थितियां बनीं। योगेंद्र साव के जेल जाने के बाद उनकी पत्नी निर्मला देवी बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ीं। जनता ने निर्मला देवी का साथ दिया और वह विधायक बनीं लेकिन कई आपराधिक मामलों में फंसने की वजह से निर्मला देवी को भी जेल जाना पड़ा। ऐसे में उनकी बेटी अंबा प्रसाद को 2019 के विधानसभा चुनाव में बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ाना पड़ा। अंबा चुनाव जीत कर परिवार की राजनीतिक विरासत को बचाने में सफल रहीं। इसी तरह बंधु तिर्की को कोर्ट से सजा मिलने के बाद विधानसभा की सदस्यता खत्म हो गई। उन्होंने राजनीतिक विरासत बचाने के लिए बेटी शिल्पी नेहा तिर्की को मांडर विधानसभा क्षेत्र में हुए उप चुनाव में खड़ा कर दिया। शिल्पी भी चुनाव जीत गई। इस बार झारखंड से लोकसभा चुनाव लड़ने में पत्नियां भी पीछे नहीं हैं। दिवंगत दुर्गा सोरेन की पत्नी और झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन को परिवार में सम्मान नहीं मिला तो भाजपा में शामिल हो गई। भाजपा ने दुमका से सीता सोरेन को उतारा है। कांग्रेस ने विधायक अनूप सिंह की पत्नी अनुपमा सिंह को धनबाद से टिकट दिया है। इधर, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन पहले ही पार्टी कमान संभाल चुकी हैं। वे गांडेय विधानसभा सीट पर उप चुनाव लड़ रही हैं। इसके अलावा पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा को भाजपा ने सिंहभूम से प्रत्याशी बनाया है। इनके अलावा अन्नपूर्णा देवी और जोबा मांझी समेत कई अन्य महिलाएं भी राजनीति में पति की राजनीतिक विरासत संभाल रही हैं।




### कल्पना सोरेन ने गांडेय से राजनीतिक जीवन की शुरूआत की

झारखंड के सबसे बड़े राजनीतिक परिवारों में से एक सोरेन परिवार में शादी के 18 वर्ष गुजारने के बाद कल्पना सोरेन की गांडेय से राजनीति में एंट्री हुई। वह गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव में झामुमो की प्रत्याशी हैं। कल्पना सोरेन की राजनीति में एंट्री पति हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद हुई थी। वह इंडी गठबंधन की मुंबई, दिल्ली व रांची में रैली में पार्टी की तरफ से सक्रिय भूमिका निभा चुकी हैं। हेमंत सोरेन के बाद वह पार्टी की सबसे लोकप्रिय चेहरा हैं, जिससे पार्टी कार्यकर्ता को ऊर्जा मिलती है। पार्टी के स्थापना दिवस के कार्यक्रम में वह गिरीडीह में मौजूद थीं।

### अनुपमा सिंह ने धनबाद से की राजनीतिक जीवन की शुरूआत

झारखंड के दिग्गज राजनीतिक घराने से ताल्लुक रखने वाली अनुपमा सिंह धनबाद से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में राजनीतिक जीवन की शुरुआत कर रही हैं। इसी साल जनवरी में जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर झारखंड में थे, तो विधायक पति जयमंगल सिंह के हैदराबाद प्रवास के दौरान उनकी पत्नी अनुपमा सिंह ने न्याय यात्रा को सफल बनाने के लिए मोर्चा संभाल लिया था।

राहुल गांधी धनबाद और बोकारो के जिस रास्ते से गुजरे अनुपमा सिंह पूरे रास्ते उनके साथ रहीं। इसी समय से उनके चुनाव लड़ने की अटकलें शुरू हो गई। अनुपमा सिंह के पति तो कांग्रेस के विधायक हैं ही।

उनके दिवंगत ससुर राजेंद्र सिंह बिहार और झारखंड के बड़े मजदूर नेता रहे हैं। वो बेरमो सीट से छह बार विधायक रहे। दोनों राज्यों की सरकारों में कैबिनेट मंत्री भी रहे। बहरहाल, अब यह देखना दिलचस्प होगा की राज्य की जनता किस-किस की राजनीतिक विरासत पर मुहर लगाती है।

# जम्मू-कश्मीर के लोगों का अधिकार छीनने के लिए 2019 से चल रहे हैं प्रयास : महबूबा



**एजेंसी**

**श्रीनगर :** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को कहा कि 2019 से जम्मू-कश्मीर के लोगों को उनके अधिकारों से वंचित करने के लिए अंतहीन प्रयास चल रहे हैं। इसके बाद अनुच्छेद 370 और 35 (ए) के तहत क्षेत्र के विशेष दर्जे को रद्द कर दिया गया, जिसके कारण पूर्व राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू और कश्मीर और लद्दाख में बदल दिया गया। बडगाम जिले के चदूरा इलाके में आयोजित एक जनसभा के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने इस बात पर जोर दिया कि 2019 में जम्मू और कश्मीर के लोगों की अधीनता समाप्त नहीं हुई। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों के अधिकारों का उल्लंघन किया जा रहा है, निवासियों को उनकी भूमि से बेदखल किया जा रहा है। बिजली को बड़ी हुई दरों पर प्रदान किया जा रहा है, जबकि देश के अन्य हिस्सों में यह सस्ती दरों पर दी जाती है। मुफ्ती ने कहा कि यह

**बडगाम जिले के चदूरा इलाके में आयोजित एक जनसभा के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने इस बात पर जोर दिया कि 2019 में जम्मू और कश्मीर के लोगों की अधीनता समाप्त नहीं हुई।**

दृष्टिकोण जम्मू-कश्मीर के लोगों को अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि पीडीपी जम्मू-कश्मीर के लोगों के दिलों में बसती है। वे जानते हैं कि इस पार्टी ने लोगों के कल्याण और भलाई के लिए क्या योगदान दिया है। उन्होंने दिवंगत मुफ्ती मोहम्मद सईद के कार्यकाल के उदाहरणों का हवाला दिया, जैसे कि इखवान और स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) जैसे अर्धसैनिक समूहों को भंग करना, पोटा जैसे कठोर कानूनों को निरस्त करना और मुजफ्फराबाद रोड को खोलना पार्टी के प्रयासों के सबूत के रूप में हैं।

# सोशल मीडिया कैम्पेन में भाग लेने वाले सभी अंबेसडरों के प्रति मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जताया आभार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के कार्यालय द्वारा #MainBhiElectionAmbassador हैशटैग अभियान ट्रेंड में रहा। इस अभियान में सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला सूचना जनसम्पर्क पादधिकारी के स्तर पर सभी स्वीप कार्यक्रमों का डिजिटल कंटेंट तैयार कर 7 मई को संध्या 6 से 8 बजे के बीच अपने-अपने सोशल मीडिया हैंडल से पोस्ट किए गए। इसके साथ सीबीएसई एवं आईसीएसई स्कूलों के सोशल मीडिया हैंडल से भी स्कूल के बच्चों द्वारा किये गए मतदाता जागरूकता के कार्यों जैसे, अपने अभिभावकों को पत्र, पोस्टर आदि के डिजिटल रूप को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया। इस दौरान सभी जिले में हुए अबतक के स्वीप कार्यक्रम जैसे, प्रभातफेरी, मैराथन आदि की तस्वीरें भी सोशल मीडिया हैंडल्स से साझा की गई।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के नेतृत्व में किये गए सभी जिलों के प्रयास से कैम्पेन सफल रहा। इसे लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अभियान से जुड़े सभी मतदाताओं, पदाधिकारियों, कर्मचारियों, सोशल मीडिया के इंफ्लुएंसर, मीडिया के प्रतिनिधियों, निर्वाचन हेतु सभी जिलों में गठित मीडिया सेल के कर्मियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान के प्रति मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए आयोजित इस सफल अभियान में सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर लाखों की संख्या में पोस्ट हुए। इस तरह के अभियान से सोशल मीडिया से जुड़े मतदाताओं को जागरूक करने में सहायता प्राप्त होती है।

# विरासत का करना है सम्मान : योगी आदित्यनाथ

**एजेंसी**

**कानपुर :** अकबरपुर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार देवेन्द्र सिंह भोले के पक्ष में पतारा में जनसभा कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अकबरपुर का नाम बदलना है। बार-बार अकबरपुर का नाम लेने में भी संकोच होता है। इस गुलामी के निशान को समाप्त करना है। यह नाम ही सही नहीं है और विरासत को बचाना है। आपका वोट इस नाम को ही बदल देगा। हम विकास और विरासत को साथ-साथ लेकर चल रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि पूरे देश में एक ही आवाज गूंज रही है, फिर एक बार मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार। इस नारे ने ऐसा जादू किया है कि विपक्षी चारों खाने चित्त हो गए हैं। जब उन्हें कुछ समझ नहीं आ रहा है तो भारत के खिलाफ साजिश में लिप्त हो गए हैं।विपक्षी दलों के बयानों को पढ़ने से स्पष्ट हो चुका है कि ये चुनाव रामभक्त और रामद्रोहियों के बीच में हैं। जो रामभक्त हैं वही राष्ट्रभक्त भी हैं। ये केवल सरकार बनाने का चुनाव नहीं है। एक तरफ मोदी जी के नेतृत्व में देश को नए और आत्मनिर्भर भारत के रूप में स्थापित किया जा रहा है, दूसरी तरफ रामद्रोही हमें जाति, क्षेत्र के नाम पर लड़ाने का काम कर रहे हैं। आतंकियों का महिमामंडन और माफिया को गले का हार बनाया जा रहा है। अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ी जाति के अधिकारों को अल्पसंख्यकों को देने की साजिश रची जा रही है।

# आकाश आनंद पर क्यों हुआ एक्शन?



**एजेंसी**

**लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी की नई पीढ़ी के तौर पर पार्टी में अहम पदों पर काबिज किए गए आकाश आनंद महज पांच महीने ही नेशनल कोआर्डिटनेटर रह पाए। आकाश को बीते वर्ष दिसंबर में लखनऊ में हुए पदाधिकारियों के सम्मेलन में मायावती ने अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था।

हालांकि, उन्होंने आकाश को यूपी और उत्तराखंड से दूर रखने का निर्णय भी लिया था। इसके बावजूद लोकसभा चुनाव आने पर आकाश आनंद ने बसपा की जनसभाओं की शुरुआत नगीना से की। जानकारों की मानें तो इस जनसभा में उन्होंने आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष एवं नगीना के प्रत्याशी चंद्रशेखर आजाद उर्फ रावण पर सीधा हमला बोला, जो बसपा नेतृत्व को रास नहीं आया।आकाश के इस रुख का सियासी फायदा चंद्रशेखर को मिलने की संभावना जताई जाने लगी। इसके बाद उन्होंने सीतापुर में दिए अपने भड़काऊ भाषण से पार्टी नेतृत्व को नाराज करने मे कोई कसर बाकी नहीं रखी। दरअसल, उनके भाषण की वजह से बसपा के जिलाध्यक्ष विकास राजवंशी, लखीमपुर के प्रत्याशी अंशय कालरा, धौरहरा के प्रत्याशी श्याम किशोर अवस्थी, सीतापुर के प्रत्याशी महेंद्र सिंह यादव पर भी मुकदमा हो गया। सूत्रों की मानें तो बसपा सुप्रीमो ने सीतापुर के प्रकरण के बाद आकाश आनंद के प्रचार पर रोक लगा दी थी। इसके बावजूद वह लगातार दिल्ली में रहकर प्रचार-प्रसार कर रहे थे। उन्होंने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के छात्रों, दिल्ली विश्वविद्यालय के शिक्षकों, विदेश में बसे बहुजन समाज के लोगों के साथ संपर्क करते हुए बसपा का प्रचार करते रहे। उन्होंने ऐसे मुद्दों को भी हवा दी, जिससे बसपा नेतृत्व किनारा करता रहा है। वहीं बसपा सुप्रीमो खुद भी लगातार चुनाव की आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने पर चुनाव आयोग से सख्त कार्रवाई करने की मांग लगातार कर रही थीं, ऐसे हालात में उन्होंने सबसे पहले अपने उत्तराधिकारी पर ही गाज गिराकर बड़ा संदेश देने की कोशिश की है।

### क्या है सीतपुर प्रकरण?

बता दें कि आकाश आनंद ने सीतापुर में जनसभा के दौरान भाजपा नेताओं की तुलना आतंकवादियों से की थी। साथ ही, उन्हें जूतों से मारने की बात कही थी। आकाश आनंद के इस भड़काऊ भाषण के बाद उनके खिलाफ मुकदमा भी दर्ज हुआ था, जिसमें पार्टी के तीन प्रत्याशियों को भी नामजद किया गया था। बसपा सुप्रीमो मायावती ने इसे बेहद गंभीरता से लेते हुए आकाश आनंद की रैलियों के आयोजन पर रोक लगा दी थी। बसपा सुप्रीमो ने मंगलवार को एक्स पर बयान जारी करके उनको नेशनल कोआर्डिटनेटर के पद और अपने उत्तराधिकारी की जिम्मेदारी से हटाने का एलान किया। हालांकि उन्होंने आकाश आंनद के पिता और अपने भाई आनंद कुमार को पार्टी व मूवमेंट के हित में पहले की तरह अपनी जिम्मेदारी निभाते रहने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि बसपा का नेतृत्व पार्टी व मूवमेंट के हित में एवं डॉ. आंबेडकर के कारवां को आगे बढ़ाने में हर प्रकार का त्याग व कुर्बानी देने से पीछे हटने वाला नहीं है।

